CMYK

दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चूरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

वर्ष : 11 अंक :60 | डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 | जयपुर, शुक्रवार 20 मार्च, 2026 | RNI.No.RAJHIN/2016/70162 | मूल्य : 1.50 रुपए | पृष्ठ : 8+4

## पीएम मोदी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में राजस्थान की रहेगी बड़ी भूमिका : भजनलाल शर्मा

### हीरापुर बस टर्मिनल पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 207 नई बसों को हरी झंडी दिखाई इस मौके पर उपमुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बेरवा, सांसद मंजू शर्मा और रोडवेज के अधिकारी रहे मौजूद, मुख्यमंत्री शर्मा ने बस में बैठकर बस का बारीकी से निरीक्षण भी किया

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश में पिछले करीब सवा दो साल में राजस्थान रोडवेज के बेड़े में लगातार वृद्धि हो रही है प्रदेश सरकार के प्रयासों से समय-समय पर बस की संख्या में वृद्धि की जा रही है। जिसकी वजह से प्रदेश में रोडवेज बस संचालन की व्यवस्था पहले की तुलना में ज्यादा मजबूत हुई है और यात्रियों को पहले की तुलना में सफर करने में ज्यादा आसानी और ज्यादा सुविधा भी मिल रही है । जानकारी के अनुसार राजस्थान दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को राजधानी जयपुर के हीरापुर टर्मिनल पर 207 नई अनुबंध बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री शर्मा ने इन नई बसों का बारीकी से निरीक्षण भी किया, राजस्थान रोडवेज के सर्विस मॉडल को मजबूत बनाने की दिशा में यह एक बहुत बड़ा कदम माना जा रहा है बसों को हरी झंडी दिखाने से पहले मुख्यमंत्री शर्मा ने नई अनुबंधित बसों का विधिवत रूप से पूजन किया। इसके बाद उन्होंने हरी झंडी दिखाकर इन सभी बसों को रवाना किया इस मौके पर उपमुख्यमंत्री और परिवहन मंत्री डॉ



प्रेमचंद बेरवा और जयपुर सांसद मंजू शर्मा के अलावा रोडवेज के अन्य सभी बड़े अधिकारी मौजूद रहे। इन बसों में 100 लाइनब्लू लाइन एक्सप्रेस,79 नॉन एसी स्टार लाइन और 28 एसी बस शामिल हैं यह सभी बसें प्रदेश के विभिन्न रूट पर बेहतर और आधुनिक परिवहन सुविधा उपलब्ध करवाएगी नई बसों के संचालन से यात्रियों को अधिक आरामदायक सुरक्षित और समयबद्ध यात्रा का लाभ मिलेगा कार्यक्रम के दौरान सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए 700 महिला सड़क सुरक्षा अग्रदूतों को हेलमेट भी वितरित किए गए यह पहल राज्य में सड़क हादसों को कम करने की दिशा मे महत्वपूर्ण मानी जा रही है इस अवसर पर रोडवेज के अध्यक्ष भास्कर ए सावंत परिवहन सचिव सूची त्यागी और परिवहन आयुक्त पुरुषोत्तम शर्मा सहित कई अन्य जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे, इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के विजन और संकल्प को पूरा करने की दिशा में पिछले सवा दो साल में राजस्थान में हर विभाग और क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य हुए हैं हमारी सरकार दूरगामी सोच और दूरगामी चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए नीतियां तैयार करके जनकल्याणकारी कार्यक्रम और प्रोजेक्ट शुरू कर रही है ताकि भविष्य में हमें किसी भी परेशानी और चुनौती का सामना करना नहीं पड़े उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने पिछले दो सवा दो साल में सड़क कनेक्टिविटी में अच्छा कार्य किया है एक तरफ जहां प्रदेश में हाईवे स्टेट हाईवे और सड़कों का निर्माण हो रहा है तो दूसरी तरफ रोडवेज की बसों में बढ़ोतरी की गई है और रोडवेज संचालक को पहले की तुलना में काफी मजबूत किया गया है ताकि यात्रियों को अच्छी सुविधा और आरामदायक सफर मिल सके उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार के दिशा निर्देशन और मार्गदर्शन में प्रदेश में रेल और वायु कनेक्टिविटी में भी जबरदस्त इजाफा हुआ है जिसकी वजह से प्रदेश के पर्यटन को भी बढ़ावा मिला है और व्यापार जगत से जुड़े लोग भी अब राजस्थान में इन्वेस्ट करने में जबरदस्त रुचि दिखा रहे हैं इसीलिए राइजिंग राजस्थान में 35 लाख करोड़ के समझौता में 8 लाख करोड़ के समझौते धरातल पर आ गए हैं ।

## भजनलाल शर्मा के प्रदेश के शहरों और गांव को विकसित और खुशहाल बनाने के युद्ध स्तर पर प्रयास : मास्टर प्लान शिवरों का किया शुभारंभ

***राजस्थान दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने ग्राम और वार्डों के लिए मास्टर प्लान का किया आगाज, जिला कलेक्टर और विभिन्न अधिकारियों के साथ मैराथन बैठक आयोजित करके दिए दिशा निर्देश, बैठक में मुख्य सचिव श्रीनिवास और विभिन्न विभागों के सभी बड़े अधिकारी रहेमौजूद***

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को प्रदेश के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले लोगों को बड़ी सौगात दी है यह सौगात एक तरफ जहां प्रदेश के सभी छोटे-बड़े शहर और गांव के व्यवस्थित विकास और जन सुविधाओं से जुड़ी हुई है तो दूसरी तरफ शहर और गांव में युवाओं और महिलाओं को स्थानीय स्तर पर ही रोजगार के अवसर उपलब्ध करवा कर उन्हें आत्मनिर्भर और स्वावलंबन बनाने से भी जुड़ी हुई है। प्रदेश के सभी गांव और शहर का व्यवस्थित तरीके से बसावट हो ताकि दूर से ही हर गांव और शहर का एक अलग लुक और अंदाज सबको नजर आए इसी भावना से प्रदेश की भजनलाल सरकार ने प्रदेश के ग्राम और वार्डों के लिए मास्टर प्लान का शुभारंभ गुरुवार को किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश के कई जिलों के कलेक्टर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भी बात की तथा मुख्यमंत्री आवास पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ मैराथन बैठक आयोजित करके प्रदेश के शहर और गांव के विकास कल्याण और बसावट के बारे में सरकार के विजन को बताया और हर हाल में सरकार के विजन को सफलतापूर्वक संपादित करने के लिए अधिकारियों को दिशा निर्देश भी दिए जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजस्थान दिवस पर प्रदेश की ग्राम पंचायत और शहरी वार्डों के लिए मास्टर प्लान शिविरों का शुभारंभ किया । इस ऐतिहासिक पहल का उद्देश्य आधुनिक सुविधाओं और सांस्कृतिक विरासत के समन्वय से समावेशी विकास सुनिश्चित करना है, यह योजना आगामी दशकों की चुनौतियों के लिए राज्य का प्रगतिशील रोड मैप तैयार करेगी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि इन शिविर के माध्यम से राज्य सरकार आने वाले दशकों की चुनौतियों और आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए समग्र विकास का रोड मैप तैयार कर रही है उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य गांव और शहर दोनों को समान रूप से मूलभूत सुविधाओं से सूचित करना है ताकि संतुलित और समावेशी विकास सुनिश्चित हो सके मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि यह मास्टर प्लान नए राजस्थान की दिशा तय करेगा और राज्य की विकास यात्रा को गति देगा उन्होंने जोर देकर कहा कि इस योजना के जरिए आधुनिक सुविधाओं और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का संतुलित समन्वय स्थापित किया जाएगा उन्होंने विश्वास जताया कि यह पहला प्रदेश के समग्र और दीर्घकालिक विकास में मिल का पत्थर साबित होगी ।

### भ्रष्टाचार और अवैध कब्जे पर अंकुश लग सकेगा

जानकार लोगों का कहना है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की इस पहल से एक तरफ जहां शहर और गांव में अतिक्रमण अवैध कब्जे जैसी गतिविधियों पर अंकुश लगेगा तो दूसरी तरफ कहीं ना कहीं भ्रष्टाचार पर भी अंकुश लगेगा जानकारी लोगों का कहना है कि प्रदेश के शहर के साथ-साथ ग्रामीण इलाकों में भी जमीनजायदाद का कारोबार तेजी से बढ़ रहा है जमीन जायदाद कारोबार से जुड़े लोग और भूमाफिया शहर के बाद अब ग्रामीण इलाकों में मिली भगत के खेल से सरकारी जमीन चारागाह इत्यादि पर बुरी नजर रखे हुए हैं कई जगहों पर सरकारी जमीनों और पंचायत की जमीनों पर जबरन कब्जे भी किए हुए हैं ऐसे में अगर हर पंचायत स्तर पर पंचायत का मास्टर प्लान बनाकर विकास किया जाए इसी तरह से छोटे-बड़े शहर और कस्बे का मास्टर प्लान बनाकर विकास किया जाए तो फिर अतिक्रमण और अवैध कब्जे नहीं हो पाएंगे इसलिए भजनलाल सरकार का यह नवाचार वास्तव में प्रदेश के शहर और गांव में एक नया वातावरण पैदा करेगा जिसमें प्रदेश की सभी ग्राम पंचायत के विकास कार्यों को तेज गति से संबल मिलेगा ।

## भजनलाल शर्मा ने राजस्थान दिवस पर प्रदेशवासियों को दी शुभकामनाएं और कहा प्रदेश के विकास में भरपूर सहयोग करें

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को राजस्थान दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि आज का दिन राजस्थान की आस्था, विरासत, समृद्धि और वीरता के साक्षात्कार करने का दिन है। उन्होंने कहा कि गुरुवार का दिन प्रदेश के लिए काफी सौभाग्यशाली दिन है इस दिन एक तरफ जहां चैत्र नवरात्र के स्थापना से प्रदेश में सुख समृद्धि और माता रानी



का आशीर्वाद हम पर बरस रहा है तो दूसरी तरफ हम अपने ऐतिहासिक राजस्थान की विरासत कला संस्कृति वीरता सभ्यता इत्यादि का दर्शन कर रहे हैं ।उन्होंने कहा कि राजस्थान कि पूरे देश में अपनी एक अलग महिमा और पहचान है और हमने पिछले सवा दो साल में राजस्थान को हर क्षेत्र में तेजी से विकास के पद पर आगे बढ़ाया है । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के सपने को साकार करने की दिशा में हमने पिछले सवा दो साल में हर क्षेत्र में बड़े-बड़े निर्णय लिए। बड़े-बड़े फैसले लिए जिसका अच्छा असर देखने को मिल रहा है राजस्थान में एक क्रांतिकारी बदलाव का दौर शुरू हुआ है जिसमें पहले की तुलना में जहां राजस्थान के प्रत्येक व्यक्ति की इनकम में बढ़ोतरी हुई है तो दूसरी तरफ पानी, बिजली, सड़क, शिक्षा, चिकित्सा, उद्योग, रोजगार, महिला सुरक्षा ,पुलिसिंग इत्यादि सभी क्षेत्रों में सवा दो साल में ऐतिहासिक कार्य किए हैं जिसकी वजह से राजस्थान तेजी से विकास के पथ पर अग्रसर है मुख्यमंत्री शर्मा ने प्रदेशवासियों से अपील की की विकसित राजस्थान बनाने के प्रयासों में प्रदेश के सभी लोग अपनी बड़ी भूमिका अदा करें ताकि राजस्थान एक खुशहालऔर विकसित राजस्थान बनाकर पूरे देश में नंबर वन स्टेट की पोजीशन में पहुंच सके ।

## दौसा में चारागाह विकास का सफल मॉडल बना मिसाल: राज्यवर्धन सिंह राठौड़

**जयपुर(कासं.)।** गुरुवार को उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ दौसा के एक दिवसीय प्रवास पर रहे। दौसा की एक दिवसीय इस यात्रा में कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने ग्राम नांगल गोविंद में किए जा रहे चारागाह विकास कार्यों का जायजा लिया और परियोजनाओं की प्रगति का अवलोकन भी किया। उन्होंने बताया कि नांगल गोविंद में नेपियर घास और मोरिंगा जैसे पौधों के माध्यम से एक अच्छा मॉडल देखने को मिल रहा है जिससे पशुओं के लिए सालभर हरा चारा उपलब्ध रहता है और इससे किसानों की आय भी बढ़ रही है। पशुओं में दूध उत्पादन में भी इसका सीधा फायदा हो रहा है। नेपियर घास का सबसे बड़ा फायदा ये है कि यह जल्दी बढ़ती है और बार-बार काटी जा सकती है। वहीं दूसरी ओर मोरिंगा के भी कई उपयोग हैं इससे यह मॉडल और मजबूत बनता है। इस खेती की सबसे सबसे अच्छी बात यह है कि किसानों को कम लागत में ज्यादा उत्पादन हो रहा है और मिट्टी की गुणवत्ता भी बेहतर हो रही है।

कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ खेती के इस मॉडल को देखकर काफी प्रभावित हुए। उन्होंने कहा कि उन्नत किसान की अवधारणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के विजन की प्राथमिकता है। वे हमेशा किसानों की प्रगति का समर्थन करते रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसमें एक ही प्रयास से रोजगार, पोषण और जमीन की सेहत तीनों बड़े फायदे किसानों को सीधे मिल रहे हैं- यही है असली विकास।

## एक्टिव आईपीएस की एक्टिव वर्किंग स्टाइल : पहले ही दिन प्रशांत किरण ने फरियादियों का जीता दिल

**जयपुर डीसीपी वेस्ट प्रशांत किरण ने गुरुवार को कामकाज संभाला, सबसे पहले फरियादियों से मुलाकात कर उनकी पीड़ा को दूर करने का किया प्रयास**



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** वर्ष 2021 बैच के आईपीएस अधिकारी प्रशांत किरण ने गुरुवार को काम का संभालने के पहले ही दिन सबसे पहले कार्यालय में आए फरियादियों की समस्याएं सुनकर उन्हें राहत देने का प्रयास कर अपनी वर्किंग स्टाइल की अमिट छाप छोड़ दी है । आमतौर पर चाहे कोई सा भी विभाग हो अगर कोई बड़ा अधिकारी नई जगह पर कार्यभार ग्रहण करता है तो वह सबसे पहले अपने विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक करता है। लेकिन प्रशांत किरण ने गुरुवार को कार्यभार ग्रहण करने के तुरंत बाद सबसे पहले कार्यालय में आए फरियादियों की समस्याओं को सुनकर उनके निदान करने का प्रयास किया। प्रशांत किरण के इस व्यवहार और कार्य शैली की वहां मौजूद लोग काफी देर तक प्रशंसा भी करते रहे। उन्होंने जिस गंभीरता और जिस मानवीय भाव के साथ पीड़ितों की समस्याओं को सुना उसके बाद पीड़ितों के मायूस चेहरे पर थोड़ी चमक भी देखने को मिली, पीड़ितों को लगा जैसे उन्हें अब न्याय मिलकर ही रहेगा। हालांकि पहले ही दिन किसी अधिकारी के कामकाज की विवेचना करके निष्कर्ष निकालना जल्दी बाजी होगी लेकिन इतना जरूर है कि प्रशांत किरण ने पहले ही दिन अपने तेवर, मिजाज और कार्य शैली की जो मामूली झलक दिखाई है उससे ऐसा जरूर आभास होता है कि यह झलक जयपुर डीसीपी वेस्ट इलाके के लोगों को राहत देने की एक बड़ी उम्मीद दिखा रही है । हालांकि बतौर एसपी के रूप में प्रशांत किरण को कार्य करने का यह दूसरा ही मौका मिला है। इससे पहले प्रशांत किरण भिवाड़ी में एसपी पद पर नियुक्त थे जहां उन्होंने काफी हद तक संगठित अपराध ग्रुप की गतिविधियों पर अंकुश लगाने में सफलता हासिल कर ली थी तो दूसरी तरफ साइबर क्राइम से जुड़े लोगों के नाक में नकेल भी डाली। इसीलिए भिवाड़ी जैसे संवेदनशील और औद्योगिक इलाके के लोग प्रशांत किरण को अब काफी मिस भी कर रहे हैं । भिवाड़ी के बाद अब इन्हें जयपुर पश्चिमी इलाके में यह जो महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है यह जिम्मेदारी नौजवान, जांबाज, कर्मठ और ईमानदार ऑफिसर के लिए एक नए अध्याय लिखने की तरह है क्योंकि भिवाड़ी और जयपुर के क्राइम में कुछ समानता भी है तो कुछ असमानता भी इसलिए यहां जयपुर में अपराधों पर अंकुश लगाने और आमजन में पुलिस के प्रति भरोसा पैदा करने के लिए प्रशांत किरण को नए प्रयोग और नवाचार भी करने पड़ सकते हैं ।

जयपुर वेस्ट इलाका शहरी और ग्रामीण दोनों परिस्थितियों से जुड़ा हुआ है, इस इलाके के कई थानों में जमीन का कारोबार चरम सीमा पर है जहां जमीन का कारोबार होता है वहां पर अपराध जगत से जुड़े लोग भी जबरदस्त तरीके से सक्रिय हो जाते हैं। जिसकी वजह से इलाके में अशांति का माहौल बने रहने की भी संभावना रहती है इसलिए शहरी और ग्रामीण इलाके के जुड़े रहने से यहां चोरी नाक बजनी डकैती जैसी वारदातें भी कई बार देखने को मिल जाती है। इसके अलावा संगठित अपराध ग्रुप से जुड़े लोगों की इलाके में आवाजाही सामान्य सी बात है तो दूसरी तरफ इलाके में कई जगह पर रीको औद्योगिक क्षेत्र भी स्थापित हैं जहां बिहार , मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल और अन्य राज्यों से आए लोग बड़ी संख्या में विभिन्न फैक्ट्री में कार्य कर रहे हैं ऐसे में इलाके में छोटी बड़ी गतिविधियों पर पुलिस की कड़ी निगरानी रखना पुलिस के लिए बड़ी चुनौती है। पिछले दिनों कालवाड़ इलाके में एक ही गांव में बड़ी संख्या में चोरी की वारदात हुई थी जो यह बताती है कि अगर पुलिस का दिन और रात की निगरानी मजबूत नहीं होगी तो गर्मी के दिनों में इस तरह की चोरी की वारदात फिर से देखने को मिल सकती है। इसलिए जहां तक हो सके वहां तक अगर थाना स्तर पर पुलिस की कार्यशैली, पुलिस की मॉनिटरिंग, बीट व्यवस्था मजबूती से लागू कर दी जाए तो फिर पुलिस की चुनौतियां और समस्याएं आधी तो अपने आप ही समाप्त हो जाए हालांकि प्रशांत किरण ने भिवाड़ी और अन्य जगहों पर प्रदेश में अपनी नियुक्ति के दौरान शानदार परफॉर्मेंस दिखाकर पुलिस मुख्यालय और सरकारों को काफी प्रभावित किया है। इसलिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इनके परफॉर्मेंस और उनकी ईमानदारी से प्रेरित होकर इन्हें जयपुर वेस्ट जैसे संवेदनशील जिले की कमान दी है अब देखने वाली बात यह है कि प्रशांत किरण जो अब से पहले अपनी करीब 5 साल की छोटी सी नौकरी के कार्यकाल में उत्कृष्ट प्रदर्शन की पटकथा लिखते आ रहे हैं वे आगे भी इसी तरह के प्रदर्शन की पटकथा यहां जयपुर वेस्ट में भी लिखेंगे ऐसी सबको उम्मीद है ।

### साइबर क्राइम के मामलों के निस्तारण में माहिर हैं प्रशांत किरण

जानकार लोगों का कहना है कि प्रशांत किरण काफी इंटेलिजेंट और चतुर ऑफिसर हैं, सोशल मीडिया, फेसबुक, व्हाट्सएप, गूगल, ईमेल,और अत्यधिक संचार सुविधाओं यंत्र उपकरण इत्यादि सभी के बारे में भरपूर जानकारी रखते हैं इसलिए साइबर क्राइम से जुड़े मामलों के निस्तारण में इन्हें एक माहिर अधिकारी माना जाता है भिवाड़ी में भी साइबर क्राइम से जुड़े कई मामलों का इन्होंने शानदार तरीके से निस्तारण किया था।




CMYK

# अलवर जयपुर टाइम्स

जयपुर, शुक्रवार
20 मार्च, 2026


## अलवर के इतिहास में पहली बार आयोजित होगा चेस का रेटिंग टूर्नामेंट, राज्य के 170 से अधिक खिलाड़ी तीन दिन तक लड़ाएंगे मोहरे

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** राजस्थान राज्य स्तरीय अंडर 17 (ओपन एंड गर्ल्स) सिलेक्शन फिडे रेटेड चैंपियनशिप का आयोजन पहली बार अलवर के आशीर्वाद गार्डन में 20 मार्च से आयोजित होगा। टूर्नामेंट डायरेक्टर डॉ राकेश गुप्ता ने बताया कि ऑल इंडिया चेस फेडरेशन एवं राजस्थान शतरंज संघ द्वारा दिनांक 20, 21, 22 मार्च को यह जिम्मेदारी अलवर जिला शतरंज संघ को दी गई है। अलवर जिले के इतिहास में ऐसा पहली बार हो रहा है कि शतरंज खेल में रेटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिसमें विजेता खिलाड़ियों को 51000 रुपए इनामी राशि दी जाएगी। जिला संघ सचिव हरिओम भड़ाना ने बताया कि यह प्रतियोगिता तीन दिन में 9 राउंड में आयोजित होगी जिसमें राजस्थान के 170 खिलाड़ी प्रतिभागी होंगे। इस दौरान चतुरंग फाउंडेशन चेयरमैन अरुण जोशी, चीफ डे मिशन प्रमोद गुप्ता, हर्षवर्धन जोशी, रजनीश जैमन, यश सोमवंशी, प्रेरणा, प्रदीप, नवीन शर्मा मौजूद रहे।

## श्याम बाबा के जागरण से पहले विघ्नहर्ता श्री गणेश महाराज को निमंत्रण दिया

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** श्री श्याम परिवार सेवा समिति अलवर द्वारा चतुर्दशम श्री श्याम वंदना का आयोजन 11 अप्रैल को दशहरा मैदान में किया जाएगा। प्रवक्ता महेंद्र गोयल ने बताया कि गुरुवार को श्री श्याम परिवार सेवा समिति के द्वारा प्रथम निमंत्रण लाल डिग्गी स्थित गणेश महाराज मंदिर को दिया गया, इसके पश्चात समिति ने अयोध्या धाम के श्री श्री 108 गंगादास महाराज को भी निमंत्रण दिया इस दौरान श्याम परिवार सेवा समिति के अध्यक्ष रूपेश जैन, महामंत्री जयप्रकाश जैन, सहकोषाध्यक्ष किशोर गेरा, कार्यक्रम संयोजक धर्मेंद्र मिश्रा, मनीष जैन क्षितिज माथुर, संरक्षक कमल जैन, यश भार्गव, नवीन जैन, चिराग जैन, नारायण सैनी, अंकित अग्रवाल सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## टॉफी दिलाने के बहाने बच्ची को ले जाने लगा युवक

### छत से पड़ोसी के शोर मचाने पर छोड़ा, सीसीटीवी में दिखा युवक

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** शहर में एनईबी क्षेत्र में ढोल बजाने वाला एक युवक घर के अंदर से 7 साल की बालिका को टाफी दिलाने के बहाने खुद के साथ ले जाने लगा तभी एक पड़ोस के एक युवक की सजगता के चलते एक बड़ी वारदात होने से पहले ही टल गई। इस मौके पर बालिका के परिजनों ने पुलिस को मौखिक शिकायत दी है लेकिन अभी मुकदमा दर्ज नहीं कराया है। बालिका के पिता ने आरोप लगाते हुए बताया कि यह घटना मंगलवार दोपहर करीब 1 बजे के आसपास की है। उसकी करीब 7 साल की बालिका घर के गेट पर खड़ी थी, तभी एक ढोल बजाने वाला युवक आया ओर उसने आते ही बालिका से कहा कि आओ आपको चीज दिलाकर लाता हूं। बच्ची उसकी बातों में आकर उसके साथ चल दी लेकिन गनीमत रही कि कुछ ही दूरी पर जाने के बाद पड़ोसी के एक युवक ने छत से देख लिया। उसके चिल्लाने पर ढोल बजाने वाला उस बालिका को छोड़ गया, हालांकि जाते समय उसने कहा कि वह गलत नहीं है। दुकान पर कुछ चीज दिलाने जा रहा था लेकिन पड़ोसी के चिल्लाने पर बालिका वापस आ गई। उसके बाद परिजन घर के बाहर आए। तब युवक निकल गया घटना के बाद पड़ोसी के घर में लगे सीसीटीवी में सब सामने आ गया। जिसमें ढोल बजाने वाला युवक पहले घर आता है। गेट पर बालिका मिल जाती है। वह उसे चीज दिलाने के बहाने हाथ पकड़कर ले जाने लगता है। जैसे ही घर से निकलते हैं युवक एक बार बगल में मुड़कर भी देखता है कि उसे कोई देख तो नहीं रहा है। लेकिन कुछ ही सेकंड के बाद छत पर खड़े पड़ोसी ने देख लिया। उसके चिल्लाने पर बालिका वापस घर की तरफ आ गई। वह थोड़ी सफाई देकर आगे निकल गया अब बालिका के पिता का कहना है कि उनके पड़ोस पुलिसवाले रहते हैं। उनको जानकारी दी है। गुरुवार दोपहर बाद में पुलिस को लिखित में शिकायत देकर आऊंगा।

## शहीदों के बलिदान दिवस पर होंगे भव्य आयोजन, विभिन्न कार्यक्रमों के साथ दी जाएगी श्रद्धांजलि

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** भारतीय स्वाधीनता संग्राम के अमर सेनानी शहीद भगत सिंह, सुखदेव एवं राजगुरू का 95वां बलिदान दिवस समारोह 23 मार्च को जोशखरोश के साथ मनाया जायेगा। अलवर में यह आयोजन पिछले 42 वर्षों से लगातार किया जा रहा है। शहीद भगतसिंह बलिदान दिवस समारोह समिति के संयोजक जोगेन्द्र सिंह कोचर एवं सचिव प्रमोद मलिक ने बताया कि 23 मार्च को प्रातः 8 बजे भगत सिंह चौराहा स्थित उनकी प्रतिमा को माल्यार्पण कर आजादी के आन्दोलन में शहादत देने वाले सभी क्रान्तिवीरों को नमन किया जायेगा। इस अवसर पर हुकमचन्द रौनक कव्वाल एण्ड पार्टी देशभक्ति पूर्ण गीत प्रस्तुत करेंगे। कार्यक्रम के अतिथि के रूप में पूर्व केन्द्रीय मंत्री भँवर जितेन्द्र सिंह, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा, अपनाघर शालीमार के निदेशक अशोक सैनी, समाजसेवी हरमीत सिंह मेहन्दीरत्ता, हरिशंकर रावत, शशांक झालानी, नूर मोहम्मद, अशोक आहूजा, सार्वजनिक गौ-शाला के अध्यक्ष अजय अग्रवाल, रंगकर्मी दिनेश भार्गव एवं अमरजीत सिंह बिट्टू आदि शामिल होंगे। 23 मार्च को जेल सर्किल स्थित महावर ऑडिटोरियम में सांय 4:30 बजे रंग संस्कार थियेटर ग्रुप के कलाकार डॉ. लालचन्द जैन द्वारा लिखित "शहीद भगत सिंह" नाटक का मंचन डॉ. देशराज मीणा के निर्देशन में प्रस्तुत करेंगे। इस अवसर पर बी.एल. पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों के लिये सम्पन्न हुई चित्रकला, निबन्ध, भाषण एवं गीत कविता प्रतियोगिता में विजेता सम्भागियों को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया जायेगा। प्रगतिशील विचारक डॉ. जीवन सिंह मानवी, दौलतराम हजरती एवं दीवानचन्द सेतिया के सानिध्य में आयोजित इस कार्यक्रम में क्रान्तिगीत रेणु मिश्रा, सुश्री प्रिया एवं डॉ. दीपक चन्दवानी प्रस्तुत करेंगे तथा मंच संचालन रामचरण राग करेंगे। समारोह में सामाजिक कार्यकर्ता दिनेश भाटिया को डॉ. भागीरथ भार्गव, शास्त्रीय गायक प्रकाश नागर को का0 ओमकार नाथ शर्मा, कवि प्रेम प्रकाश शर्मा को श्रीमती आशा शर्मा शिक्षाविद तथा विद्यादेवी को डॉ. अनिल भार्गव स्मृति सम्मान प्रदान किया जायेगा। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिये सहसंयोजक अमरीक सिंह अदब, च्यवन भार्गव, दीपक पंडित, अमरदीप सिंह, धर्मेन्द्र अदलक्खा, अमित बैक्टर, मोहन सिंह राधव एवं मोहित पंडित को बनाया गया है। इस वर्ष का कार्यक्रम पूर्व सूचना आयुक्त - प्रतिष्ठित पत्रकार नारायण बारेठ एवं रंगकर्मी राजहंस शर्मा को समर्पित किया गया है।

# वन राज्यमंत्री ने शहर को दी 2 पिंक टॉयलेट की सौगात

### 20 सरस डेयरी बूथों के आवंटियों को सौंपे आवंटन पत्र

### शहर को सबकी सहभागिता से सुन्दर, स्वच्छ एवं विकसित शहर बनाना प्राथमिकता - वन राज्यमंत्री शर्मा

जयपुर टाइम्स





**अलवर(निसं.)।** वन एवं पर्यावरण मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने गुरूवार को अलवर नगर निगम में परिसर में 20 सरस डेयरी बूथों के आवंटन पत्र वितरित किए तथा तांगा स्टैण्ड व राजकीय महिला चिकित्सालय परिसर में पिंक टॉयलेट का लोकार्पण कर शहर की महिलाओं को सौगात दी।

वन राज्यमंत्री शर्मा ने नव संवत्सर व चैत्र नवरात्र स्थापना की शुभकामनाएं देते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और अलवर सांसद व केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव के नेतृत्व में अलवर हर क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर रहा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा नए रोजगार के अवसर पैदा कर रहे हैं। इसी कड़ी में की गई बजट घोषणा को समयबद्ध रूप से अमलीजामा पहनाकर अलवर शहर में 20 सरस डेयरी बूथ का आवंटन आमजन की उपस्थिति में लॉटरी के माध्यम से पारदर्शिता के साथ किया है। उन्होंने कहा कि सरकार पशुपालकों को आर्थिक संबल प्रदान करने के लिए अनुदान प्रदान करने के साथ अनेक योजनाओं से लाभांवित कर रही है। उन्होंने कहा कि अलवर जिले में सांसद भूपेन्द्र यादव की सोच को मूर्त रूप देते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा अलवर सरस डेयरी के लिए 200 करोड़ रूपये की राशि से 5 लाख लीटर क्षमता का नया संयंत्र लगाने की बजट घोषणा की है, जिसका यथाशीघ्र शिलान्यास होगा। उन्होंने कहा कि अलवर सरस डेयरी चेयरमैन नितिन सांगवान के नेतृत्व में नई ऊंचाइयों की ओर जा रही है, जिसके तहत कलाकंद की बिक्री को आठ गुना किए जाने साथ ही पशुपालकों के लिए नई योजनाएं लाने जैसे अनेक कार्य हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से अलवर शहर को विकसित व सुन्दर शहर बनाने की दिशा में सकारात्मक भाव के साथ केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव ने एक मुहिम चलाई है, जिसके सकारात्मक परिणाम आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि डीएलबी की रैंकिंग में राज्य में अलवर शहर अपनी केटेगिरी के शहरों में अव्वल रहा है। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार भारत सरकार के स्वच्छता सर्वेक्षण में भी हमारा लक्ष्य टॉप के 10 शहरों में आने का है, जिसके लिए उन्होंने सभी नागरिकों की सक्रिय भागीदारी की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने अलवर शहर में मातृशक्ति की सुविधा के लिए दो नए पिंक टॉयलेट लोकार्पित किए गए हैं तथा तीन शीघ्र ही लोकार्पित किए जाएंगे। साथ ही तीन नए सामुदायिक शौचालय भी निर्माणाधीन है। उन्होंने नगर निगम आयुक्त को निर्देशित किया कि सफाईकर्मियों की लंबित भर्ती प्रक्रिया को यथाशीघ्र पूर्ण कराकर 312 सफाईकर्मियों को यथाशीघ्र नियुक्ति प्रदान करावे तथा महिला चिकित्सालय में पिंक टॉयलेट के पार्क को सुन्दर स्वरूप में विकसित करावे। उन्होंने यहां पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

सरस डेयरी के चेयरमैन नितिन सांगवान ने मुख्यमंत्री बजट घोषणा के तहत अलवर शहर के लिए 20 सरस बूथ आवंटियों का सरस डेयरी परिवार में स्वागत करते हुए कहा कि इन बूथों के माध्यम से रोजगार के साथ आमजन को भी अपने नजदीकी स्थानों से सरस प्रोटेक्ट खरीदने में सहूलियत होगी। उन्होंने कहा कि नए बूथ संचालक केवल सरस डेयरी के प्रोडेक्ट का विक्रय करें। उन्होंने बताया कि सरस डेयरी गुणवत्ता पर विशेष फोकस करते हुए पशुपालकों को योजनाओं, अनुदान आदि के माध्यम से आर्थिक संबल प्रदान करने की दिशा में कार्य कर रही है। इसके परिणामस्वरूप सरस कलाकंद की बिक्री में आठ गुणा वृद्धि हुई है। साथ ही हाल ही में पशुपालकों के लिए सरस मायरा योजना भी लॉन्च की गई है, जिसके तहत पशुपालकों की बेटी की शादी पर 21 हजार रूपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जावेगी। उन्होंने पशुपालकों के लिए संचालित योजनाओं की भी जानकारी प्रदान की।

नगर निगम आयुक्त सोहन नरूका ने सभी आगन्तुकों का आभार जताते हुए बताया कि लोकार्पित हुए पिंक टॉयलेट नगर निगम द्वारा 66.72 लाख रूपये की लागत से आधुनिक पिंक टॉयलेट के रूप में तैयार कराए गए हैं, जिसमें महिलाओं के लिए सभी प्रकार की आवश्यक सुविधाओं को उपलब्ध कराने का प्रयास किया गया है। इन पिंक टॉयलेट में बेबी फिडिंग रूम, सेनेट्री पैड वेंडिंग मशीन व इंसुलेटर, वॉश रूम आदि की सुविधा है। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार नगर निगम द्वारा तीन नए पिंक टॉयलेट तथा तीन सामुदायिक शौचालय निर्माणाधीन है। उन्होंने बताया कि हाल ही में डीएलबी द्वारा जारी स्वच्छता रैंकिंग में अलवर शहर अपनी श्रेणी के शहरों में प्रथम स्थान पर रहा है। उन्होंने कहा कि शासन, प्रशासन एवं आम नागरिकों के सहयोग से अलवर शहर को सुन्दर, स्वच्छ व विकसित शहर बनाने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि स्वच्छता रैंकिंग में हम देश में सर्वश्रेष्ठ स्थान पर आ सके। कार्यक्रम का संचालन हरीश जैन ने किया।

इस दौरान पूर्व महापौर घनश्याम गुर्जर, जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता, अखिल भारतीय जिला सफाई मजदूर संघ के अध्यक्ष कैलाश निदानिया, राजस्थान नगर पालिका फैडरेशन के जिला अध्यक्ष हरीश जैन, सतीश यादव, जितेन्द्र राठौड, महेश निहालवानी, जितेन्द्र सैनी सहित अनेक प्रबुद्ध व्यक्ति एवं निवर्तमान पार्षदगण, नगर निगम कार्मिक एवं आमजन मौजूद रहे।

## जिला कलक्टर की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक, समर कंटीन्जेंसी कार्य 15 अप्रैल से पहले पूर्ण करने के निर्देश



### जिला कलक्टर ने ली जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक

जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला सचिवालय खैरथल में समर कंटीन्जेंसी, बजट घोषणाओं तथा विभिन्न फ्लैगशिप योजनाओं की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों ने योजनाओं की वर्तमान स्थिति से अवगत कराया। बैठक के दौरान जिला कलेक्टर ने समर कंटीन्जेंसी से संबंधित सभी कार्यों को 15 अप्रैल से पूर्व पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने अतिरिक्त जिला कलेक्टर को समर कंटीन्जेंसी के तहत स्वीकृत कार्यों, विशेषकर बोरवेल खुदाई सहित एसडीएम की अध्यक्षता में गठित ब्लॉक स्तरीय समितियों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जलदाय विभाग के अधिकारियों से अमृत 2.0 योजना की प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके अलावा पंच गौरव कार्यक्रम के तहत अब तक हुए कार्यों की समीक्षा करते हुए सभी कार्यों को 31 मार्च से पहले पूरा करने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने जिले में सहकारी समितियों से संबंधित भूमि आवंटन प्रकरणों पर चर्चा करते हुए भूमि चिन्हिकरण से लेकर आवंटन तक की पूरी प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही राज्य बजट घोषणाओं के तहत जिला स्तर पर होने वाले कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने के निर्देश दिए। शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान जिला कलेक्टर ने स्कूलों में निरीक्षण कम होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी को नियमों के अनुरूप नियमित निरीक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही स्कूलों में छात्रों की कम उपस्थिति को गंभीरता से लेते हुए मॉनिटरिंग बढ़ाकर उपस्थिति प्रतिशत में सुधार करने के निर्देश दिए। बैठक में उद्यानिकी एवं कृषि विभाग की योजनाओं जैसे सोलर पंप, फार्म पॉन्ड और तारबंदी योजना में धीमी प्रगति पर जिला कलेक्टर ने नाराजगी जताते हुए प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही कुसुम योजना (कंपोनेंट ए एवं सी), आईएचएचएल, एमजेएसए, अटल ज्ञान केंद्र और अटल प्रगति पथ सहित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट, अधीक्षण अभियंता जलदाय विभाग धर्मवीर यादव, जिला परिवीक्षा एवं समाज कल्याण अधिकारी रमेश दहमीवाल, उपनिदेशक सहकारिता विभाग वेद प्रकाश सैनी, नगर परिषद कमिश्नर मुकेश शर्मा, नगर परिषद आयुक्त भिवाड़ी मुकेश, संयुक्त निदेशक सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग वीरेंद्र त्यागी, उपनिदेशक उद्यानिकी, गोपाल, उप जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी पूरणमल मीणा सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## वन राज्यमंत्री ने करणी माता मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की मंगलकामना की

### करणी माता मेले का किया शुभारम्भ, नव संवत्सर की आमजन को दी शुभकामनाएं

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** वन एवं पर्यावरण मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर करणी माता मंदिर, श्री चक्रधारी हनुमान जी मन्दिर, बाला किला स्थित श्री राम मंदिर एवं काली माता मंदिर में दर्शन और पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की मंगलकामना की। उन्होंने नव संवत्सर की सबको शुभकामनायें देते हुए करणी माता मेले का विधिवत शुभारम्भ किया। वन राज्यमंत्री शर्मा ने करणी माता मेले की व्यवस्थाओ का जायजा लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए कि मेले में आने वाले श्रद्धांलुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होवें। सभी व्यवस्थाएं सुगम व सुचारु रखें। उन्होंने कहा कि अरावली की तलहटी में अलवर में मां करणी माता का मंदिर स्थित है। यह पर्यावरण संरक्षण का अनुपम उदाहरण है। उन्होंने कहा कि वन क्षेत्र में स्थित होने के कारण यहां बाघ-बाघिन की मूवमेंट होती रहती है, जिसकी वन विभाग द्वारा सतत मॉनिटरिंग की जा रही है। अतः श्रृद्धालु करणी माता के मंदिर में आते समय सतर्क व सावचेत रहें। इस दौरान वन राज्यमंत्री शर्मा ने करणी माता रोड पर अपने दैनिक पौधारोपण करने के संकल्प के तहत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

### नव संवत्सर एवं चैत्र नवरात्र स्थापना की शुभकामनाएं तिलक लगाकर दी

वन राज्यमंत्री संजय शर्मा ने घण्टाघर पर नागरिकों को नव संवत्सर व चैत्र नवरात्र स्थापना के उपलक्ष्य में तिलक लगाकर शुभकामनाएं दी तथा जगन्नाथ मंदिर परिसर से राजस्थान पुजारी महासंघ द्वारा आयोजित भव्य कलश यात्रा को ध्वजा लहराकर रवाना किया।

## एक अधिकारी, दो पालिकाए, तखतगढ़ की व्यवस्था चरमराई

**सुमेरपुर/तखतगढ़(निसं.)।** तखतगढ़ नगरपालिका की प्रशासनिक व्यवस्था इन दिनों पूरी तरह लड़खड़ाती नजर आ रही है। अधिशाषी अधिकारी मगराज चौधरी पर तखतगढ़ के साथ रानी नगरपालिका का अतिरिक्त प्रभार होने से शहर की व्यवस्थाएं प्रभावित हो रही हैं। अधिकारी की अनुपस्थिति के चलते आमजन को छोटे-छोटे कामों के लिए बार-बार कार्यालय के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। नामांतरण, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, भवन स्वीकृति और सफाई जैसी मूलभूत सेवाएं भी सुस्त पड़ गई हैं, वहीं विकास कार्य फाइलों में अटकते नजर आ रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि एक ही अधिकारी पर दो पालिकाओं का भार डालना न तो व्यवहारिक है और न ही जनहित में। जिम्मेदार अधिकारी के अभाव में समस्याएं बढ़ती जा रही हैं। नागरिकों ने तखतगढ़ में पूर्णकालिक अधिशाषी अधिकारी की नियुक्ति की मांग उठाते हुए चेताया है कि जब तक स्थायी व्यवस्था नहीं होती, हालात सुधरना मुश्किल है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि बड़े-बड़े विकास दावों के बीच जमीनी हकीकत बदहाल है।

# वन राज्यमंत्री ने खेल एवं सांस्कृतिक सप्ताह-2026 के समापन कार्यक्रम एवं राजस्थान दिवस समारोह में की शिरकत

### राज्य सरकार आमजन को बेहतर चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने के लिए प्रतिबद्ध - वन राज्यमंत्री शर्मा

जयपुर टाइम्स





**अलवर(निसं.)।** वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने गुरूवार को राजकीय नर्सिंग महाविद्यालय तिजारा द्वारा महावर ऑडिटोरियम में आयोजित खेल एवं सांस्कृतिक सप्ताह-2026 के समापन कार्यक्रम एवं राजस्थान दिवस समारोह में शिरकत कर विजेता खिलाडियों को ट्रॉफी एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। वन राज्यमंत्री शर्मा ने अपने संबोधन में नव संवत्सर, नवरात्र व राजस्थान स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि चिकित्सक व नर्सिंगकर्मी धरती पर ईश्वर के समान है, जो मरीज को नया जीवन प्रदान करने में महती भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार आमजन को बेहतर चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में हमारे चिकित्साकर्मियों ने अपनी जीवन की परवाह किए बिना मानवता की सेवा का पुनीत धर्म निभाया। उन्होंने कहा कि रामगढ के ग्राम ढाढोली में नर्सिंग महाविद्यालय भवन तैयार है, जिसमें नए संकाय के शुरू कराया जाएगा। जिससे नर्सिंग के विद्यार्थियों को प्रशिक्षण की बेहतर सुविधा मिल सकेगी। उन्होंने महाविद्यालय द्वारा नर्सिंग टेर्अनिंग के साथ-साथ विद्यार्थियों के मानसिक व शारीरिक विकास के लिए कराई जा रही खेल, भ्रमण व सांस्कृतिक गतिविधियों सराहना की। उन्होंने नर्सिंग महाविद्यालय तिजारा के प्रशिक्षणार्थी युवाओं से पर्यावरण और प्रकृति से जुड़ने के लिए प्रधानमंत्री के एक पेड मां के नाम अभियान के तहत एक पौधा लगाने का आह्वान करते हुए टाईगर रिजर्व रणथम्भौर व सरिस्का का निःशुल्क भ्रमण कराने की घोषणा की।

उन्होंने कार्यक्रम में टीम प्रतियोगिताओं में खो-खो, क्रिकेट, रस्सा-कस्सी एवं कबड्डी खेल में विजेता टीमों को ट्रॉफी एवं मोमेन्टो प्रदान कर सम्मानित किया गया। वहीं एकल खेल प्रतियोगिताओं में बैडमिंटन, दौड़, शतरंज व कैरमबोर्ड इत्यादि में प्रथम स्थान पर रहने वाले खिलाडियों को गोल्ड मेडल, द्वितीय स्थान पर रहने वाले खिलाडियों को सिल्वर मेडल एवं तृतीय स्थान पर रहने वाले खिलाडियों को ब्रॉन्ज मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया।

राजकीय नर्सिंग कॉलेज तिजारा के प्रिंसिपल राजपाल यादव ने महाविद्यालय का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए महाविद्यालय में शैक्षणिक, खेलकूद, भ्रमण इत्यादि गतिविधियों के बारे में विस्तार से बताया तथा आगन्तुक अतिथियों का आभार जताया।

इस अवसर पर पूर्व महापौर घनश्याम गुर्जर, प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील चौहान, मेडिकल कॉलेज के डीन दिनेश सूद, बाबू शोभाराम राजकीय कला महाविद्यालय के प्राचार्य अशोक आर्य, नर्सिंग अध्यक्ष दीनदयाल, सतीश यादव, डॉ. के.के शर्मा, जीतू सैनी, पं. जले सिंह, धीरज जैन सहित प्रबुद्ध व्यक्ति एवं बडी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

# खेत में बने गोदाम पर छापा मार कर 512 गैस सिलेंडर बरामद किए, प्रदेश भर में छापामार कार्रवाई जारी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश में गैस सिलेंडरों की जमाखोरी और कालाबाजारी पर अंकुश लगाने के लिए प्रदेश की भजनलाल सरकार की ओर से प्रदेश के सभी जिला रसद अधिकारियों के नेतृत्व में टीमों का गठन किया गया है जो अपने स्तर पर अपने-अपने क्षेत्र में छापामार कार्रवाई को अंजाम दे रही है जिसमें रोजाना प्रदेश में कई जगहों पर भरे हुए गैस सिलेंडर तो कई जगहों पर बड़ी संख्या में खाली गैस सिलेंडर भी बरामद किए जा रहे हैं इसी क्रम में अजमेर में पुष्कर देवनगर रोड पर



एक खेत में गोदाम पर छापा मार कर मौके से 512 भरे हुए गैस सिलेंडर बरामद किए गए हैं इतनी बड़ी संख्या में एक ही जगह पर कालाबाजारी और जमाखोरी के लिए रखे गए सिलेंडरों से यह साफ है कि वैश्विक संकट के इस दौर में जमाखोरी और कालाबाजारी को अंजाम देने वाले लोगों के हौसले बुलंद हैं हालांकि प्रशासन की ओर से छापामार कार्रवाई को जरूर अंजाम दिया जा रहा है लेकिन इसके बावजूद भी कहीं ना कहीं जिस तरह से प्रदेश भर में घरेलू गैस सिलेंडर की बड़ी संख्या में रोजाना बरामद किए जा रहे हैं उससे ऐसा प्रतीत होता है कि जिस तरह का संकट गैस सिलेंडर को लेकर अभी बना हुआ है वैसा संकट वास्तव में है नहीं लेकिन इन कालाबाजारी और जमाखोरी करने वाले लोगों की वजह से इस संकट को महा संकट बना दिया गया इसी तरह से खैरथल तिजारा में भी छापामार कार्रवाई को अंजाम देकर 21 भरे हुए गैस सिलेंडर और 25 खाली गैस सिलेंडर एक ही जगह से बरामद किए गए हैं इसके अलावा प्रदेश में कई अन्य जगहों पर भी छापामार कार्रवाई में भारी मात्रा में गैस सिलेंडर बरामद किए जाने की जानकारी मिली है उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने साफ निर्देशित किया है कि प्रदेश में अगर कोई गैस सिलेंडर की कालाबाजारी और जमाखोरी करते हुए पकड़ा जाता है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए इसके लिए जिला रसद अधिकारी के नेतृत्व में एक विशेष टीम का हर जिले में गठन किया गया है जिन्हें कार्रवाई करने के लिए पूरी तरह से सरकार ने आजादी भी दी हुई है इसीलिए प्रदेश में हर जिले में जिला रफत अधिकारी की टीमों की जिला रसद अधिकारी की टीमों की ओर से छापामार कार्रवाई को अंजाम दिया जा रहा है जानकारी के अनुसार गैस सिलेंडर की कालाबाजारी और जमाखोरी में कहीं ना कहीं गैस एजेंसी के मालिक और कर्मचारियों की मिलीभगत भी सामने आ रही है कई जगहों पर घरेलू गैस सिलेंडर को कमर्शियल गैस सिलेंडर में भरा जा रहा है इस तरह के मामले भी प्रदेश में कई जगहों पर उजागर हुए हैं

## काचीगुडा-बीकानेर-काचीगुडा साप्ताहिक एक्सप्रेस रेलसेवा का श्रीगंगानगर तक अस्थाई विस्तार

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु काचीगुडा-बीकानेर-काचीगुडा साप्ताहिक एक्सप्रेस रेलसेवा का श्रीगंगानगर तक अस्थाई विस्तार किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार गाडी संख्या 07053, काचीगुडा-श्रीगंगानगर साप्ताहिक एक्सप्रेस रेलसेवा जो दिनांक 21.3.26 से 4.7.26 तक (16 ट्रिप) काचीगुडा से शनिवार को 22.00 बजे रवाना होकर सोमवार को बीकानेर स्टेशन पर 14.45 बजे आगमन व 15.00 बजे प्रस्थान कर 21.20 बजे श्रीगंगानगर पहुँचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 07054, श्रीगंगानगर-काचीगुडा साप्ताहिक एक्सप्रेस रेलसेवा जो दिनांक 24.3.26 से 7.7.26 तक (16 ट्रिप) श्रीगंगानगर से मंगलवार को 6.55 बजे रवाना होकर बीकानेर स्टेशन पर 13.00 बजे आगमन व 13.20 बजे प्रस्थान कर गुरूवार को 7.15 बजे काचीगुडा पहुँचेगी।

## बिजली की हाई टेंशन लाइन गिरने से दो युवक की मौत, लोगों में आक्रोश

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के जैसलमेर जिले में चेलक गांव में बिजली की हाई टेंशन लाइन के अचानक गिरने की वजह से दो युवक करंट लगने की वजह से मौत के मुंह में चले गए, दर्दनाक हादसे के बाद स्थानीय लोगों में जोरदार आक्रोश छा गया है । स्थानीय लोगों का कहना है कि बिजली विभाग के अधिकारियों के लापरवाही की वजह से इतना बड़ा हादसा हुआ है इसलिए दोनों मृतक युवक के परिजनों को मुआवजा, सरकारी नौकरी और अन्य मांगों की मांग प्रशासन से की है इसके अलावा इस मामले में बिजली विभाग के दोषी अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की बात भी ग्रामीणों ने कही है। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची है और दोनों मृतक युवक की बॉडी को कब्जे में किया है । पुलिस ने घटनास्थल का दौरा भी किया है। घटना स्थल से आवश्य तथ्य और सबूत भी एकत्रित किए हैं । पुलिस का कहना है कि अभी इस मामले में कुछ भी कहना जल्दी बाजी होगा लेकिन फिलहाल बिजली की हाई टेंशन लाइन गिरने की वजह से दोनों युवक करंट से बुरी तरह से झुलस गए जिससे उनकी मौत हुई। उल्लेखनीय है कि बिजली की हाई टेंशन लाइन के तार के अचानक गिरने की वजह से पिछले दिनों हाल ही में पाली जिले में भी करीब 40 भेड़ और बकरी के करंट लगने से मौत हो गई थी । इससे पहले भी प्रदेश में बिजली की हाई टेंशन लाइन गिरने की घटनाएं कई बार हो चुकी है । अब जिस तरह से जैसलमेर जिले में यह घटना हुई है वह कहीं ना कहीं बिजली विभाग के लापरवाही को जरूर उजागर करती है। जानकार लोगों का कहना है कि बिजली विभाग के अधिकारी एक बार बिजली की लाइन स्थापित कर देने के बाद दोबारा उसकी तरफ देखते तक नहीं है। जबकि हकीकत यह है कि वर्तमान परिपेक्ष में बिजली की हाई टेंशन लाइन की निगरानी रोजाना की जानी चाहिए लेकिन बिजली विभाग के संबंधित अधिकारी इन हाई टेंशन लाइन को भगवान भरोसे छोड़ देते हैं जो बाद में इस तरह से बड़े हादसे का कारण बन जाते हैं । कई बार लोगों की शिकायत किए जाने के बावजूद भी बिजली विभाग के अधिकारी लोगों की इस तरह की शिकायतों को गंभीरता से नहीं लेते हैं बाद में इस तरह के भीषण हादसे घटित हो जाते हैं जिसमें निर्दोष लोगों और पशुओं की जान तक चली जाती है।

## नवरात्रि एवं राजस्थान दिवस पर उद्योग मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने दी प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** उद्योगमंत्री राज्यवर्धन राठौड़ ने सभी प्रदेशवासियों को नव संवत्सर के साथ ही चैत्र नवरात्रि की शुभकामनाएं और बधाई दी है। उन्होंने कहा कि चैत्र नवरात्रि शक्ति की उपासना का पर्व और हमारी भारतीय संस्कृति की महान परंपरा का प्रतीक है। जो हमारे जीवन में सुख और समृद्धि लेकर आता है। उन्होंने कहा कि मां दुर्गा हम सभी के जीवन में खुशहाली, सुख-समृद्धि और वैभव का आशीर्वाद दें।राज्यवर्धन राठौड़ ने इस मंगल अवसर पर प्रदेश के प्रत्येक नागरिक के जीवन में अमन-चैन, उत्तम स्वास्थ्य और शांति की कामना की है। उन्होंने कहा कि चैत्र मास के प्रथम दिन से प्रारंभ होने वाला हिंदू नववर्ष नव ऊर्जा, नव संकल्प और नव चेतना का प्रतीक है और चैत्र नवरात्रि का भी शुभारंभ होता है जो श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक आस्था के साथ पूरे देश में मनाया जाता है। राठौड़ ने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि वे इस पर्व को पूरे उत्साह, श्रद्धा और पारंपरिक उल्लास के साथ मनाएं तथा समाज में प्रेम और भाईचारे को बढ़ावा दें। राजस्थान दिवस के अवसर भी बधाई देते हुए राठौड़ ने कहा कि राजस्थान रणबांकुरों की धरती है। हमारा प्रदेश वीरता, त्याग, संस्कृति और परंपराओं की समृद्ध धरोहर से सराबोर है। यहां की मिट्टी में ही शौर्य, साहस और आत्मसम्मान की गौरवशाली परंपरा रही है जो पूरे देश को प्रेरित करती है। उन्होंने प्रदेशवासियों से कहा कि राजस्थान दिवस पर हम सभी मिलकर प्रदेश के विकास, समृद्धि और सामाजिक सद्भाव को आगे बढ़ाने के लिए संकल्प लें।



## भामाशाह मंडी का विस्तार होने पर व्यापारियों और किसानों ने स्पीकर ओम बिरला का ऐतिहासिक स्वागत किया, क्षेत्र के कारोबार को मिलेगी गति

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** वन्य जीव बोर्ड की ओर से कोटा की भामाशाह मंडी के विस्तार को मंजूरी प्रदान करने के बाद क्षेत्र के व्यापारियों और किसानों में खुशी की लहर छा गई है क्योंकि मंडी का विस्तार होने से मंडी कारोबार को और गति मिलेगी जिसका सीधा फायदा किसान और व्यापारियों को मिलेगा और इलाके में विकास की यात्रा और तेज गति से आगे बढ़ सकेगी । जानकारी के अनुसार कोटा की भामाशाह मंडी के विस्तार का मामला पिछले कई सालों से लंबित पड़ा हुआ था वन्य जीव बोर्ड की ओर से इस विस्तार को मंजूरी नहीं देने के कारण इस मंडी का विस्तार नहीं हो पा रहा था। हालांकि स्थानीय जनप्रतिनिधि लगातार इस मंडी के विस्तार के लिए कोशिश करते रहे इस दौरान प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस पार्टी की सरकारों का भी गठन हुआ केंद्र में भी सत्ता परिवर्तन हुआ लेकिन इस मंडी के विस्तार को वन्य जीव बोर्ड की मंजूरी नहीं मिल पा रही थी इसलिए इस मंडी का विस्तार नहीं हो पा रहा था। हालांकि स्थानीय सांसद और स्पीकर ऑन बिरला भी लगातार इस मंडी के विस्तार के लिए प्रयास कर रहे थे शायद इसी का परिणाम है कि वन्य जीव बोर्ड ने अब इस मंडी के विस्तार को मंजूरी प्रदान कर दी इसलिए अब इस मंडी का विस्तार 800 बीघा क्षेत्र में हो गया है जिसकी वजह से मंडी में किसानों का ज्यादा से ज्यादा उत्पादन एकत्र हो सकेगा। ज्यादा से ज्यादा कारोबार हो सकेगा क्योंकि पिछले कुछ सालों से यहां सड़क रेल सुविधाओं में जबरदस्त सुधार और विस्तार हुआ है रेल और सड़क कनेक्टिविटी सेवाओं में भी मजबूती आई है इसलिए क्षेत्र में किसान आसानी से मंडी तक अपनी उपज लाने में कामयाब हो रहे हैं ।

## लेपर्ड ने खेत में गेहूं काट रही महिला को घसीट कर जंगल में लेकर जाने का किया प्रयास

### कोटा के दर्जनपुरा इलाके के बंबोलिया के खेत में चीता का मूवमेंट, थर्मल प्लांट में दिखे दो भालू

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के भरतपुर जिले के रूपवास में खेत में गेहूं काट रही महिला पर घात लगाकर लेपर्ड ने हमला बोल दिया और महिला की गर्दन तथा हाथ को पड़कर उसे घसीट कर जंगल की ओर लेकर जाने का प्रयास किया लेकिन महिला के जोर-जोर से चिल्लाने पर आसपास के खेत में काम कर रहे ग्रामीणों को आता देखकर लेपर्ड वापस जंगल में भाग गया घायल महिला को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है लेकिन लेपर्ड के जानलेवा हमला करने की इस घटना ने एक बार फिर से क्षेत्र के लोगों में दहशत फैला दी है हालांकि स्थानीय लोग अब खेत में सामूहिक रूप से बहुत ही सावधानी से फसल कटाई का कार्य कर रहे हैं वन विभाग और जिला प्रशासन ने भी लोगों को खेत पर बहुत ही सावधानी पूर्वक काम करने की सलाह दी है इसके अलावा ग्रामीणों की शिकायत पर वन विभाग की टीम भी लगातार इलाके में कड़ी निगरानी कर रही है लेकिन जंगल नजदीक होने की वजह से कई बार वन्य जीव भूख और प्यास मिटाने के लिए जंगल छोड़कर आसपास के खेत और अवश्य बस्तियों में चले आसपास के खेत और आवासीय बस्तियों में घुस आते हैं और फिर इंसान के अलावा पालतू पशुओं पर भी हमला बोलते हैं इसलिए लोगों में चिंता छाई हुई है एक अन्य घटना में प्रदेश के कोटा में दर्जनपुरा पंचायत के बंबुलिया गांव के एक खेत में चीता दिखाई देने के बाद ग्रामीणों में दहशत छा गई है ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस और जिला प्रशासन को सूचना दी है इसके अलावा वन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची है लेकिन जब तक वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची तब तक चिता इलाके में विलुप्त हो चुका था जानकारी के अनुसार जंगल नजदीक होने की वजह से चिता लेपर्ड और अन्य वन्य जीव भूख और प्यास मिटाने के लिए जंगल छोड़कर निकट की बस्तियों में चले आते हैं आजकल गेहूं जो इत्यादि फसलों की कटाई का दौर चल रहा है लोग सुबह से लेकर देर शाम तक खेत में फसल कटाई में लगे हुए हैं लेकिन फसल कटाई के दौरान लेपर्ड चीता और अन्य वन्य जीवन के खेत में लोगों पर हमला बोलने की घटनाएं भी निरंतर हो रही है जो किसान और मजदूरों के लिए चिंता का विषय बनी हुई है इसी तरह से कोटा के थर्मल प्लांट परिसर में दो भालू साथ-साथ दिखाई दिए इसकी वजह से थर्मल प्लांट में नियुक्त अधिकारियों और कर्मचारियों के चेहरे पर चिंता की लकीर छा गई है हालांकि यह कोई पहला मामला नहीं है जब थर्मल प्लांट में वन्य जीव देखे गए हो क्योंकि जंगल बिल्कुल नजदीक है इसलिए सबसे पहले भी कई बार थर्मल प्लांट परिसर में अजगर चीता बाघ भालू इत्यादि देखे गए हैं पूर्व मे थर्मल प्लांट परिसर में अजगर ने एक कर्मचारी पर हमला भी बोल दिया था इसलिए थर्मल प्लांट के प्रशासन से जुड़े लोगों ने वन विभाग के अधिकारियों को इस मामले में और भी कड़े प्रबंध करने को कहा है क्योंकि जंगल बिल्कुल नजदीक है इसलिए थर्मल प्लांट प्रशासन से जुड़े लोगों ने वन विभाग के अधिकारियों से कहा है कि इलाके में मजबूत तारबंदी या अन्य कोई ठोस व्यवस्था की जाए जिसकी वजह से वन्य जीव जंगल में ही रहे और निकट की बस्तियों में नहीं आ सके इसी तरह से प्रदेश के उदयपुर जिले में मुंगथला गांव में पिछले कुछ दिनों से एक तेंदुआ लगातार लोगों को दिखाई दे रहा था जिसकी वजह से स्थानीय लोग काफी घबराए हुए थे लोगों के कहने पर वन विभाग ने तेंदुए को पकड़ने के लिए यहां एक पिंजरा स्थापित किया था जिसमें वन विभाग को सफलता भी मिल गई है पिंजरे में तेंदुआ फस गया तब जाकर स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली है

## मोदी के नेतृत्व में पारंपरिक कला एवं हस्तशिल्प को मिली नई पहचान और आर्थिक मजबूतीः मदन राठौड़

### राष्ट्रीय हस्तशिल्प विकास कार्यक्रम में गत वर्ष राजस्थान के 3200 से अधिक कारीगर–शिल्पकार लाभान्वित

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राज्यसभा सांसद और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार द्वारा संचालित राष्ट्रीय हस्तशिल्प विकास कार्यक्रम (एनएचडीपी) के माध्यम से देश के कारीगरों, विशेष रूप से शिल्पकारों को सशक्त बनाने का कार्य निरंतर किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025-26 के दौरान राजस्थान के 3,255 से अधिक कारीगर इस योजना के विभिन्न घटकों के अंतर्गत लाभान्वित हुए हैं। यह दर्शाता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पारंपरिक कला एवं हस्तशिल्प को नई पहचान और आर्थिक मजबूती मिल रही है। सांसद मदन राठौड़ के सवाल के जवाब में वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह ने सदन में यह जानकारी दी। राठौड़ ने कहा कि एनएचडीपी के तहत कारीगरों को कौशल विकास, डिजाइन उन्नयन, बुनियादी ढांचा सहायता, विपणन सुविधा तथा सामाजिक सुरक्षा जैसे कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग प्रदान किया जा रहा है। इस योजना के अंतर्गत वर्ष 2025-26 में कुल 188.99 करोड़ रुपए का व्यय किया गया है, जो सरकार की प्रतिबद्धता को स्पष्ट करता है। उन्होंने बताया कि अंतरराष्ट्रीय मेलों, प्रदर्शनी एवं खरीदार-विक्रेता बैठकों में भारतीय कारीगरों की भागीदारी लगातार बढ़ रही है। वर्ष 2021-22 में जहां 437 कारीगर/निर्यातक इन कार्यक्रमों में शामिल हुए थे, वहीं 2025-26 में यह संख्या बढ़कर 1114 हो गई है। इससे भारतीय हस्तशिल्प को वैश्विक बाजार में नई पहचान मिली है। राठौड़ ने कहा कि भाजपा सरकार वोकल फॉर लोकल और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करते हुए कारीगरों को आर्थिक रूप से सशक्त बना रही है। राजस्थान जैसे हस्तशिल्प समृद्ध राज्य के लिए यह योजना विशेष रूप से लाभकारी सिद्ध हो रही है। उन्होंने केंद्र सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा सरकार भविष्य में भी कारीगरों एवं शिल्पकारों के हित में कल्याणकारी योजनाएं चलाएगी।

## आमेर किला हुआ गुलजार : देश और विदेश के पर्यटकों का किया गया ऐतिहासिक स्वागत

### मौके पर रंगारंग कार्यक्रमों का भी आयोजन



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** विश्व विख्यात पर्यटन स्थल आमेर फोर्ट में गुरुवार को राजस्थान दिवस के उपलक्ष पर देश और विदेश के पर्यटकों का आमेर फोर्ट प्रशासन की ओर से शानदार और ऐतिहासिक स्वागत किया गया । इस मौके पर यहां बड़ी संख्या में आए पर्यटकों का माला पहनकर और गुलदस्ता भेंट करके उनके तिलक भी लगाया गया। इस ऐतिहासिक स्वागत समारोह को देखकर देश और विदेश के पर्यटक काफी खुश नजर आए। राजस्थान दिवस के उपलक्ष पर सरकार की ओर से गुरुवार को सभी राजकीय संग्रहालय और स्मारक पर दर्शकों के लिए टिकट की फ्री में व्यवस्था सुनिश्चित की गई थी इसके अलावा गुरुवार को ही नवरात्र स्थापना होने की वजह से आमेर फोर्ट परिसर में स्थित करोड़ों लोगों की आस्था का प्रतीक शीला देवी के दर्शन करने के लिए भी लोग गुरुवार को तड़के ही बड़ी संख्या में लोग यहां पहुंच गए थे। इसलिए लोगों ने पहले यहां माता शीला देवी के दर्शन किए और फिर यहां टिकट की फ्री व्यवस्था होने से लोगों ने किले का भी भ्रमण किया इसके अलावा राजस्थान दिवस के अवसर पर आमेर फोर्ट परिसर में ही पर्यटकों के लिए कई तरह के रंगारंग कार्यक्रमों का भी आयोजन किया। गया मौके पर घोड़ी नृत्य, लोक नृत्य, लोक संगीत घूमर नृत्य कालबेलिया नृत्य जैसे कार्यक्रमों को देखकर देश और विदेश के पर्यटक काफी रोमांचित हो गए पर्यटक काफी देर तक इन कार्यक्रमों को देखते रहे आमेर फोर्ट प्रबंधक राकेश छोलक ने यहां पर्यटकों के लिए बहुत ही शानदार व्यवस्था सुनिश्चित की थी यहां की व्यवस्था, साफ सफाई और सजावट देखकर पर्यटक काफी खुश और रोमांचित दिखे तथा यहां आयोजित लोक संगीत और रंगारंग कार्यक्रमों का पर्यटकों ने काफी सराहा खास तौर से विदेशी पर्यटक इन रंगारंग कार्यक्रमों को देखकर काफी खुश और रोमांचित नजर आए, वैसे आमेर फोर्ट अपनी खूबसूरती विशालता और लोकेशन को लेकर दुनिया भर के पर्यटकों में सालों से काफी लोकप्रिय है इसीलिए जयपुर भ्रमण के लिए आने वाले पर्यटकों में 90 प्रतिशत पर्यटक आमेर फोर्ट देखने जरूर आते हैं इस बार आमेर फोर्ट के सामने स्थित झील में नोका सवारी भी शुरू कर दी गई है यहां पर इस झील में अत्यधिक नाव में बैठकर झील का आनंद ले रहे हैं। इस नौकायन व्यवस्था की पर्यटकों ने काफी प्रशंसा की है और इसको लेकर पर्यटकों में काफी उत्साह भी देखा जा रहा है यह झील पानी से बिल्कुल लबालब है इसकी वजह से किले की सुंदरता और भी बढ़ गई है और यहां पर बड़ी संख्या में लोग सुबह से लेकर देर शाम तक सेल्फी भी लेते रहते हैं और मुंबई की चौपाटी जैसा नजारा यहां अब देखने को मिलता है।

## राजस्थान दिवस पर प्रदेश में राजकीय स्मारक और संग्रहालय में दर्शकों को फ्री टिकट की सौगात, पर्यटकों ने राजस्थान दिवस को किया मनोरंजन

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश में गुरुवार को चैत्र नवरात्र के शुभारंभ के पहले दिन राजस्थान दिवस के उपलक्ष पर प्रदेश की भजनलाल सरकार ने प्रदेश के सभी राजकीय स्मारक, संग्रहालय इत्यादि पर्यटन स्थलों में पर्यटकों के लिए फ्री टिकट की व्यवस्था सुनिश्चित की थी इसलिए गुरुवार को राजधानी जयपुर सहित पूरे प्रदेश में राजकीय संग्रहालय और स्मारकों को देखने के लिए बड़ी संख्या में देश और विदेश के पर्यटक पहुंचे। जहां पर्यटन विभाग और पुरातत्व विभाग की ओर से पर्यटकों का शानदार तरीके से स्वागत भी किया गया और कई जगहों पर राजस्थानी लोक नृत्य गीत इत्यादि कार्यक्रम प्रस्तुत करके पर्यटकों को रोमांचित किया गया । हालांकि अब से पहले भी प्रदेश में हर साल राजस्थान दिवस को बहुत ही धूमधाम से मनाया जाता रहा है राजस्थान दिवस पर विभिन्न तरह के कार्यक्रम भी सरकार की ओर से आयोजित किए जाते हैं लेकिन अब से पहले राजस्थान दिवस तारीख के आधार पर सुनिश्चित किया जाता था लेकिन इस बार प्रदेश में पहली बार भजनलाल सरकार ने नवरात्रि चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा पर राजस्थान दिवस मनाने का निर्णय लिया था। क्योंकि सरदार वल्लभभाई पटेल ने राजस्थान स्टेट की स्थापना नवरात्रिचैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा की तिथि पर ही किया था इसलिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इस बार नवरात्र चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा तिथि पर ही राजस्थान दिवस मनाने का निर्णय लिया यह तिथि 19 मार्च को थी इसलिए सरकार ने 19 मार्च को इस बार राजस्थान दिवस मनाने का निर्णय लिया था राजस्थान दिवस के उपलक्ष पर राजधानी जयपुर सहित पूरे प्रदेश में विभिन्न तरह के कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। पर्यटन विभाग कला संस्कृति पुरातत्व विभाग और अन्य सभी सरकारी विभागों की ओर से राजस्थान दिवस पर विभिन्न तरह के कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं जिसमें देश और विदेश के पर्यटकों की मनोरंजन के लिए भी राजस्थान दिवस पर प्रदेश के सभी राज के स्मारक और संग्रहालय पर कई तरह के कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इन कार्यक्रमों में राजस्थानी लोक संगीत, नृत्य, कालबेलिया नृत्य, घूमर नृत्य घोड़ी नृत्य, ऊंट नृत्य इत्यादि कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है इन कार्यक्रमों को देखकर देश और विदेश के पर्यटक खूब रोमांचित हुए जानकार लोगों का कहना है कि इस बार प्रदेश की भजनलाल सरकार ने राजस्थान दिवस को बहुत ही शानदार और ऐतिहासिक तरीके से मनाने के लिए एक विस्तृत कार्यक्रम तैयार बहुत पहले ही कर लिया था इसलिए इस कार्यक्रम के तहत पिछले कुछ दिनों से प्रदेश भर में कई तरह के कार्यक्रम सरकार की ओर से आयोजित किया जा रहे हैं यह कार्यक्रम शहरी और ग्रामीण इलाकों में लगातार किए जा रहे हैं, राजस्थान दिवस के उपलक्ष पर सरकार ने बड़े-बड़े होर्डिंग पोस्टर बैनर भी स्थापित किए हैं इसके अलावा प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में सरकार की ओर से विज्ञापन भी जारी किए गए हैं तथा सरकार की ओर से राजस्थान दिवस के उपलक्ष पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के बारे में भी विस्तार से लोगों को जानकारी दी गई है ।

## पंचायत चुनावः पूर्व विधायक संयम लोढ़ा ने हाई कोर्ट में अवमानना याचिका प्रस्तुत की, हाई कोर्ट ने 15 अप्रैल तक चुनाव करवाने के दिए थे निर्देश

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व विधायक संयम लोढ़ा ने पंचायत चुनाव को लेकर राजस्थान हाई कोर्ट मेंअवमानना याचिका प्रस्तुत की है जानकारी के अनुसार हाईकोर्ट ने पूर्व में अपने डिसिशन में राजस्थान सरकार और चुनाव आयोग को आगामी 15 अप्रैल तक पंचायत चुनाव करवाने के निर्देश दिए थे लेकिन अब ऐसा दिख नहीं रहा है कि 15 अप्रैल से पहले राजस्थान में पंचायत राज संस्थान के चुनाव हो सकते हैं क्योंकि पिछले दिनों प्रदेश के निर्वाचन विभाग ने राजस्थान सरकार के मुख्य सचिव को एक पत्र भेजकर कहा था कि उन्हें जो ओबीसी के जो आंकड़े मिले हैं उनमें कई तरह की कमियां हैं जिनकी वजह से ग्राम पंचायत में वार्ड आरक्षण निकालना मुश्किल है इसलिए जिला कलेक्टर से कहकर दोबारा से ओबीसी के आंकड़े







निर्वाचन विभाग को उपलब्ध करवाए जाएं ताकि चुनाव में आरक्षण व्यवस्था को ठीक तरह से संपादित किया जा सके निर्वाचन विभाग के मुख्य सचिव को लिखें इस पत्र के बाद यह बिल्कुल साफ दिखता है कि 15 अप्रैल से पहले राजस्थान में पंचायत राज संस्थान के चुनाव किसी भी हालत में अब नहीं हो सकते इसलिए कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता संयम ने अब राजस्थान हाई कोर्ट में याचिका प्रस्तुत करके सरकार पर आरोप लगाया है कि सरकार ने हाई कोर्ट के आदेश की अवहेलना की है अब देखने वाली बात यह होगी कि कांग्रेस पार्टी के पूर्व विधायक की ओर से प्रस्तुत की गई इस याचिका को लेकर हाईकोर्ट में जो बहस होगी वह कैसी होगी हाईकोर्ट में जब यह मामला सुनवाई के लिए लंबित होगा तो सरकार और चुनाव आयोग कैसे और किस तरह से हाई कोर्ट को इस मामले में संतुष्ट करेंगे यह देखने वाली बात होगी वैसे प्रदेश के नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्राने कुछ दिन पहले ही पत्रकारों से बातचीत के दौरान यह साफ कहा था कि सरकार ने पंचायत राज और नगर निकाय संबंधी चुनाव की सभी तैयारियां अपने स्तर पर पूरी कर ली है सरकार चुनाव करवाने के लिए पूरी तरह से तैयार है सरकारी स्तर पर कोई भी कमी नहीं है लेकिन ओबीसी आयोग की रिपोर्ट नहीं मिलने की वजह से चुनाव आयोग चुनाव नहीं करवा पा रहा अन्यथा राजस्थान सरकार चुनाव संबंधी सभी तैयारियां पूरी किए हुए हैं बातचीत के दौरान झाबर सिंह खर्राने यह भी कहा था कि वैसे सरकार ने चुनाव करवाने में कहीं भी किसी भी तरह की कोई कमी नहीं छोड़ी है लेकिन फिर भी अगर किसी को दिक्कत है तो वह सुप्रीम कोर्ट के कहे अनुसार हाईकोर्ट में जा सकता है अब जिस तरह से कांग्रेस पार्टी के पूर्व विधायक संयम ने हाई कोर्ट में हाई कोर्ट के आदेशों की अवहेलना करने किजो याचिका प्रस्तुत की है उसके बाद यह मामला और भी दिलचस्प बन गया है कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और विपक्ष के नेता टीकाराम जूली पिछले कई महीनो से लगातार प्रदेश में पंचायत राज संस्थाओं के चुनाव करवाने की लगातार मांग कर रहे हैं राजस्थान विधानसभा में भी कांग्रेस पार्टी ने चुनाव करवाने की पुरजोर मां की थी कांग्रेस पार्टी के नेताओं का कहना है कि पिछले सवा दो साल में प्रदेश की भाजपा सरकार ने कोई काम नहीं किया इसलिए इन चुनाव में अपनी संभावित पराजय को देखकर भाजपा सरकार जानबूझकर चुनाव को आगे टालती हुई जा रही है

## सम्पादकीय

### युद्ध का उन्माद और तार-तार होती इंसानियत



आज जब पूरे विश्व को प्रगति के पथ पर तेजी से आगे बढ़ना था, तब कई देश युद्ध के उन्माद में इस कदर डूबे हुए हैं कि मानवीयता तार-तार हो रही है। सैन्य संघर्ष लगातार बढ़ते जाने से शांति कायम होने की उम्मीदें धूमिल पड़ रही हैं। हमलों का जख्म इतना गहरा है कि उसकी कीमत प्रायः निर्दोष लोग चुका रहे हैं, जिनका युद्ध से कोई वास्ता नहीं। सबसे दुखद यह कि कई बड़े और यहां तक कि छोटे देश भी युद्ध संबंधी अंतरराष्ट्रीय नियम-कायदों को मानने के लिए तैयार नहीं। पूरी दुनिया ने गाजा से लेकर यूक्रेन और तेहरान तक यह देखा है कि किस तरह उन ठिकानों पर भी हमले किए गए, जो नियम के विरुद्ध था। पिछले कुछ दिनों से पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच चल रहे सैन्य टकराव के बीच सोमवार रात जो दृश्य सामने आया, उससे साबित हो गया कि मानवीय संवेदनाओं के सारे तकाजों को ताक पर रख दिया गया है। यह बेहद दुखद है कि अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में पाकिस्तानी हवाई हमले में एक अस्पताल को निशाना बनाया गया, जिससे चार सौ बेकसूर लोगों की मौत हो गई। भारत ने इस मामले में उचित ही सवाल उठाया है कि रमजान के पवित्र माह में इस हवाई बमबारी को किस तरह से देखा जाए। युद्ध के दौरान गैरजरूरी हिंसा रोकने और मानवीय मूल्यों की रक्षा के लिए बनाए गए नियमों में स्पष्ट कहा गया है कि जंग के दौरान आम नागरिकों, स्कूल-अस्पताल और शरण लेने वाली जगहों को निशाना नहीं बनाया जाएगा। कोई देश रिहाइशी इलाकों, अस्पतालों, विद्यालयों और राहत केंद्रों पर हमला करता है, तो यह युद्ध अपराध है। मगर मानवीय तकाजे के बावजूद नियमों को ताक पर रख कर हमले किए जा रहे हैं, तो इसका मकसद क्या है? आज युद्ध की भयावह तस्वीरें हमारे पड़ोस से लेकर पूरे मध्य-पूर्व में दिखाई दे रही हैं। सैन्य हमलों में लोग बेघर हो रहे हैं। वे शरणार्थी शिविरों में रहने के लिए मजबूर हैं। बिजली-पानी और स्वास्थ्य सेवाओं के अभाव में उनका जीवन बदतर हो गया है। हवाई बमबारी में विद्यालयों और अस्पतालों को लगातार निशाना बनाया जा रहा है। मासूम बच्चे और निर्दोष नागरिक मारे जा रहे हैं, तो इसे रोकने की जिम्मेदारी किसकी है? अमेरिका और इजरायल ने मिलकर ईरान पर हमला किया था। युद्ध अभी भी जारी है। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को करारा झटका लगा है। राष्ट्रपति ट्रंप के नेशनल काउंटर टेररिज्म सेंटर के डायरेक्टर जो केंट ने मंगलवार को इस्तीफ़ा दे दिया है।



## कहानी

### वाल्या डाकू से वाल्मकि ऋषि बनने की कहानी

बालमित्रो आप वाल्मीकि ऋषि को तो जानते ही होंगे । वह एक महान ऋषि थे तथा उन्होंने महाकाव्य रामायण की रचना की थी अर्थात रामायण लिखी थी । वाल्मीकि ऋषि का नाम रत्नाकर था । रत्नाकर ऋषि बनने से पहले एक बहुत क्रूर डाकू था, वह घने जंगल में छुपकर बैठता था । जंगल से आने-जानेवाले राहगीरों को रोककर उनकी धन-संपत्ति लूट लेता था तथा उन्हें मार डालता था और उस संपत्ति से अपनी पत्नी, बच्चों का भरण-पोषण करता था । प्रतिदिन शाम को उसकी पत्नी और बच्चे उसकी राह देखते थे कि उन्हें पहनने को आभूषण और खाने के लिए मिठाईयां और अच्छे-अच्छे व्यंजन मिलेंगी । उनके आने पर घर के सभी सदस्य उनका प्रेम से स्वागत करते थे । जब लोगों के ध्यान में आया कि यह रास्ता ठीक नहीं है, यहां डाकू रहते हैं, तो फिर धीरे धीरे लोग उस मार्ग से जाने से कतराने लगे, वे डरते थे कि कहीं डाकू उन्हें मार ना डाले । रत्नाकर को लोग वाल्या डाकू के नाम से जानते थे । एक दिन नारदमुनि हाथ में वीणा लिए 'नारायण-नारायण' का जाप करते हुए जंगल से निकल रहे थे । वाल्या डाकू वहीं जंगल में छुपकर बैठा हुआ था तथा यात्रियों की प्रतीक्षा कर रहा था, जिससे वह उन यात्रियों को लूट सके तथा आज अपने परिवार का भरण-पोषण कर पाए । नारद मुनि के शब्द वाल्या के कानों तक पहुंचे, वह उन्हें लूटने के उद्देश्य से उनके सामने पहुंच गया । उसके हाथ में उन्हें मारने के लिए तलवार थी । उसने नारदमुनि को लूटने के लिए रोका और कहा कि तुम्हारे पास जो भी है, वह मुझे दे दो और तभी तुम आगे जा सकोगे । नारदमुनि ने उसे देखा और शांति से हंसते हुए कहा कि "यह देखो !" मेरे हाथ में वीणा और मुख में हरीनाम के अलावा मेरे पास कुछ भी नहीं है । इसपर वाल्या डाकूने अपने हाथ की तलवार उठाई और कहा कि, जो है वह सब दे दो नहीं तो तुम्हारी गर्दन उडा दूंगा । इसपर थोडा भी गुस्सा न कर, नारद मुनि ने कहा कि, 'अरे मेरी गर्दन खुशी से उडाओ परन्तु उसके पूर्व मेरे एक प्रश्न का उत्तर तो दे दो ।' नारद मुनि का शांत, आनंदी मुख देखकर वाल्या डाकू भी थोडा विचलित हो गया और बोला, 'ठीक है, पूछो !' इसपर नारद मुनि ने उससे कहा कि यह जो तुम लुटपाट करते हो, इसके कारण तुम्हे बहुत पाप लगेगा । उस पाप के कारण तुम्हें बहुत दुःख भोगने पडेंगे तो तुम यह सब क्यों करते हो उसपर रत्नाकर (वाल्या)ने उत्तर दिया कि, मै यह सब अपनी पत्नी और बच्चों के पेट भरने के लिए कर रहा हूं । इसपर नारद मुनि ने कहा, जिनके लिए तुम यह पाप कर रहे हो, वह तुम्हारी पत्नी और बच्चे क्या तुम्हारे इस पाप का आधा फल भोगने हेतु तैयार हैं इसपर रत्नाकर बोला, हां उनके लिए ही तो मैं यह सब करता हूं, तब वे तो इस पाप का आधा फल तो भोगेंगे ही ! नारद मुनि ने कहा, 'तुम पहले घर जाओ और उनसे पूछों कि वे तुम्हारे पाप का आधा फल भोगेंगे अथवा नहीं । यह सुनकर रत्नाकर (वाल्या)ने थोडा विचार किया और कहा कि जब तक मैं घर से इस प्रश्न का उत्तर नही लेकर आता तब तक तुम यहीं पर रहना और कहीं भागने की कोशिश न करना । वह अपने घर की ओर चल दिया । घर जाकर उसने अपने पत्नी-बच्चों से पूछा कि, मैं प्रतिदिन तुम्हारे लिए लोगों को लूटता हूं,

# डिजिटल आराम, मानसिक तनाव—कहाँ फंस गया इंसान?

*मानसिक स्वास्थ्य के स्तर पर यह समस्या और भी गंभीर रूप ले चुकी है। सोशल मीडिया और डिजिटल दुनिया ने तुलना की ऐसी आदत पैदा कर दी है, जिससे हम हर समय खुद को दूसरों से कमतर आंकने लगते हैं। 'कुछ छूट न जाए' का डर हमें लगातार स्क्रीन से जोड़े रखता है। पहले जहां मनोरंजन का अर्थ किताबें पढ़ना या दोस्तों के साथ समय बिताना था, वहीं अब अंतहीन स्क्रॉलिंग ही खुशी का माध्यम बन गई है। यह आदत नींद खराब करती है, एकाग्रता घटाती है और अवसाद बढ़ाती है। युवा पीढ़ी सबसे ज्यादा प्रभावित है क्योंकि वे बचपन से ही इस जाल में फंसे हैं। अध्ययनों से पता चलता है कि सुविधाओं पर निर्भरता बढ़ने से आत्मसम्मान कम होता है और रिश्ते टूटते जा रहे हैं। तात्कालिक सुख देने वाली ये सुविधाएं दीर्घकालिक शांति को छीन रही हैं, जिससे जीवन का संतुलन बिगड़ता जा रहा है। सामाजिक संबंधों पर भी इसका गहरा प्रभाव पड़ा है। पहले पड़ोसियों से बातचीत, परिवार के साथ समय बिताना और सच्चे मिलन जीवन का हिस्सा थे। आज वही रिश्ते मोबाइल स्क्रीन में सिमट गए हैं। हम हजारों लोगों से ऑनलाइन जुड़े हैं, लेकिन वास्तविक जीवन में अकेलापन बढ़ता जा रहा है। बच्चों और माता-पिता के बीच संवाद कम हो गया है क्योंकि हर कोई अपनी-अपनी दुनिया में व्यस्त है। भावनाओं का आदान-प्रदान अब इमोजी तक सीमित रह गया है। इस दूरी ने रिश्तों की गहराई को*

जितनी सुविधाएं, उतनी उलझनें—आधुनिक जीवन का सच

सुविधाओं का जाल: आसान जीवन क्यों मुश्किल बनता जा रहा है

आज के युग में हर तरफ सुविधाओं का बोलबाला है। एक क्लिक में खाना, कपड़े, मनोरंजन सब घर बैठे मिल जाता है। स्मार्टफोन, ऐप्स और इंटरनेट ने जीवन को इतना सरल बना दिया है कि लगता है जैसे पुरानी मुश्किलें हमेशा के लिए गायब हो गईं। लेकिन क्या सचमुच जीवन आसान हो गया है? या यही सुविधाएं एक जाल बनकर हमें उलझा रही हैं? जहां पहले लोग खुद मेहनत करके काम करते थे वहां आज मशीनें और सेवाएं सब संभाल रही हैं। फिर भी तनाव, चिंता और असंतोष बढ़ता जा रहा है। यह विरोधाभास इसलिए है क्योंकि सुविधाएं हमें आराम देती हैं लेकिन साथ ही हमारी स्वतंत्रता, स्वास्थ्य और रिश्तों को चुरा लेती हैं। वास्तव में यह जाल इतना मजबूत है कि निकलना मुश्किल हो गया है। हम सुविधाओं के गुलाम बन चुके हैं और यही वजह है कि आसान जीवन मुश्किल से भी ज्यादा बोझिल लगने लगा है।

तकनीक ने हमारे जीवन की गति को इतना तेज कर दिया है कि ठहराव जैसे शब्द का अस्तित्व ही खत्म हो गया है। सुबह उठते ही मोबाइल की स्क्रीन पर नजर डालना और रात को उसी रोशनी में सो जाना अब दिनचर्या बन चुका है। पहले जहां लोग बाजार जाकर सामान खरीदते थे, वहीं अब हर चीज घर के दरवाजे तक पहुंच जाती है। इस बदलाव ने मेहनत को कम जरूर किया है, लेकिन शारीरिक सक्रियता भी लगभग समाप्त कर दी है। नतीजा मोटापा, कमजोर इम्यूनिटी और बीमारियां। इसके साथ ही, लगातार आने वाली सूचनाओं ने हमारे दिमाग को इतना व्यस्त कर दिया है कि हम शांत होकर सोचने की क्षमता खोते जा रहे हैं। हर निर्णय के लिए तकनीक पर निर्भरता हमें आत्मनिर्भर बनाने के बजाय और अधिक असहाय बना रही है।

मानसिक स्वास्थ्य के स्तर पर यह समस्या और भी गंभीर रूप ले चुकी है। सोशल मीडिया और डिजिटल दुनिया ने तुलना की ऐसी आदत पैदा कर दी है, जिससे हम हर समय खुद को दूसरों से कमतर आंकने लगते हैं। 'कुछ छूट न जाए' का डर हमें लगातार स्क्रीन से जोड़े रखता है। पहले जहां मनोरंजन का अर्थ किताबें पढ़ना या दोस्तों के साथ समय बिताना था, वहीं अब अंतहीन



प्रो. आरके जैन 'अरिजीत'

स्क्रॉलिंग ही खुशी का माध्यम बन गई है। यह आदत नींद खराब करती है, एकाग्रता घटाती है और अवसाद बढ़ाती है। युवा पीढ़ी सबसे ज्यादा प्रभावित है क्योंकि वे बचपन से ही इस जाल में फंसे हैं। अध्ययनों से पता चलता है कि सुविधाओं पर निर्भरता बढ़ने से आत्मसम्मान कम होता है और रिश्ते टूटते जा रहे हैं। तात्कालिक सुख देने वाली ये सुविधाएं दीर्घकालिक शांति को छीन रही हैं, जिससे जीवन का संतुलन बिगड़ता जा रहा है। सामाजिक संबंधों पर भी इसका गहरा प्रभाव पड़ा है। पहले पड़ोसियों से बातचीत, परिवार के साथ समय बिताना और सच्चे मिलन जीवन का हिस्सा थे। आज वही रिश्ते मोबाइल स्क्रीन में सिमट गए हैं। हम हजारों लोगों से ऑनलाइन जुड़े हैं, लेकिन वास्तविक जीवन में अकेलापन बढ़ता जा रहा है। बच्चों और माता-पिता के बीच संवाद कम हो गया है क्योंकि हर कोई अपनी-अपनी दुनिया में व्यस्त है। भावनाओं का आदान-प्रदान अब इमोजी तक सीमित रह गया है। इस दूरी ने रिश्तों की गहराई को कमजोर कर दिया है और एक अदृश्य अकेलेपन को जन्म दिया है, जो धीरे-धीरे मानसिक तनाव का कारण बन रहा है।

आर्थिक दृष्टि से भी सुविधाओं का यह विस्तार हमें भारी पड़ रहा है। हर सुविधा की एक कीमत होती है—चाहे वह सब्सक्रिप्शन हो, डिलीवरी चार्ज हो या लगातार अपग्रेड्स की जरूरत। छोटे-छोटे खर्च मिलकर एक बड़ा आर्थिक बोझ बन जाते हैं। पहले जहां घर का खाना सस्ता और पौष्टिक होता था, वहीं अब बाहर का खाना महंगा और अक्सर अस्वास्थ्यकर होता है। नौकरी में भी सुविधाएं बढ़ने से प्रतिस्पर्धा इतनी तेज हो गई है कि आराम का समय खत्म हो गया है। सुविधाओं की आदत हमें ऐसी जीवनशैली की ओर ले जाती है, जहां बिना इनके रहना कठिन लगता है। यही कारण है कि कई लोग अपनी आय का बड़ा हिस्सा इन्हीं पर खर्च करने लगते हैं, जिससे आर्थिक असुरक्षा और तनाव बढ़ता है।

पर्यावरण के संदर्भ में यह समस्या और भी व्यापक हो जाती है। हर सुविधा के पीछे संसाधनों की खपत और प्रदूषण की एक लंबी कहानी छिपी होती है। ऑनलाइन ऑर्डर के साथ आने वाली प्लास्टिक पैकेजिंग, तेज डिलीवरी के लिए इस्तेमाल होने वाले वाहन और बढ़ती ऊर्जा खपत ने प्रकृति पर भारी दबाव डाला है। हम अपनी सुविधा के लिए जिन संसाधनों का उपयोग कर रहे हैं, उनकी भरपाई प्रकृति के लिए संभव नहीं हो पा रही है। परिणामस्वरूप जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण और प्राकृतिक असंतुलन जैसी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। आज का आराम भविष्य की पीढ़ियों के लिए संकट बनता जा रहा है।

हालांकि इस स्थिति से बाहर निकलना असंभव नहीं है, लेकिन इसके लिए जागरूकता और संतुलन जरूरी है। हमें यह समझना होगा कि सुविधाएं हमारे जीवन को बेहतर बनाने के लिए हैं, न कि हमें नियंत्रित करने के लिए। समय-समय पर डिजिटल दुनिया से दूरी बनाना, खुद छोटे-छोटे काम करना और वास्तविक जीवन के रिश्तों को महत्व देना जरूरी है। यदि हम तकनीक को एक साधन के रूप में उपयोग करें और उसे अपने जीवन का केंद्र न बनने दें, तो हम इस जाल से काफी हद तक मुक्त हो सकते हैं। संतुलित जीवनशैली ही वह रास्ता है, जो हमें सच्चे सुख और संतोष की ओर ले जा सकता है। यह स्पष्ट है कि सुविधाओं का संसार जितना आकर्षक दिखता है, उतना ही जटिल भी है। यह हमें तात्कालिक आराम जरूर देता है, लेकिन धीरे-धीरे हमारी स्वतंत्रता, स्वास्थ्य और रिश्तों को कमजोर कर देता है। अगर हम समय रहते इस विरोधाभास को नहीं समझ पाए, तो आसान दिखने वाला जीवन और भी कठिन होता जाएगा। इसलिए अब समय है कि हम ठहरकर सोचें, अपनी प्राथमिकताओं को समझें और सुविधाओं के इस जाल से खुद को संतुलित तरीके से बाहर निकालने का प्रयास करें—तभी जीवन वास्तव में आसान और सार्थक बन सकेगा।

# गौरैया:आंगन की चिरैया, प्रकृति की संवेदना

*एक समय था जब घर-आंगन में गौरैया की चहचहाहट हमारे सामान्य जीवन का हिस्सा हुआ करती थी, किंतु बदलती जीवनशैली, पक्के मकानों के बढ़ते चलन और घटते हरित क्षेत्र के कारण आज इनकी संख्या में भारी गिरावट देखी जा रही है और इसका सीधा व प्रत्यक्ष प्रभाव हमारे पर्यावरण और पारिस्थितिकी तंत्र(इको सिस्टम) पर पड़ रहा है। कहना ग़लत नहीं होगा कि आज बढ़ती आबादी, तीव्र शहरीकरण, औद्योगीकरण, कंक्रीट के जंगलों का विस्तार, ध्वनि, जल तथा वायु प्रदूषण, मोबाइल टावरों से निकलने वाला विकिरण, वनों की अंधाधुंध कटाई, प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन, कीटनाशकों और रसायनों का अत्यधिक उपयोग तथा कृषि में तकनीकी बदलाव जैसे अनेक कारण गौरैया के अस्तित्व के लिए गंभीर खतरा बन चुके हैं। वास्तव में, छोटे पक्षी विशेष रूप से ध्वनि प्रदूषण को सहन नहीं*

प्रतिवर्ष 20 मार्च को 'विश्व गौरैया दिवस' मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने के पीछे का मुख्य उद्देश्य गौरैया तथा अन्य छोटे पक्षियों के संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना, उनकी निरंतर घटती संख्या के कारणों को समझाना, जैव-विविधता(बायो-डायवर्सिटी) के महत्व को रेखांकित करना तथा लोगों को पेड़-पौधे लगाने, कृत्रिम घोंसले बनाने और पक्षियों के लिए दाना-पानी उपलब्ध कराने जैसे व्यावहारिक कदम उठाने के लिए प्रेरित करना है। इस दिवस की शुरुआत वर्ष 2010 में भारत की संस्था नेचर फोरएवर सोसायटी द्वारा की गई थी, जिसके संस्थापक पर्यावरणविद् मोहम्मद दिलावर हैं। यहां पाठकों को यह भी बताता चलूं कि इसका मूल उद्देश्य गौरैया संरक्षण के लिए एक वैश्विक मंच तैयार करना था, जिससे इस छोटे किंतु अत्यंत महत्वपूर्ण पक्षी के प्रति लोगों में संवेदनशीलता विकसित हो सके।



सुनील कुमार महला

एक समय था जब घर-आंगन में गौरैया की चहचहाहट हमारे सामान्य जीवन का हिस्सा हुआ करती थी, किंतु बदलती जीवनशैली, पक्के मकानों के बढ़ते चलन और घटते हरित क्षेत्र के कारण आज इनकी संख्या में भारी गिरावट देखी जा रही है और इसका सीधा व प्रत्यक्ष प्रभाव हमारे पर्यावरण और पारिस्थितिकी तंत्र(इको सिस्टम) पर पड़ रहा है। कहना ग़लत नहीं होगा कि आज बढ़ती आबादी, तीव्र शहरीकरण, औद्योगीकरण, कंक्रीट के जंगलों का विस्तार, ध्वनि, जल तथा वायु प्रदूषण, मोबाइल टावरों से निकलने वाला विकिरण, वनों की अंधाधुंध कटाई, प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन, कीटनाशकों और रसायनों का अत्यधिक उपयोग तथा कृषि में तकनीकी बदलाव जैसे अनेक कारण गौरैया के अस्तित्व के लिए गंभीर खतरा बन चुके हैं। वास्तव में, छोटे पक्षी विशेष रूप से ध्वनि प्रदूषण को सहन नहीं कर पाते, वहीं टावरों से निकलने वाली तरंगें उनकी प्रजनन क्षमता पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालती हैं। इतना ही नहीं, आधुनिक ईंधनों में प्रयुक्त रसायन जैसे बेंजीन और मिथाइल तृतीयक ब्यूटाइल ईथर उन कीटों को नष्ट कर देते हैं, जिन पर गौरैया के बच्चे निर्भर रहते हैं। उद्यानों में कीटनाशकों और शाकनाशियों के अत्यधिक उपयोग से भी कीटों की संख्या में कमी आई है, जिससे इनके भोजन का संकट उत्पन्न हो गया है। शहरी क्षेत्रों में पारंपरिक घोंसला स्थलों की कमी, कांच से बनी बंद इमारतों का बढ़ता प्रचलन तथा उपयुक्त भोजन की अनुपलब्धता इनके प्रजनन को लगातार प्रभावित कर रही है। बदलती वास्तुशैली और सांस्कृतिक परिवर्तनों ने इनके आवास और खाद्य स्रोतों को लगभग समाप्त कर दिया है। बहरहाल, यदि हम यहां पर आंकड़ों की बात करें तो विभिन्न रिपोर्टों के अनुसार भारत में घरेलू गौरैया की संख्या में लगभग 60 प्रतिशत तक गिरावट दर्ज की गई है।पक्षियों के संरक्षण के लिए रॉयल सोसाइटी(रॉयल सोसाइटी फोर दि प्रोटेक्शन ऑफ बर्ड्स) ने इसे अपनी लाल सूची(रेड-लिस्ट) में शामिल किया है। गौरतलब है कि विश्व में गौरैया की लगभग 26 प्रजातियां पाई जाती हैं, जिनमें से 5 भारत में मिलती हैं। यह बिहार का राज्य पक्षी है तथा वर्ष 2012 में इसे दिल्ली का राज्य पक्षी घोषित किया गया।भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद(आइसीएआर) के अनुसार आंध्र प्रदेश में इसकी संख्या में 80 प्रतिशत तक कमी आई है, जबकि केरल, गुजरात और राजस्थान में लगभग 20 प्रतिशत गिरावट दर्ज की गई है। 'स्टेट ऑफ इंडियाज बर्ड्स' रिपोर्ट के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में इसकी संख्या अपेक्षाकृत स्थिर बनी हुई है, जबकि महानगरों में 70 से 80 प्रतिशत तक गिरावट देखी गई है।

हाल फिलहाल, यहां पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि गौरैया पासेरीडे परिवार की एक सामाजिक और सर्वाहारी पक्षी है, जो झुंड में रहना पसंद करती है। यह मुख्यतः बीज, कीड़े, जामुन और फल खाती है। इसकी सामान्य उड़ान गति लगभग 24 मील प्रति घंटा होती है, जो खतरे की स्थिति में 31 मील प्रति घंटा (लगभग 45 किलोमीटर प्रति घंटा) तक पहुंच सकती है। इसकी औसत आयु 4 से 5 वर्ष होती है। यह दीवारों, पेड़ों के कोटरों, झाड़ियों, पुराने घरों, रोशनदानों और खिड़कियों में घोंसला बनाती है। नर गौरैया अपने घोंसले की रक्षा आक्रामक रूप से करता है और यह पक्षी सामान्यतः जीवनभर एक ही साथी के साथ रहने की प्रवृत्ति रखता है, जो इसकी वफादारी को दर्शाता है। पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में गौरैया की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह अल्फा और कटवर्म जैसे हानिकारक कीटों को खाकर फसलों की रक्षा करती है, इसलिए इसे किसानों का मित्र कहा जाता है। यहां पाठकों के साथ एक दिलचस्प तथ्य शेयर करना चाहूंगा कि वर्ष 1958 में चीन में 'चार कीट अभियान'(फोर पेस्ट्स कैंपेन) के दौरान गौरैया को बड़े पैमाने पर नष्ट कर दिया गया था, जिसके परिणामस्वरूप टिड्डों की संख्या में अत्यधिक वृद्धि हुई और वहां भीषण अकाल पड़ा। चीन की यह घटना गौरैया के पारिस्थितिक महत्व को स्पष्ट रूप से रेखांकित करती है।

उल्लेखनीय है कि गौरैया को 'पर्यावरण का थर्मामीटर' भी कहा जाता है, क्योंकि इसकी उपस्थिति किसी क्षेत्र के स्वस्थ पर्यावरण का संकेत देती है। यह अत्यंत संवेदनशील पक्षी है और सूक्ष्म धूल कणों से उत्पन्न ऑक्सीडेटिव तनाव से प्रभावित होता है। साथ ही, सामान्य मैना जैसे पक्षियों से प्रतिस्पर्धा भी इसकी संख्या में कमी का एक कारण है। यह पक्षी सामाजिक संकेतों के माध्यम से अपने साथियों को खतरे की सूचना देता है, धूल में नहाकर परजीवियों से स्वयं को सुरक्षित रखता है तथा कम पानी में भी जीवित रह सकता है। इसकी हृदय गति लगभग 460 से 600 प्रति मिनट तक होती है। वैज्ञानिक अध्ययनों के अनुसार मानव और गौरैया का संबंध लगभग 10,000 वर्ष पुराना है, जो सह-अस्तित्व और पारिस्थितिक संतुलन का प्रतीक है। इतना ही नहीं, गौरैया का सांस्कृतिक महत्व भी अत्यधिक रहा है। भारतीय लोकजीवन में इसे परिवार के सदस्य की तरह स्नेह और अपनापन मिला है। वर्तमान में पक्षी-मित्र आवास, कृत्रिम घोंसले तथा गौरैया पर्यटन जैसी पहलें सकारात्मक संकेत दे रही हैं। हर साल इस दिवस की एक थीम रखी जाती है और वर्ष 2025 की थीम 'प्रकृति के नन्हे दूतों को सम्मान' थी, जबकि वर्ष 2026 की थीम 'गौरैया: हमारे पड़ोसी, जिन्हें आवश्यकता है' रखी गई है, जो मानव और प्रकृति के बीच संबंधों को पुनर्स्थापित करने का संदेश देती है। अंततः, गौरैया संरक्षण के लिए किसी बड़े निवेश की आवश्यकता नहीं है, बल्कि छोटे-छोटे प्रयास ही पर्याप्त सिद्ध हो सकते हैं-जैसे घरों में दाना-पानी रखना, मिट्टी के बर्तनों (परिंडे) का उपयोग करना, पौधे लगाना, कृत्रिम घोंसले बनाना तथा पर्यावरण संरक्षण को अपनी जीवनशैली का अभिन्न अंग बनाना। निष्कर्षतः, गौरैया केवल एक साधारण पक्षी नहीं, बल्कि पर्यावरण संतुलन की आधारशिला है; इसका संरक्षण मानवता के सुरक्षित और संतुलित भविष्य की गारंटी है।

# ऊर्जा सुरक्षा की तैयारियों पर उठते सवाल

पेट्रोलियम मंत्रालय से जुड़ी संसदीय समिति ने ऊर्जा सुरक्षा की तैयारियों पर सवाल उठाते हुए यह सही कहा कि आपातकालीन स्थिति के लिए देश में कच्चे तेल की पर्याप्त भंडारण क्षमता नहीं है। समिति ने रणनीतिक भंडार बनाने के लिए कम बजट आवंटन की जो चर्चा की, उसे सरकार को गंभीरता से लेना होगा। तेल का रणनीतिक भंडार बनाने का काम किस तरह प्राथमिकता से बाहर है, इसका उदाहरण है बजटीय आवंटन के मुकाबले मामूली राशि का खर्च। ऊर्जा सुरक्षा पर इसलिए तत्काल प्रभाव से ध्यान देना होगा, क्योंकि हाल में पश्चिम एशिया में जो स्थिति बनी, वह भविष्य में भी बन सकती है। भारत फिलहाल भले ही रूस से भरपूर तेल



खरीदने में सक्षम हो, पर कुछ समय पहले तक अमेरिका इसके लिए दबाव बना रहा था कि वह रूसी तेल का आयात बंद करे। उसने ईरान से भी तेल खरीद पर प्रतिबंध लगा रखा है। इसके पहले उसने वेनेजुएला की तेल बिक्री को प्रतिबंधित कर रखा था। भारत की समस्या केवल यह नहीं कि उसे अपनी आवश्यकता का 85 प्रतिशत से अधिक तेल एवं करीब 60 प्रतिशत गैस आयात करनी पड़ती है और इनमें से एक बड़ा हिस्सा उस पश्चिम एशिया से आता है, जहां रह-रहकर संघर्ष छिड़ जाता है। भारत की समस्या यह भी है कि उसकी तेल एवं गैस भंडारण क्षमता इतनी नहीं कि तीन-चार माह आयात किए बिना गुजारा हो सके। कच्चे तेल के साथ गैस पर दूसरे देशों पर निर्भरता को कम करने के जतन युद्ध स्तर पर किए जाने चाहिए और इसके लिए वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों पर ध्यान दिया जाना चाहिए। घरों और उद्योगों में इस्तेमाल होने वाली गैस की कमी कैसे संकट खड़े कर सकती है, इसे वर्तमान परिदृश्य अच्छी तरह बता रहा है। जरूरत केवल इसकी नहीं कि रसोई गैस सिलिंडर का इस्तेमाल कम से कम हो और घरों एवं कारखानों में पाइपलाइन से गैस की आपूर्ति हो। जरूरत इसकी भी है कि हर क्षेत्र में स्वच्छ ऊर्जा के विकल्पों का चलन बढ़े। यही समय है कि देश में सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा आदि के उत्पादन और उपयोग पर जोर दिया जाए। उन उपायों पर भी बल दिया जाना चाहिए, जिनसे इलेक्ट्रानिक वाहनों का चलन तेजी से बढ़े। अभी ऐसा इसलिए नहीं हो पा रहा है, क्योंकि पर्याप्त चार्जिंग प्वाइंट ही नहीं हैं। निःसंदेह यह भी समय की मांग है कि खाना पकाने में बिजली का इस्तेमाल बढ़े।

## ऑपरेशन एंटी वेनम के तहत होटल पर छापा, मादक पदार्थों के साथ आरोपी गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**विराटनगर(निस)।** जयपुर रेंज आईजी राहुल प्रकाश की ओर से मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान 'ऑपरेशन एंटी वेनम' के तहत विराटनगर थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने एक होटल पर दबिश देकर भारी मात्रा में अवैध गांजा और डोडा चूरा जब्त करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। कोटपुतली-बहरोड़ एसपी सतवीर सिंह के निर्देशन में गठित विशेष टीम ने पालड़ी स्टैंड से भामोद रोड स्थित 'आर.के. रेस्टोरेंट एण्ड होटल' पर कार्रवाई की। तलाशी के दौरान पुलिस ने आरोपी नाथूराम गुर्जर के कब्जे से 0.638 किलोग्राम अवैध गांजा और 0.302 किलोग्राम डोडा चूरा बरामद किया। पुलिस ने अवैध पदार्थ जब्त कर आरोपी को मौके से गिरफ्तार कर लिया है।यह कार्रवाई एएसपी नाजिम अली खान और वृत्ताधिकारी उमेश कुमार निठारवाल के सुपरविजन में विराटनगर थानाधिकारी सोहन लाल के नेतृत्व में संपन्न हुई। टीम में उपनिरीक्षक प्रकाश सिंह, सहायक उपनिरीक्षक कृष्णलाल सहित राजेश कुमार, कंवर सिंह, कृष्ण कुमार, शीशराम, मुकेश कुमार और जगमोहन शामिल रहे। इधर पुलिस ने आरोपी नाथूराम गुर्जर (35), निवासी हरिकिशनपुरा के खिलाफ विराटनगर थाने में प्रकरण संख्या 49/2026 दर्ज किया है। आरोपी पर एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 और 8/15 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस अब यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि आरोपी यह मादक पदार्थ कहाँ से लाया था और किन-किन लोगों को सप्लाई करने वाला था।

## प्रदेश सचिव बनने पर मीनाक्षी रान्दड़ का भव्य स्वागत



जयपुर टाइम्स

**मकराना(निस)।** मध्य राजस्थान माहेश्वरी महिला संगठन की प्रदेश सचिव बनने पर मीनाक्षी रान्दड़ का शहर में भव्य स्वागत किया गया। समाज एवं कॉलोनी की महिलाओं ने जगह-जगह उनका सम्मान कर खुशी व्यक्त की। इस अवसर पर मीनाक्षी रान्दड़ ने सभी का आभार जताते हुए कहा कि यह पद उनके लिए सम्मान के साथ-साथ बड़ी जिम्मेदारी भी है, जिसे वे पूरी निष्ठा से निभाएंगी। उन्होंने कहा कि संगठन के माध्यम से समाज की सभी बहनों को जोड़कर आगे बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा। साथ ही उन्होंने उन महिलाओं को भी आगे लाने की बात कही, जो लंबे समय से कार्यरत हैं लेकिन उन्हें उचित अवसर नहीं मिल पाया। उन्होंने सभी से सकारात्मक सहयोग की अपील करते हुए संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प व्यक्त किया। कार्यक्रम में शशि लढ़ा, शोभा डागा, बसंती चौखड़ा, सुमन माहेश्वरी, सीमा मंत्री, कोमल रान्दड़, प्रेमलता रान्दड़, सुनीता रान्दड़, सुशीला रान्दड़, रेणु रान्दड़, सुनीता डागा, ममता मालपानी सहित अनेक महिलाएं उपस्थित रहीं।

## नावां में बकाया बिल वालों की खैर नहीं, लगातार कट रहे कनेक्शन



जयपुर टाइम्स

**नावां सिटी(निस)।** बकाया बिल जमा नहीं करने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ जलदाय विभाग ने सख्त रुख अपनाते हुए कार्रवाई तेज कर दी है। उपखंड मुख्यालय नावा में गुरुवार को विभाग की टीम ने अभियान चलाकर कई बकायादारों के जल कनेक्शन काट दिए। इस कार्रवाई का नेतृत्व जलदाय विभाग के जेईएन प्रदीप चौधरी ने किया। अभियान के दौरान वार्ड नंबर 4 निवासी ओमप्रकाश खटीक का जल कनेक्शन 8230 की बकाया राशि होने के कारण विच्छेद कर दिया गया। विभाग की इस सख्ती से बकायादारों में हड़कंप मच गया है और लोग अब जल्द से जल्द अपनी बकाया राशि जमा कराने की तैयारी में जुट गए हैं। जलदाय विभाग के एईएन शांति जाखड़ ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि सभी उपभोक्ता 31 मार्च तक अपने बकाया बिल जमा करवा दें, अन्यथा विभाग की ओर से कनेक्शन काटने सहित अन्य कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि अब तक कुल 125 जल कनेक्शन काटे जा चुके हैं और यह अभियान लगातार जारी रहेगा। विभाग की इस कार्रवाई का उद्देश्य न केवल बकाया वसूली करना है, बल्कि जल आपूर्ति व्यवस्था को सुचारु बनाए रखना भी है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि समय पर बिल जमा करना प्रत्येक उपभोक्ता की जिम्मेदारी है। जलदाय विभाग की इस सख्ती के बाद शहर में जागरूकता बढ़ी है और लोग नियमों का पालन करने की ओर अग्रसर हो रहे हैं।

## श्री राम कथा रस माधुरी का आयोजन



जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निस)।** नया बाजार स्थित अग्रवाल धर्मशाला में आज श्रीराम कथा रस माधुरी का आज विधि विधान से पूजन अर्चना के साथ शुभारंभ हुआ। सर्व प्रथम कथा व्यास पं महेश शर्मा हवेलीवाला को कथा यजमान दंपति सत्यनारायण गायत्री देवी सर्राफ ने परिवार सहित सम्मानपूर्वक व्यास पीठ पर आसीन कराया। प्रथम दिवस माता सती व शंकर पार्वती विवाह कथा को अत्यंत सुन्दर और मनमोहक तरीके से प्रस्तुत किया गया। राम चरित मानस कथा की भूमिका को पंडित महेश शर्मा ने सुधि श्रोताओं के समक्ष संगीतमय ढंग से प्रस्तुत किया। आयोजक परिवार से यज्ञ दत्त सर्राफ ने बताया कि कथा आयोजन एवं कलश यात्रा में अग्रणी भूमिका निभा रहे बाबा अमरनाथ कावडिया संघ के पदाधिकारी तथा कार्यकर्ताओं का कथा उपरांत सम्मान एवं अभिनंदन किया गया।

# शहीद सचिन पूनिया को नमन: गागड़वास में तिरंगा यात्रा, गूंजे 'भारत माता की जय' के नारे

जयपुर टाइम्स

**सादुलपुर(निस)।** उत्तराखंड के हर्षिल क्षेत्र में 5 अगस्त 2025 को आई प्राकृतिक आपदा के दौरान ड्यूटी निभाते हुए शहीद हुए गांव गागड़वास के वीर सपूत सचिन पूनिया की स्मृति में गुरुवार को भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। पूरे गांव में देशभक्ति का माहौल देखने को मिला और 'भारत माता की जय' व 'अमर शहीद सचिन पूनिया अमर रहें' के नारों से वातावरण गूंज उठा।

जानकारी के अनुसार गागड़वास निवासी किसान प्रदीप कुमार पूनिया के पुत्र सचिन पूनिया 7 अक्टूबर 2024 को भारतीय सेना में भर्ती हुए थे। वे 14वीं बटालियन राजपूताना राइफल्स में अग्निवीर के रूप में उत्तराखंड में तैनात थे। 5 अगस्त 2025 को हर्षिल में आई भीषण प्राकृतिक आपदा के दौरान कर्तव्य निभाते हुए वे शहीद हो गए। घटना के बाद उनकी पार्थिव देह बरामद नहीं हो सकी, जिसके पश्चात सेना ने उन्हें अमर शहीद का दर्जा प्रदान किया। शहीद के सम्मान में सेना की एक टुकड़ी तिरंगा लेकर बीकानेर से गागड़वास पहुंची। इस दौरान पूर्व विधायक डॉ. कृष्णा पूनिया सहित सैकड़ों ग्रामीणों ने पुष्प वर्षा कर वीर सपूत को श्रद्धांजलि दी। तिरंगा यात्रा गांव में होते हुए शहीद के घर पहुंची, जहां सेना अधिकारियों ने शहीद के पिता प्रदीप कुमार पूनिया को सम्मानपूर्वक तिरंगा सुपुर्द किया। इस भावुक क्षण में उपस्थित जनसमूह की आंखें नम हो गईं। इसके पश्चात गांव के खेल मैदान में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई, जिसमें जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस जवानों ने शहीद को नमन किया। इस अवसर पर उपखंड अधिकारी मनोज खेमदा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रिछपाल सिंह चारण, भाजपा नेता जोगेंद्र झाझड़िया, भाजपा जिला प्रवक्ता विमल पूनिया, भाजपा किसान मोर्चा जिला मंत्री, सांखू मंडल अध्यक्ष कृष्ण जांगिड़, कांग्रेस युवा अध्यक्ष रोहित पूनिया, देहात ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अशोक पूनिया सहित अनेक नागरिक उपस्थित रहे। पूरे आयोजन में क्षेत्रवासियों ने शहीद के बलिदान को नमन करते हुए राष्ट्र सेवा के प्रति गर्व व्यक्त किया।



## संक्रमण के नाम पर दोहरे नियम, पीएमओ का आदेश सवालों के घेरे में

### मरीजों पर सख्ती, स्टाफ को राहत

जयपुर टाइम्स



**फुलेरा (निस)।** उप जिला अस्पताल के पीएमओ की ओर से लेबर रूम वार्डों में संक्रमण नियंत्रण के उद्देश्य से एक आदेश जारी किया गया है, जिसके तहत मरीजों व उनके परिजनों को चप्पल बाहर उतारकर ही अंदर प्रवेश करने के निर्देश दिए गए हैं। हालांकि यह आदेश केवल मरीजों और उनके परिजनों तक ही सीमित है, जबकि अस्पताल स्टाफ, सफाई कर्मचारियों व वार्ड बॉय पर यह नियम लागू नहीं किया गया है। वार्ड बॉय व अन्य स्टाफ बिना चप्पल-जूते उतारे ही वार्ड में आवाजाही करते देखे जा रहे हैं, जिससे आदेश की गंभीरता और प्रभावशीलता पर सवाल उठने लगे हैं। स्थिति यह भी सामने आ रही है कि मरीज और उनके परिजन वार्ड के बाहर फैली गंदगी से नंगे पांव होकर गुजरने को मजबूर हैं, जिससे संक्रमण का खतरा और अधिक बढ़ने की आशंका व्यक्त की जा रही है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि चप्पलों के माध्यम से संक्रमण फैलने की आशंका है, तो यह नियम सभी पर समान रूप से लागू होना चाहिए। केवल मरीजों और परिजनों पर सख्ती करना न केवल असंतुलित है, बल्कि इससे व्यवस्था की निष्पक्षता पर भी प्रश्नचिह्न लगता है। स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े जानकारों का मानना है कि संक्रमण नियंत्रण के उपाय तभी प्रभावी होते हैं, जब उन्हें व्यापक और समान रूप से लागू किया जाए। आंशिक रूप से लागू किए गए निर्देश न केवल भ्रम की स्थिति पैदा करते हैं, बल्कि उनके प्रभाव पर भी संदेह उत्पन्न करते हैं। इस पूरे मामले को लेकर आमजन में असंतोष देखा जा रहा है और प्रशासन से अपेक्षा की जा रही है कि स्पष्ट, वैज्ञानिक व समान नियम लागू किए जाएं, ताकि संक्रमण नियंत्रण के साथ-साथ आमजन का विश्वास भी कायम रह सके।

## कलश यात्रा के साथ रामकथा का आगाज

जयपुर टाइम्स



**रतनगढ़(निस)।** सर्व समाज की ओर से आयोजित संगीतमय श्री रामकथा का आयोजन प्रारंभ हुआ। इसके लिए गायत्री परिवार के सौजन्य से माहेश्वरी भवन से कथा स्थल ताल वाले बालाजी मंदिर तक कलश यात्रा निकाली गई। कथा वाचक संत रघुनंदन दास महाराज को नगर के मुख्य मार्गो से रथारूढ़ कर कलश यात्रा के साथ बैंड बाजे के साथ कथा स्थल ताल वाले बालाजी मंदिर लाया गया। मंदिर में गणेश पूजन, बालाजी व श्याम दर्शन पूजन कर व्यास पीठ पर राम दरबार का पूजन कथा यजमानों ने किया। सर्व समाज की ओर से आयोजित इस राम कथा में प्रथम दिवस खांडल विप्र सेवा संस्थान, वाल्मीकि समाज, देवकिशन स्मृति सेवा समिति, दाधीच सेवा समिति, वैष्णव स्वामी समाज के सदस्यों ने यजमान के रूप में व्यास पीठ का पूजन अर्चन कर कथा का शुभारंभ किया। पूजन कार्य पंडित नवीन हरित ने संपन्न करवाया। कथा में प्रभु श्री राम के चरित्र पर प्रकाश डालते हुए संत सीताराम महाराज ने कहा कि - रामचरित मानस में प्रभु श्री राम के जिस चरित्र का बखान किया है वे सबको स्नेह, सम्मान और समरसता की दृष्टि से मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान हैं, जिन्होंने जाति पांति आदि सभी विभेदों से दूर कर मानवीय गुणों के विकास पर बल दिया। मानवता को हृदय में धारण करने वाले व्यक्ति को ही धर्म और ईश्वर की प्राप्ति हो सकती है। उन्होंने कहा कि चरित्र की उज्जवलता मानव जीवन में अति आवश्यक है, उत्तम चरित्र के निर्माण से ही भारत और हिन्दू संस्कृति का उत्थान संभव है। इस अवसर पर बद्रीप्रसाद बंसिया, नंदलाल माटोलिया, पवन माटोलिया, विश्वनाथ सोनी, सीताराम जांगिड़, उदय प्रकाश दाधीच, अनूप जोशी, नंदकिशोर भार्गव, ओम मनोहर स्वामी, कृष्ण कुमार रामावत, हेमन्त पंवार, सुमित पंवार, सीताराम धईं, सुगनाराम कालेर, हरिराम कड़ेल, जगदेव सांखोलिया, रामदेव चंदनिया, अनिल लाटा, कमल शर्मा, जयकिशन डामा, ललित रांकावत, भंवरलाल टेलर आदि सैकड़ों की संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। आगामी 9 दिनों तक दोपहर 1 बजे से 5 बजे तक होने वाली इस संगीतमय पावन रामकथा श्रवण के लिए महाराज ने सभी नगरवासियों से आग्रह किया। कार्यक्रम का संचालन पुजारी धनराज इंदौरिया ने किया।

## मुख्यमंत्री ने विकसित ग्राम-शहरी वार्ड अभियान का किया शुभारंभ



### अभियान के माध्यम से गांवों तक पहुंचेगा विकास का रोड़मैप

**अलवर(निस)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजस्थान दिवस चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के शुभ अवसर पर गुरूवार को जयपुर से मुख्यमंत्री विकसित ग्राम/शहरी वार्ड अभियान का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में जिला स्तर से वीसी कक्ष से जिला अधिकारी वीडियों कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े। इस अवसर पर मुख्यमंत्री शर्मा ने अभियान की वेबसाइट को गो लाइव किया। अभियान का संचालन 19 मार्च से 15 मई तक किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल लाल शर्मा ने राजस्थान दिवस एवं नव संवत्सर की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राज्य सरकार ने बजट घोषणा की अनुपालना में ग्राम पंचायत स्तर एवं शहरी नगर निकाय क्षेत्रों में विकास का मास्टर प्लान तैयार करने के लिए विकसित ग्राम-शहरी वार्ड अभियान की शुरुआत की है। उन्होंने कहा कि विकसित गांव ही विकसित राजस्थान-विकसित भारत का आधार है और इस दिशा में यह अभियान ऐसा मॉडल बनेगा, जिसके माध्यम से स्थानीय आकांक्षाओं पर आधारित विकास का रोड़मैप गांवों तक पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार की मंशा है कि गांवों, शहरों के वार्डों में नियोजित तरीके से विकास किया जाए तथा शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, बिजली, सड़क आदि विकास के कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर लागू किया जाए। राज्य सरकार द्वारा विकसित राजस्थान @ 2047 के विजन के अनुरूप योजनाबद्ध विकास हेतु राजस्थान इंस्टीट्यूट फॉर ट्रांसफोर्मेशन एंड इनोवेशन (रीति) के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायत से जिला स्तर तक के विकास के लिए मास्टर प्लान बनाने हेतु मुख्यमंत्री विकसित ग्राम/शहरी वार्ड अभियान की शुरुआत की है, जिसका संचालन 19 मार्च से 15 मई तक किया जाएगा। अभियान के तहत ग्राम पंचायत एवं वार्ड का मास्टर प्लान तैयार किया जाएगा, जिसमें अल्पकालिक योजना (वर्ष 2030 तक), मध्यकालीन योजना (वर्ष 2035 तक) एवं दीर्घकालीन योजना (वर्ष 2047 तक) का विकास का रोडमैप तैयार होगा। अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत में वार्ड की डायनेमिक प्रोफाइल तैयार की जाएगी, जिसके तहत उपलब्ध संसाधनों एवं बुनियादी सुविधाओं का आकलन किए जाने हेतु डेटाबेस तथा विकास की प्राथमिकताओं का निर्धारण निर्माण किया जाएगा। जिला स्तर पर वीसी में अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रथम बीना महावर, अतिरिक्त जिला कलक्टर द्वितीय योगेश डागुर, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सालुखे गौरव रविंद्र, उपखंड अधिकारी अलवर माधव भारद्वाज सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे एवं वीसी से उपखंड अधिकारी एवं अधिशासी अधिकारी जुड़े।

## शक्ति स्वरूपा कन्याओं का सम्मान उत्सवः -नेक कमाई फाउंडेशन ने किया पूजन व उपहार वितरण

### विमंदित, मूक बधिर और जरूरमंद बेटियों की पूजा

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** नवरात्र के पावन प्रथम दिवस पर नेक कमाई फाउंडेशन की ओर से शक्ति स्वरूपा कन्या पूजन एवं सेवा उत्सव का आयोजन आदर्श मूक बधिर विद्यालय, खुदनपुरी में किया गया। इस अवसर पर विमंदित एवं जरूरतमंद बेटियों के चरण वंदन कर उन्हें शिक्षण सामग्री एवं उपहार वितरित किए गए। कार्यक्रम की शुरुआत मुखय कॉर्डिनेटर अभिषेक तनेजा एवं संरक्षक दौलत राम हजरती ने मां दुर्गा की पूजा-अर्चना से हुई। इसके बाद उपस्थित अतिथियों ने बेटियों के चरण धोकर उनकी पूजा अर्चना की और उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम संयोजक सुनीता शर्मा ने बताया कि विद्यालय की संचालिका पायल प्रधान ने सभी अतिथियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर नेशनल ह्यूमन राइट्स की शहर अध्यक्ष संगीता सिंह, यूथ काउंसलर रेखा महलावत, सिलाई प्रशिक्षणकर्ता और समाज सेवी अर्चना आमेरिया, गुरप्रीत सिंह पवित्र एवं गायत्री परिवार से प्रतिभा सिंह सहित कई गणमान्य लोगों ने कन्या पूजन किया। संचालन रेखा महलावत और गुरप्रीत सिंह पवित्र ने किया। अंत में आभार संरक्षक दौलत राम हजरती ने जताया। इस अवसर पर पायल प्रधान को विमंदित बच्चों की सेवा के लिए सम्मानित किया गया।

### विशेष पहलः

नेक कमाई फाउंडेशन की ओर से मुस्कान आहार सेवा के अंतर्गत प्रतिदिन विमंदित एवं जरूरतमंद बच्चों को पौष्टिक भोजन एवं फल उपलबध कराए जा रहे हैं। इस सेवा में कोई भी व्यक्ति अपने जन्म दिन या विशेष अवसर पर सहभागिता कर सकता है। विमंदित बच्चों और मूक बधिर बच्चों का यह स्कूल खुदनपुरी में चलाया गया है।

## कोतवाली थाने में सीएलजी बैठक का आयोजन

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय कोतवाली पुलिस थाने में सीएलजी सदस्यों की बैठक नए थानाधिकारी आरपीएस विनोद नैण की देखरेख में हुई। जिसमें बिगड़ती यातायात व्यवस्था का मुद्दा प्रमुखता से छाया रहा। स्वर्णकार समाज के अध्यक्ष अरविन्द कडेल ने कहा कि इन बैठकों में बार-बार जो मुद्दे उठते है, लेकिन उनका समाधान नहीं होता, इसलिए आते ही नहीं है। उन्होंने गणेश मन्दिर चैराहे पर सार्वजनिक खम्भों की लाईट न जलाने व ट्रैफिक अव्यवस्था की बात कही। सुजानगढ़ व्यापार मंडल अध्यक्ष प्रदीप तोदी ने नाथोतालाब क्षेत्र में बढ़ते नशे के कारोबार पर अंकुश लगाने तथा बजरंग सेन ने सरकारी अस्पताल से घटाघर ट्रैफिक जाम रहने की ओर ध्यान दिलाया। खुशीराम चांदरा ने बाईक पर सवारी व पटाखे की तेज आवाज पर रोक की मांग रखी। बजरंग सोनी ने शहर में नालियो का निकला कचरा समय पर न उठाने की और ध्यान दिलाया। आरपीएस नैण ने भरोसा दिलाया कि आगामी बैठक में ऐसी कोई समस्या नहीं रहेगी, समाधान का प्रयास करूंगा

# प्रागपुरा में सहकार सुपर मार्ट का उद्घाटन, 500 मीट्रिक टन क्षमता गोदाम की घोषणा

### सहकार से समृद्धि' के तहत सहकारिता क्षेत्र को मजबूत करने के लिए कई अहम कदम उठाए: दक

जयपुर टाइम्स



**पावटा(निस)।** उपखण्ड पावटा के ग्राम प्रागपुरा में गुरुवार को ग्राम सेवा सहकारी समिति लिमिटेड की ओर से आयोजित किसान सम्मेलन में सहकारिता व नागरिक उड्डयन विभाग, राजस्थान सरकार के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक ने सहकार सुपर बाजार (मार्ट) का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में विराटनगर विधायक कुलदीप धनखड़ बतौर अध्यक्ष मौजूद रहे। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि व बड़ी संख्या में ग्रामीण भी उपस्थित रहे।सम्मेलन को संबोधित करते हुए गौतम कुमार दक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन तथा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार 'सहकार से समृद्धि' के तहत सहकारिता क्षेत्र को मजबूत करने के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सहकारिता विश्वास, सहभागिता और सामूहिक विकास की भावना का प्रतीक है। दक ने बताया कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य के साथ हर पंचायत में सहकारी समितियों के गठन के लिए नई राष्ट्रीय सहकारिता नीति लागू की गई है। इसका उद्देश्य गांवों को आत्मनिर्भर बनाना, रोजगार के अवसर बढ़ाना और सहकारी संस्थाओं को सशक्त करना है। उन्होंने कहा कि सहकारिता उन लोगों के लिए बड़ा माध्यम है, जिनके पास पूंजी नहीं है लेकिन मेहनत करने की इच्छा है। साथ ही पारदर्शिता के लिए डिजिटलाइजेशन को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। इस दौरान दक ने प्रागपुरा सहकारी समिति के लिए 500 मीट्रिक टन क्षमता वाले गोदाम निर्माण एवं समिति को जल्द हार्वेस्टर उपलब्ध करवाने की घोषणा की। विधायक कुलदीप धनखड़ ने कहा कि सहकार मार्ट के संचालन से क्षेत्र के लोगों को उचित दरों पर दैनिक उपयोग की सामग्री उपलब्ध होगी। उन्होंने क्षेत्र में हुए विकास कार्यों की जानकारी देते हुए ग्रामीणों की मांगों को मंत्री के समक्ष रखा और उनके शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। ग्राम सेवा सहकारी समिति प्रागपुरा के अध्यक्ष उपेंद्र सिंह शेखावत ने सहकारिता क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों के लिए आभार जताते हुए बताया कि समिति में 3500 से अधिक सदस्य हैं। अब तक 1547 सदस्यों को ब्याज मुक्त ऋण योजनाओं के तहत 4 करोड़ 90 लाख रुपये का लाभ दिया जा चुका है। समिति की ओर से किसानों को खाद, बीज, दवाई व कीटनाशक सस्ती दरों पर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। साथ ही कस्टम हायरिंग सिस्टम के माध्यम से कृषि यंत्र उपलब्ध करवाए जा रहे हैं तथा इफ्को के सहयोग से दवा छिड़काव के लिए ड्रोन की सुविधा भी दी जा रही है। कार्यक्रम में मंगलदास महाराज, भाजपा जयपुर ग्रामीण अध्यक्ष सुरेश बादलीवाल, आरती सिंह, मुकेश गोयल, उपेन यादव, एसडीएम पावटा साधना शर्मा,तहसीलदार, सहकारिता अधिकारी अशोक दीप पिंगोलिया सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# नवरात्र शुरू: मंदिरों में उमड़ी भीड़, जयकारों से गूंजे धाम


बिजौलियां।


चौमूं।


मंडावा।



लक्ष्मणगढ़।


रतनगढ़।


सुजानगढ़।


सुजानगढ़।


बीदासर।


रतनगढ़।


धौलपुर।


नावां


झुंझुनूं।

जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां।** नवरात्रि के अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ, विंध्यवासिनी शक्तिपीठ, चारणमाता मन्दिर, कालिका मन्दिर, नारसिंही माताजी मन्दिर बड़ा दरवाजा, बनी के बालाजी और चारभुजा मन्दिर समेत सभी मन्दिरों पर आकर्षक सजावट की गई। साथ ही प्रतिमाओं का आकर्षक श्रृंगार किया गया। गायत्री शक्तिपीठ में प्रतिदिन नौ कुंडीय गायत्री यज्ञ किया जा रहा हैं।मन्दिरों के साथ ही श्रद्धालुओं की ओर से अपने घरों में भी शुभ मुहूर्त में घट स्थापना कर श्रीरामचरितमानस, दुर्गा सप्तशती और गायत्री मंत्र समेत अन्य अनुष्ठान किए जा रहे हैं।वहीं हिन्दू नव संवत्सर को लेकर घरों पर भगवा पताकाएँ लगाई गई और मिश्री व नीम के पत्तों का प्रसाद वितरित कर हिन्दू नववर्ष की शुभकामनाएं दी गई।

**चौमूं।** शहर के राधाबाग में स्थित गायत्री प्रज्ञा पीठ संस्थान पर चैत्र नवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में सामूहिक गायत्री जप और गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें सभी साधकगणों और धर्मप्रेमियों ने इस पुंड्य कार्य में भाग लेकर लघु अनुष्ठान का संकल्प लिया । जिसमें 24 हजार गायत्री मंत्रो का जप किया जाता। लोकमंगल और विश्वकल्याण के लिए सभी ने गायत्री मंत्र और महामृत्युजंय मंत्रो की आहुतियां दी। कार्यक्रम के दौरान गजेंद्र सिंह बीजावत, सावरमल अग्रवाल, जगदीश प्रसाद शर्मा, दिनेश खेमावाला, रामबाबू सैन,अमित अग्रवाल, रमाकांत मोदी, पवन कुमार माहेश्वरी, मदनलाल विजय, मनोहर गुप्ता, नितेश कानूनगो, श्रीराम बटवाल, मुरारीलाल अग्रवाल, सौरभ पारीक व परिव्राजक दयाराम राजपाल व कार्यकर्ता रमेश राजपाल सहित आदि परिजन उपस्थित रहे।

**मंडावा।** श्री युवक सभा आदर्श विद्या मंदिर, मंडावा के तत्वावधान में भारतीय नववर्ष विक्रम संवत् 2083 के शुभ आगमन (चैत्र शुक्ल प्रतिपदा) की पूर्व संध्या पर आयोजित भव्य दीपोत्सव व रंगोली कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के अंतर्गत 2100 दीप प्रज्वलित कर परिसर को आलोकित किया गया, वहीं आकर्षक रंगोलियों ने सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में अभिभावकों, विद्यार्थियों व नागरिकों की उपस्थिति रही। इस अवसर पर प्राचार्य मनीषा सैनी, ममता यादव, ममता मिश्रा, ममता मोर्य, सुमन प्रजापति, सीमा सिंह, मधु सैनी, कुंदन सिंह, हिमांशु जांगिड़, गोविंद राम चेजारा, व्यवस्थापक जितेंद्र सुरोलिया, रामजी लाल शर्मा, ताराचंद शर्मा, सोनू सैनी, पूनम व अरविंद कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने सभी अतिथियों व सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

**लक्ष्मणगढ़।** श्री ऋषिकुल बी.एड. कॉलेज में राजस्थान दिवस व नव संवत्सर के उपलक्ष्य में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान पारंपरिक गणगौर पूजन भी संपन्न हुआ, जिसमें प्रशिक्षणार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में विद्यार्थियों ने राजस्थानी संस्कृति की आकर्षक झलक पेश की। घूमर नृत्य, गणगौर गीत व अन्य प्रस्तुतियों ने उपस्थितजनों का मन मोह लिया और लोक परंपराओं से रूबरू कराया। कार्यक्रम में राजस्थानी भाषा के प्रयोग से माहौल और अधिक जीवंत बन गया।इस अवसर पर प्राचार्या डॉ. रेखा शर्मा, सहायक प्राध्यापिका मंजू तिवारी, डॉ. मीना रोहिल, डॉ. डिम्पल व्यास, बनवारी लाल मील (पीटीआई) सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा। कार्यक्रम का संचालन बी.एड. प्रथम वर्ष की छात्रा अध्यापिका प्रियंका शर्मा ने किया।

**रतनगढ़।** श्री चिरंजीलाल धानुका उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर व श्री दुर्गा प्रसाद धनुका उच्च माध्यमिक बालिका आदर्श विद्या मंदिर के संयुक्त तत्वावधान में नगर के विभिन्न स्थानों पर भारतीय नववर्ष संवत 2083 धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर चूरू बस स्टैंड पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं, आचार्यों व समिति सदस्यों ने नागरिकों को तिलक लगाकर नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान उत्साहपूर्ण वातावरण देखने को मिला और लोगों ने हर्षोल्लास के साथ भागीदारी निभाई। इस मौके पर जिला सचिव त्रिविक्रम अपूर्वा, व्यवस्थापक रामवतार शर्मा, वैद्य लक्ष्मीनारायण शर्मा, लोकेश चौमाल, ताराचंद महर्षि, नागरमल प्रजापत, राजेश बसीर, दिनेश तिवाड़ी सहित नगर के अनेक नागरिक उपस्थित रहे।]

**सुजानगढ़।** हिन्दू नववर्ष विक्रम सम्वत 2083 शुरू हो चुका है और नववर्ष प्रारंभ के अवसर पर घरों में घट स्थापना श्रद्धालुओं ने की है और लोग नवरात्रा के व्रत भी रख रहे हैं। पोराणिक मान्यताओं एवं धर्म शास्त्रो के अनुसार नववर्ष के प्रथम माह में नीम की हरी पत्तिया और गुड़ खाने से पूरे वर्ष निरोग और सुखी रहते हैं। विशेषकर दक्षिण भारत में ये प्रथा प्रचलित है। सेवानिवृत आर्मी मैन रामनिवास तेतरवाल ने बताया कि मैं पिछले 25 वर्षो इसका सेवन कर रहा हूँ और नीम की दो चार पत्तिया और गुड़ का सेवन करने से व्यक्ति निरोगी रहता है। दूसरी ओर पतझड़ के मौसम मे रोहीड़े के पेड़ों पर काफी सुंदर फूल लगे हैं। एक तरफ जहां प्रकृति प्रत्येक पेड़ से पत्ते उतार रही है, वहीं रोहिड़े के पेड़ सुंदरता के उच्चतम स्तर पर हैं।

**सुजानगढ़।** हिन्दू नववर्ष विक्रम सम्वत 2083 शुरू हो चुका है और नववर्ष प्रारंभ के अवसर पर घरों में घट स्थापना श्रद्धालुओं ने की है और लोग नवरात्रा के व्रत भी रख रहे हैं। पोराणिक मान्यताओं एवं धर्म शास्त्रो के अनुसार नववर्ष के प्रथम माह में नीम की हरी पत्तिया और गुड़ खाने से पूरे वर्ष निरोग और सुखी रहते हैं। विशेषकर दक्षिण भारत में ये प्रथा प्रचलित है। सेवानिवृत आर्मी मैन रामनिवास तेतरवाल ने बताया कि मैं पिछले 25 वर्षो इसका सेवन कर रहा हूँ और नीम की दो चार पत्तिया और गुड़ का सेवन करने से व्यक्ति निरोगी रहता है। दूसरी ओर पतझड़ के मौसम मे रोहीड़े के पेड़ों पर काफी सुंदर फूल लगे हैं। एक तरफ जहां प्रकृति प्रत्येक पेड़ से पत्ते उतार रही है, वहीं रोहिड़े के पेड़ सुंदरता के उच्चतम स्तर पर हैं।

**बीदासर।** कस्बे में चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के पावन अवसर पर हिंदू नववर्ष 2083 का स्वागत बीदासर नगर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों की ओर से बड़े उत्साह के साथ किया गया। आरएसएस के स्वयंसेवकों ने शहर के मुख्य मार्गों पर आकर्षक रंगोलियां बनाकर आमजन को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। स्वयंसेवकों ने बेरी चौक, मोदी चौक, रामद्वारा चौक, डुंगरगढ तिराहा, राजकीय महाविद्यालय सहित विभिन्न स्थानों पर 'नववर्ष 2083 की शुभकामनाएँ' लिखकर रंगोलिया बनाई। हिंदू मान्यताओं के अनुसार चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के दिन ही सृष्टि की रचना ब्रह्मा की ओर से प्रारंभ की गई थी, इसलिए इसे सृष्टि का पहला दिन माना जाता है। यह दिन नई शुरुआत, सकारात्मक ऊर्जा और समृद्धि का प्रतीक है। इसी दिन से चैत्र नवरात्रि भी प्रारंभ होती है, जो शक्ति उपासना का विशेष पर्व है। स्वयंसेवकों ने क़स्बे वासियों को हिंदू नववर्ष के महत्व से अवगत कराते हुए इसे भारतीय संस्कृति और परंपरा का प्रतीक बताया।

**रतनगढ़।** हिंदू नववर्ष के उपलक्ष में आयोजित भगवा रैली का गुरुवार को स्थानीय घंटाघर के पास पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। इस दौरान रैली में शामिल श्रद्धालुओं पर पुष्पवर्षा कर उनका अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम के दौरान रैली में शामिल लोगों को जीरा पानी पिलाकर स्वागत किया गया। पूरे आयोजन में उत्साहपूर्ण माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर रतनगढ़ विधानसभा क्षेत्र के सभी मंडल अध्यक्षों सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**धौलपुर।** विश्व हिंदू परिषद धौलपुर की ओर से गुरुवार को नव संवत्सर 2083 के प्रथम दिवस पर हिंदू नववर्ष उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर रोडवेज बस स्टैंड पर एकत्रित होकर कार्यकर्ताओं ने आमजन को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान विभाग मंत्री नरेंद्र सिंह त्यागी ने नव संवत्सर के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारे जीवन में तिथि, नक्षत्र एवं पंचांग का विशेष महत्व है, लेकिन वर्तमान समय में हम अपने सनातन नववर्ष से दूर होते जा रहे हैं। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि वे स्वयं और आने वाली पीढ़ी को भारतीय परंपराओं से जोड़ें। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने बस स्टैंड से संत रोड होते हुए नृसिंह ढाणी तक बाजार में रैली निकालकर लोगों को नव संवत्सर की शुभकामनाएं दीं, जिसे आमजन ने सराहा। इस अवसर पर नरेंद्र सिंह त्यागी (विभाग मंत्री), दिग्विजय सिंह राजावत (प्रचार प्रसार प्रमुख), पुरुषोत्तम दास जिंदल, संतोष शर्मा (सह मंत्री), महेश राजावत (उपाध्यक्ष), आकांक्षा भार्गव (सत्संग प्रमुख), ममता श्रीवास्तव (मातृशक्ति सह संयोजक), दिशा श्रीवास्तव (दुर्गा वाहिनी सह संयोजक), मीरा गुप्ता, पुष्पा देवी, विमला देवी, संचित श्रीवास्तव, रेनू प्रजापति, अशोक कुलश्रेष्ठ सहित विश्व हिंदू परिषद, मातृशक्ति, दुर्गा वाहिनी व बजरंग दल के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**नावां शहर।** भारतीय नववर्ष 2083 के शुभारंभ पर गुरुवार को नववर्ष स्वागत समिति के तत्वावधान में शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस अवसर पर पूरा शहर भगवा रंग में सराबोर नजर आया और हर ओर उत्साह व धार्मिक उमंग का माहौल देखने को मिला। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा एवं नवरात्रा के पावन अवसर पर सुबह समिति के सदस्य व सैकड़ों युवक श्री राधा-कृष्ण मंदिर में एकत्रित हुए, जहां विधिवत पूजा-अर्चना के बाद शोभायात्रा को रवाना किया गया। शोभायात्रा जोगियों के आसन से शुरू होकर बाग के गणेश मंदिर, पीपली बाजार, मुख्य बाजार, पुराने बस स्टैंड, निधि धर्मकांटा होते हुए गौरज चौक पहुंची, जहां इसका समापन हुआ। यात्रा के दौरान आकर्षक एवं मनमोहक झांकियां सजाई गईं, वहीं युवा भगवा साफा पहनकर हाथों में ध्वज लिए नजर आए। 'जय श्रीराम' के जयकारों से पूरा शहर गुंजायमान हो उठा। जगह-जगह शहरवासियों ने पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया और युवाओं का उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम की व्यवस्थाओं में साल्ट डेवलपमेंट एंड वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष दिनेश जांदू, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रकाश योगी, समिति संयोजक पवन शाह, मालचंद शर्मा सहित कई कार्यकर्ता सक्रिय रूप से जुटे रहे। आयोजन ने शहर में एकता, संस्कृति और धार्मिक आस्था का संदेश दिया।

**पावटा।** कस्बे में गुरुवार को नवरात्रा स्थापना एवं हिंदू नववर्ष (नवसंवत्सर) के पावन अवसर पर श्रद्धा, भक्ति और उल्लास से परिपूर्ण भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। किले वाली दुर्गा मंदिर समिति के तत्वावधान में निकली इस शोभायात्रा में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया, जिससे पूरा कस्बा भक्तिमय वातावरण में रंग गया। शोभायात्रा का शुभारंभ प्रातः 11 बजे किले स्थित दुर्गा माता मंदिर से हुआ। इस दौरान महंत मंगलदास महाराज एवं महंत मोहनदास रामायणी ने विधिवत पूजा-अर्चना कर दुर्गा माता व राम दरबार की आरती उतारी। जयकारों और ढोल-नगाड़ों की गूंज के बीच शोभायात्रा को रवाना किया गया।शोभायात्रा पावटा के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए पुनः किले स्थित मंदिर पहुंची, जहां महाआरती के साथ समापन हुआ। मार्ग में ग्रामीणों व श्रद्धालुओं ने विभिन्न स्थानों पर पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया। इससे पूरे क्षेत्र में आस्था और भक्ति का माहौल नजर आया।आयोजन के दौरान पारंपरिक लोक संस्कृति की झलक भी देखने को मिली। कच्ची घोड़ी व कालबेलिया नृत्य, भजन-कीर्तन तथा आकर्षक झांकियों ने सभी का मन मोह लिया। रंग-बिरंगी प्रस्तुतियों ने शोभायात्रा को विशेष आकर्षण प्रदान किया। सुरक्षा व्यवस्था रही चाक-चौबंदः धार्मिक आयोजन को देखते हुए पावटा-प्रागपुरा क्षेत्र में पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहा। जगह-जगह पुलिस बल की तैनाती के साथ यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए विशेष प्रबंध किए गए, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। आयोजन को सफल बनाने में स्थानीय कार्यकर्ताओं एवं युवाओं का विशेष योगदान रहा। राहुल गोयल, छोटू सैनी, मदनलाल सैन, मनीष शर्मा, महावीर वर्मा, चीनू सैनी, राहुल यादव, संजय गढ़वाल, राहुल गढ़वाल, संजय मोला, प्रिंस मिश्रा, दिलीप वर्मा, पंकज गुप्ता, यतिश बंसल व अमित मिश्रा सहित अनेक लोगों ने व्यवस्थाएं संभाली। इस दौरान गोपाल अग्रवाल आदि ने हिस्सा लिया। वही पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धा, अनुशासन और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला, जिसने पावटा में नवसंवत्सर और नवरात्रा के पर्व को यादगार बना।

**झुंझुनूं।** नवरात्र के पावन पर्व के प्रथम दिवस पर क्षेत्र के प्रसिद्ध मां शाकंभरी धाम में श्रद्धा और भक्ति का अनुपम संगम देखने को मिला। इस शुभ अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता महेश बसावतिया ने मां शाकंभरी के दर्शन कर विधिवत पूजा-अर्चना की। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और मां के जयकारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। इस अवसर पर भाजपा नेता महेश बसावतिया के साथ पुजारी सेवक महासंघ राजस्थान के झुंझुनू जिला अध्यक्ष विनोद पुजारी, पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष पवन पुजारी सहित अनेक नागरिक भी उपस्थित रहे।

**रतनगढ़।** श्री संचियालाल बैद माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर की ओर से हिन्दू नववर्ष मनाया गया रामचन्द्र पार्क के पास नगर के गणमान्य लोगो को तिलक लगाकर मुह मीठा कराकर नववर्ष की शुभकामनाए दी गई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य शरद कुमार शर्मा, त्रिविक्रम अपूर्वा, नन्दकिशोर ताम्रायत, कृपाशंकर स्वामी, मनोज सैनी, अमित हरितवाल, भारत विकास परिषद के वासुदेव चाकलान, परमेश्वर लाल आत्रेय, राकेश नायक आदि उपस्थित रहे

## शक्करगढ़ रोड के नवनिर्माण की मांग, एसडीएम को ज्ञापन

जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** शक्करगढ़ मुख्य मार्ग के नवनिर्माण के लिए क्षेत्र के समस्त जागरूक नागरिकों ने उपखंड अधिकारी अजीत सिंह राठौड़ को ज्ञापन सौंपा। नागरिकों ने बताया कि बिजौलियां से शक्करगढ़ जाने वाली मुख्य सड़क की स्थिति अत्यंत दयनीय और जानलेवा हैं। वर्तमान में



सड़क पूरी तरह से गड्ढों में तब्दील हो चुकी हैं।यह मार्ग क्षेत्र के कई गांवों एवं कस्बों को जोड़ता हैं। प्रतिदिन सैंकड़ों आमजन, छात्र, किसान एवं वाहन चालक इस सड़क मार्ग से गुजरते हैं। सड़क खराब होने के कारण आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। इस अवसर पर दीपक मीणा, किशन खटीक, रणजीत सिंह कानावत, यशवंत पुंगलिया, नारायण मीणा, रामफूल कहार, शौकीन जैन, दिग्विजय सिंह, विश्वास यादव, जितेश प्रजापत, राधेश्याम, ओम प्रकाश, मोहन, हरीश कुमार व दिनेश कुमार सहित कई ग्राम वासी उपस्थित रहे।

## सुमेरपुर में स्वच्छता सप्ताह की धूम, रैली से साफ-सफाई का संदेश

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में चल रहे स्वच्छता सप्ताह के तहत गुरुवार को नगर पालिका सुमेरपुर ने शहर में जागरूकता की जोरदार पहल की। अधिशाषी अधिकारी नरपतसिंह राजपुरोहित के निर्देशन में मुख्य बाजार में स्वच्छता रैली निकाली गई,



जिसमें स्वयं सहायता समूहों, सफाई कर्मियों व श्रमिकों ने भाग लेकर आमजन को स्वच्छता बनाए रखने का संदेश दिया। रैली के दौरान 'कचरा कचरापात्र में डालें' और 'स्वस्थ सुमेरपुर' जैसे नारों से माहौल गूंज उठा। साथ ही सफाई कर्मियों को पीपीई किट के उपयोग सहित सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। नगर पालिका टीम ने स्कूलों व वार्डों में पहुंचकर भी स्वच्छता का महत्व बताया और लोगों से घर-आसपास साफ-सफाई रखने की अपील की। पालिका ने नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए सुमेरपुर को स्वच्छता में अग्रणी बनाने का संकल्प दोहराया।

## बेढम ने किया तीर्थराज मचकुंड व पंच गौरव कैलेंडर का विधिवत विमोचन

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिले में आयोजित एक गरिमामय कार्यक्रम में जिला प्रभारी मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने तीर्थराज मचकुंड व पंच गौरव कैलेंडर का विधिवत विमोचन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि तीर्थराज मचकुंड क्षेत्र की ऐतिहासिक, धार्मिक



व सांस्कृतिक पहचान का प्रमुख केंद्र है। इसके महत्व को व्यापक स्तर पर प्रचारित करने के लिए कैलेंडर का प्रकाशन एक सराहनीय पहल है। उन्होंने कहा कि पंच गौरव कैलेंडर के माध्यम से जिले की समृद्ध विरासत, परंपराओं एवं महत्वपूर्ण स्थलों की जानकारी जन-जन तक पहुंचेगी। इस अवसर पर जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी, जिला पुलिस अधीक्षक विकासं सांगवान, मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद ए एन सोमनाथ, उपवन संरक्षक वी चेतन, अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना, विधायक बाड़ी जसवंत सिंह गुर्जर, जिला अध्यक्ष भाजपा राजवीर सिंह राजावत, नीरजा शर्मा, डॉ. शिवचरण कुशवाह सहित विभिन्न विभाग के अधिकारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## गंगाबाई बगीची में अखंड जप-तप शुरू, साधु-संतों का अनुष्ठान

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** चैत्र नवरात्र एवं हिंदू नववर्ष (विक्रम संवत 2083) के शुभारंभ पर गुरुवार को गंगाबाई बगीची में देशभर से पधारे अखाड़ा जमात के साधु-संतों ने अखंड जप एवं धूनी तपना प्रारंभ किया। सुबह से ही पूरे परिसर में धार्मिक वातावरण बना रहा और श्रद्धालुओं की आवाजाही



भी देखने को मिली। गंगाबाई बगीची के महंत हनुमान दास ने बताया कि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के इस पावन अवसर पर घटस्थापना के साथ मां शैलपुत्री की पूजा की जाती है, जो नवरात्रि का पहला दिन होता है। यह दिन विशेष रूप से शुभ और पुण्यदायी माना जाता है। उन्होंने बताया कि देश के विभिन्न प्रांतों से आए साधु-संत नववर्ष की मंगल बेला पर देश की अखंडता, संप्रभुता और सुख-शांति के लिए निरंतर जप-तप कर रहे हैं। यह अनुष्ठान नवरात्रि के दौरान जारी रहेगा। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने भी पहुंचकर साधु-संतों का आशीर्वाद लिया और धर्म लाभ अर्जित किया। पूरे क्षेत्र में भक्ति और आध्यात्मिकता का माहौल बना हुआ है।

## सुमेरपुर में विकास की नई पहचान: तीन प्रमुख सर्किलों का कायाकल्प, लोकार्पण आज

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** नगर के सौंदर्यकरण को नई ऊंचाई देते हुए शहर के तीन प्रमुख सर्किल–राजगुरु सर्कल, चंद्रशेखर सर्कल और गांधी मूर्ति सर्कल–अब पूरी तरह से नए रूप में नजर आएंगे। लंबे समय से चल रहे इन सर्किलों के सौंदर्यकरण कार्य को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है, जिससे शहर की सूरत ही बदल गई है और आमजन में खासा उत्साह देखा जा रहा है। इन विकसित सर्किलों का भव्य लोकार्पण 20 मार्च को सुबह 10 बजे राजस्थान सरकार के कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत के कर-कमलों द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर नगर में तैयारियां तेज हो गई हैं और इसे एक बड़े जन-आयोजन का रूप दिया जा रहा है। सौंदर्यकरण के तहत सर्किलों पर आधुनिक लाइटिंग, आकर्षक डिजाइन, हरियाली और व्यवस्थित संरचना विकसित की गई है, जिससे न केवल शहर की सुंदरता बढ़ी है बल्कि यातायात व्यवस्था भी अधिक सुगम होने की उम्मीद है। ये सर्किल अब सुमेरपुर की नई पहचान के रूप में उभरने वाले हैं। नगर पालिका प्रशासन ने इस अवसर को 'गौरवमयी पल' बताते हुए क्षेत्र के सभी निवर्तमान जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों और शहरवासियों को आमंत्रित किया है। आयोजकों ने अपील की है कि अधिक से अधिक लोग पहुंचकर इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बनें और सुमेरपुर के बदलते स्वरूप का स्वागत करें।

# श्रद्धालुओं के लिए रास्ते में पेयजल-ठहराव की व्यवस्था करें, दमकल दुरुस्त रखें: प्रभारी मंत्री बेढम

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिले में विकास कार्यों, सेवा वितरण और जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा के लिए गुरुवार को जिला प्रभारी मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने योजनाओं की प्रगति का प्रस्तुतीकरण किया। प्रभारी मंत्री ने गर्मी के मौसम को देखते हुए पेयजल व्यवस्था पर विशेष जोर देते हुए समर कंटीजेंसी प्लान, टैंकर प्रबंधन और वैकल्पिक जल स्रोतों की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि जल संकट वाले क्षेत्रों में पूर्व तैयारी रखी जाए तथा खराब हैंडपंप और नलकूपों की शीघ्र मरम्मत सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि कैलादेवी दर्शन के लिए पैदल यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं को किसी



प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए रास्ते में पड़ने वाली ग्राम पंचायतों में पेयजल और ठहराव की समुचित व्यवस्था की जाए। साथ ही सरमथुरा में चिकित्सकीय सेवाएं और पर्याप्त दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। गर्मी के मौसम में आगजनी की घटनाओं को रोकने के लिए नगर परिषद और नगरपालिकाओं में दमकल वाहनों को पूरी तरह तैयार रखने और खराब दमकलों को शीघ्र दुरुस्त कराने के निर्देश भी दिए गए। पशुओं के लिए आवश्यक स्थानों पर प्याऊ स्थापित करने को कहा गया। प्रभारी मंत्री ने गैस आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कहा कि जिले में किसी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए और अफवाहों से बचाव के लिए सोशल मीडिया के माध्यम से आमजन को जागरूक किया जाए। बैठक में बजट घोषणाओं (2024-25, 2025-26) की प्रगति की समीक्षा करते हुए लंबित कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने और आगामी बजट (2026-27) के लिए भूमि आवंटन की स्थिति पर चर्चा की गई। 'पंच गौरव' और वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (ओडीओपी) योजना के तहत कार्यों की प्रगति और स्थानीय रोजगार सृजन पर भी विचार-विमर्श हुआ। संपर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों के शीघ्र और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए गए। साथ ही एमओयू को धरातल पर लागू करने, किसानों को गर्मी की फसलों के प्रति जागरूक करने और मिसिंग लिंक सड़कों के प्रस्ताव जनप्रतिनिधियों व आमजन की राय से तैयार करने के निर्देश दिए गए। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने योजनाओं की प्रगति की जानकारी देते हुए कहा कि जिले में रसोई गैस की कोई किल्लत नहीं है और इसकी नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है। बैठक में पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान, जिला परिषद सीईओ ए एन सोमनाथ, अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना सहित जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे। बैठक के बाद तीर्थराज मचकुंड पंच गौरव आधारित कैलेंडर का विमोचन भी किया गया।

## हर्षोल्लास के साथ शांति सागर संत शाला का लोकार्पण

जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** कस्बे के दिगंबर जैन बीस पंथी बड़ा मंदिर में गुरुवार को शांति सागर संत शाला का लोकार्पण दिगंबर जैन मुनि वैराग्य सागर महाराज और दिगंबर जैन मुनि सुप्रभ सागर महाराज के सानिध्य में हर्ष उल्लास के साथ संपन्न हुआ। इसका लोकार्पण महावीर कुमार अनिल कुमार गोधा परिवार बिजौलियां ने किया। इस अवसर पर प्रातः काल शांति



धारा अभिषेक के बाद ध्वजारोहण संत शाला के मुख्य दानदाता आशा ठग, निखार, अंशुल, संतोष ,महावीर परिवार बिजौलियां ने किया। बड़ा मंदिर कमेटी की ओर से उनका सम्मान किया गया। सारी धार्मिक क्रियाएं महुआ के पंडित बृजेश शास्त्री और संगीत सुमित सेठिया ने किया। धर्म सभा को संबोधित करते हुए वैराग्य सागर महाराज ने कहा कि जीवन में संयम, तप, दान में हमेशा आगे रहना चाहिए। दिगंबर जैन मुनि सुप्रभसागर महाराज ने कहा कि साधु संतों के लिए आवास की व्यवस्था करना बहुत ही पुण्य का कार्य है क्योंकि वह इसमें रह कर स्वाध्याय ज्ञान ध्यान आदि क्रियाएं करते हैं। धर्म सभा में संत शाला में देने वाले दान दाताओं का बड़ा मंदिर कमेटी के अध्यक्ष अनिल गोधा, वर्धमान ठग, मंत्री मुकेश सोनी, कोषाध्यक्ष मनोज ठग, प्रदीप गोधा ने सम्मान किया। संत शाला के निर्माण में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले कोटा के राहुल धनोपिया का भी कमेटी ने सम्मान किया। धर्म सभा में दिगंबर जैन मुनि का पाद प्रक्षालन कर शास्त्र भेंट किए गए। महिला मंडल की ओर से मंगलाचरण प्रस्तुत किया गया।तीर्थ क्षेत्र कमेटी के अध्यक्ष लाभचंद पटवारी ने दीप प्रज्वलन किया। घट यात्रा के बाद संतशाला का लोकार्पण फीता काटकर महावीर गोधा परिवार की ओर से मंत्र उच्चारण के साथ किया गया।

## मनियां में 21 को भरेगा गणगौर मेला 22 मार्च को दंगल

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिले के मनियां कस्बे में इस वर्ष भी परंपरागत गणगौर मेला 21 मार्च को आयोजित होगा। मेला वाटर वर्क्स रोड पुराना हाट मैदान में भरेगा। वहीं इस बार गणगौर सवारी पहले से कहीं ज्यादा भव्य और आकर्षक बनाने की तैयारियां शुरू कर



दी है। 15 दिन पूर्व मनियां नगर पालिका अधिशाषी अधिकारी विष्णु कुमार परमार एवं थाना प्रभारी नीरज कुमार शर्मा के नेतृत्व में मेले की तैयारियों को लेकर मेला समिति का गठन किया गया था। गणगौर मेला कार्यकारिणी को लेकर अंतिम बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें पानी, खेल-कूद, ग्राउंड सफाई, लाइट एंड टेंट, भोजन व्यवस्थाओं के लिए कमेटी बनाकर अलग-अलग लोगों को जिम्मेदारी सौंपी गई। गणगौर मेला कमेटी अध्यक्ष महादेवा कुशवाह ने बताया कि 21 मार्च को ऊंट, घोड़े, हाथी, डीजे व 15 बैंड बाजे, कई नृतकों व 31 झांकियों के साथ गणगौर की सवारी निकाली जाएगी। सवारी मनियां थाना परिसर से मांगरोल रोड, गांधी पार्क, नेहरू पार्क एवं मेन बाजार होती हुई थाने पहुंचकर सम्पन्न होगी। अगले दिन 22 मार्च को भूरासुंदरा का पूरा पर दंगल प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। बैठक में लोहरेराम, ऊदल सिंह कुशवाह, गीतम सिंह, नेकराम कुशवाह, केके गहलोत, पिंकी ठाकुर, दिनेश, दाऊ दयाल शर्मा आदि नागरिक मौजूद रहे।

## विद्युत कर्मियों पर हमले के आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं, आक्रोशित कर्मचारियों ने सौंपा ज्ञापन

जयपुर टाइम्स

**राजाखेड़ा/धौलपुर(निस)।** विद्युत निगम के कर्मचारियों पर हुए जानलेवा हमले के एक माह बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने से आक्रोशित कर्मियों ने अधीक्षण अभियंता विवेक शर्मा को ज्ञापन सौंपकर त्वरित कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया कि 19 फरवरी को संपर्क पोर्टल पर दर्ज परिवाद के भौतिक सत्यापन के लिए मौके पर गए सहायक अभियंता आनंद तिवारी और निगम कर्मी संजीव पाठक पर आरोपियों ने जानलेवा हमला कर राजकार्य में बाधा पहुंचाई थी। घटना को एक माह बीत जाने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से कर्मचारियों में रोष है। कर्मचारियों ने ज्ञापन में मुख्य आरोपी नागवेंद्र, दलवेंद्र, लोकेन्द्र, राजकुमार, सोनपाल सहित अन्य की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है। साथ ही असामाजिक तत्वों से निगम कर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की भी मांग उठाई गई है। चेतावनी दी गई है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो निगम कर्मी चरणबद्ध आंदोलन के तहत सामूहिक अवकाश, कार्य बहिष्कार



और अन्य वैधानिक व लोकतांत्रिक तरीकों से विरोध प्रदर्शन करेंगे। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि आरोपियों ने सहायक अभियंता व अन्य कर्मियों के खिलाफ दर्ज कराई गई एफआईआर दबाव बनाने का प्रयास है। इसकी उच्चस्तरीय जांच कर निरस्त करने की मांग भी की गई है। सहायक अभियंता आनंद तिवारी के अनुसार आरोपियों का एक परिजन पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पदस्थापित है, जिससे जांच प्रभावित होने की आशंका है। ऐसे में संबंधित कर्मचारी को वहां से हटाने की मांग भी उठाई गई है।

## रैहना वाली माता मंदिर के लक्खी मेले का शुभारंभ, नीरजा शर्मा ने किया उद्घाटन

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** उपखंड क्षेत्र के मरेना कस्बे के गोलीपुरा स्थित माता रैहना वाली मंदिर पर लगने वाले विशाल लक्खी मेले का गुरुवार को विधि-विधान व मंत्रोच्चार के साथ शुभारंभ हुआ। भाजपा नेत्री नीरजा अशोक शर्मा ने उपखंड अधिकारी सुशीला मीणा तथा मेला मजिस्ट्रेट एवं तहसीलदार दीप्ति देव के साथ फीता काटकर मेले का उद्घाटन किया और क्षेत्रवासियों को नववर्ष व नवरात्र की शुभकामनाएं दीं। चैत्र नवरात्र के अवसर पर आयोजित इस मेले के उद्घाटन के बाद नीरजा शर्मा ने कहा कि माता रैहना वाली का दरबार लाखों श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है। यहां राजस्थान के साथ-साथ उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, हरियाणा और दिल्ली सहित विभिन्न राज्यों से श्रद्धालु अपनी मनोकामनाएं लेकर पहुंचते हैं और माता का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। उन्होंने कहा कि मेले के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचेंगे, ऐसे में प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी है कि श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं और मेले का आयोजन सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हो। शर्मा ने बताया कि राज्य सरकार की ओर से पिछले बजट में माता रैहना वाली मंदिर एवं माता लाठ वाली मंदिर के जीर्णोद्धार के



लिए राशि स्वीकृत की गई थी, जिस पर कार्य प्रगति पर है। प्रयास है कि यह स्थल एक प्रमुख तीर्थ के रूप में विकसित हो और क्षेत्र की पहचान बने। इस अवसर पर केदार पोसवाल, जयवीर पोसवाल, रामकिशोर शर्मा, किरोड़ी जाटव, बनवारी सिसोदिया, महेंद्र कंसाना, मुकेश हनुमानपुरा, रणवीर डंडोतिया, रामावतार त्यागी, एदल लोधा, हुकुम सिंह लोधा, डॉ. दिलीप तोमर, रामू सिकरवार, कुम्हेर पोसवाल, कुमर सिंह, राजवीर तोमर, मनीष तोमर, राधेश्याम सरपंच, नितेश त्यागी, रामसेवक निषाद, गौरीशंकर उपाध्याय, बृज किशोर लोधी, प्रदीप तोमर, लटूरी तोमर, फरेंद्र जादौन, रामनरेश जादौन, रविन्द्र हथवारी, शशिकांत शर्मा, श्याम सिंह तोमर सहित अनेक जनप्रतिनिधि व श्रद्धालु मौजूद रहे।

## धौलपुर में पान-मसाला की कालाबाजारी, बढ़े दामों से उपभोक्ता परेशान

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिले में पान मसाला, गुटखा और सिगरेट की बिक्री को लेकर अनियमितताओं का मामला सामने आया है। प्रदेश सरकार की ओर से हाल ही में इन उत्पादों पर जीएसटी दरों में वृद्धि के बाद बाजार में कालाबाजारी की शिकायतें बढ़ गई हैं। विशेष रूप से मानिया क्षेत्र के बाजार में गुपचुप तरीके से अधिक कीमत पर इन उत्पादों की बिक्री किए जाने की जानकारी मिल रही है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, कुछ होलसेल व्यापारी पुराने स्टॉक पर भी निर्धारित मूल्य से अधिक दाम वसूल रहे हैं। जबकि नियमों के अनुसार, पुराने स्टॉक को पूर्व निर्धारित मूल्य पर ही बेचा जाना चाहिए। इस स्थिति से छोटे दुकानदार भी प्रभावित हो रहे हैं। दुकानदारों का कहना है कि उन्हें थोक विक्रेताओं से पहले ही बढ़े हुए दामों पर माल मिल रहा है, जिसके चलते वे उपभोक्ताओं से भी अतिरिक्त राशि लेने को मजबूर हैं। परिणामस्वरूप, बाजार में पान मसाला और संबंधित उत्पादों की कीमतों में असमानता देखने को मिल रही है। उपभोक्ताओं ने



इस स्थिति पर नाराजगी जताते हुए कहा कि पुराने स्टॉक पर बढ़ी हुई कीमत वसूलना अनुचित है। उनका आरोप है कि इस प्रकार की कालाबाजारी से आम लोगों पर अनावश्यक आर्थिक बोझ पड़ रहा है। जानकारों के अनुसार, यदि इस प्रकार की अवैध वसूली जारी रहती है तो इससे सरकारी राजस्व को भी नुकसान हो सकता है। वहीं, संबंधित विभागों की ओर से अभी तक इस मामले में कोई ठोस कार्रवाई सामने नहीं आई है।

## करंट की चपेट में आने से किसान की मौत

जयपुर टाइम्स

**जाजोद(निस)।** जाजोद थाना क्षेत्र के पटवारी का बास गांव में गुरुवार को एक किसान की करंट लगने से मौत हो गई। जिसके शव का रींगस के राजकीय उप जिला अस्पताल की मोर्चरी में पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सुपुर्द किया गया। जाजोद पुलिस थाने के एएसआई धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि मृतक मुकेश (45) पुत्र चंद्राराम जाट है जो अपने खेत में लगे ट्रांसफार्मर में विद्युत सप्लाई चेक करने गया था। इसी दौरान अचानक विद्युत सप्लाई चालू हो गई और वह करंट की चपेट में आ गया। हादसा इतना गंभीर था कि मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

## जिले के सर्वांगीण विकास की आधारशिला बजट 2026-27 में बड़े प्रावधान: जवाहर सिंह बेढ़म

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** गृह, गौपालन, पशुपालन एवं डेयरी, मत्स्य विभाग एवं जिला प्रभारी मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित प्रेस वार्ता में राजस्थान बजट 2026-27 की राज्य स्तरीय एवं जिला स्तरीय प्रमुख घोषणाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रभारी मंत्री बेढ़म ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में प्रस्तुत यह बजट प्रदेश के समग्र, संतुलित एवं दूरदर्शी विकास का मार्ग प्रशस्त करने वाला है। यह बजट अंत्योदय की भावना को समर्पित है तथा महिला, युवा, किसान, मजदूर एवं वंचित वर्ग सहित समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति के कल्याण को केंद्र में रखकर तैयार किया गया है। राजस्थान दिवस, नवरात्रा स्थापना, नवसंवत्सर की शुभकामनाएं देते हुए प्रेसवार्ता को



सम्बोधित करते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री विकसित ग्राम वार्ड अभियान का शुभारंभ ग्रामीण विकास की दिशा में ऐतिहासिक पहल है। यह महत्वाकांक्षी अभियान प्रदेश के ग्रामीण अंचलों एवं शहरी वार्डों में आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण, जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा नागरिकों के जीवन स्तर में गुणात्मक सुधार लाने के उद्देश्य से प्रारंभ किया गया है। उन्होंने कहा कि इस अभियान के माध्यम से गांव-गांव और वार्ड-वार्ड तक विकास की किरण पहुंचेगी तथा आमजन को मूलभूत सुविधाएं सुलभ रूप से उपलब्ध होंगी। 20 मार्च को ग्रामसभा एवं वार्ड सभा आयोजित की जाएगी। मुख्यमंत्री का उद्देश्य है कि हम समेकित विकास की ओर बढ़े। 2047 तक विकसित भारत का सपना हम देख रहे है वो तब ही बन पाएगा जब विकसित प्रदेश बनेगा। इसलिए हम सभी को अपने प्रदेश को विकसित बनाने के लिए प्रयास करने चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य केवल विकास करना नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक तक विकास का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह अभियान सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास की भावना को धरातल पर उतारने का सशक्त माध्यम बनेगा। उन्होंने कहा कि जनभागीदारी को प्राथमिकता देते हुए योजनाओं को पारदर्शिता एवं जवाबदेही के साथ लागू की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिले में ग्राम एवं वार्ड स्तर पर व्यापक सर्वेक्षण कर विकास की आवश्यकताओं का आकलन किया जाएगा। इसके आधार पर पेयजल, स्वच्छता, सड़क, बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण एवं सामाजिक सुरक्षा से संबंधित योजनाओं का समन्वित क्रियान्वयन सुनिश्चित होगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक ग्राम एवं वार्ड के लिए एक स्पष्ट कार्ययोजना तैयार की जाएगी। नशा मुक्त धौलपुर अभियान के तहत उन्होंने कहा कि नशा केवल एक आदत नहीं, बल्कि एक ऐसी साजिश है जो धीरे-धीरे इंसान की सोच, परिवार और भविष्य को खोखला कर देती है। यह सिर्फ शरीर को नहीं, बल्कि सपनों को भी बर्बाद कर देता है। इसलिए आज के युवाओं को नशा छोड़कर स्वस्थ्य जीवनशैली अपनानी चाहिए। मादक पदार्थो का मामला सामने आता है उस पर एंटी नार्कोटिक्स टास्क फोर्स का गठन किया गया है। चौकी एवं थानों पर 237 पद सृजित किए गए है। प्रेसवार्ता में जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी, जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान, विधायक बाड़ी जसवंत सिंह गुर्जर, जिला अध्यक्ष भाजपा राजवीर सिंह राजावत, नीरजा शर्मा, डॉ. शिवचरण कुशवाह सहित जनप्रतिनिधि एवं पत्रकार उपस्थित रहे।

## बीदासर में गैस सिलेंडर संकट, एजेंसी पर लगी लंबी कतारें, सर्वर डाउन से बढ़ी परेशानी



जयपुर टाइम्स

**बीदासर(निस)।** कस्बे के डूंगरगढ़ रोड स्थित शुभम् इंडियन गैस एजेंसी पर गुरुवार को उपभोक्ताओं की लंबी कतारें देखने को मिलीं। ऑनलाइन बुकिंग नहीं होने और गैस की कमी के कारण लोग सीधे एजेंसी पर सिलेंडर लेने पहुंच रहे हैं, जिससे अव्यवस्था की स्थिति बन गई। उपभोक्ताओं ने बताया कि ऑनलाइन बुकिंग लगातार फेल हो रही है, जिसके चलते उन्हें मजबूरी में एजेंसी पर आना पड़ रहा है। वहीं, भीड़ अधिक होने के कारण लोगों को 2 से 3 घंटे तक इंतजार करना पड़ रहा है। एजेंसी के मैनेजर अली सोलंकी ने बताया कि पिछले तीन दिनों से बीकानेर में गैस की आपूर्ति नहीं होने के कारण वाहन खाली खड़ा रहा। इसके बाद अजमेर से सप्लाई मंगवाई गई, लेकिन वहां से भी केवल 300 सिलेंडर ही मिल पाए। उन्होंने बताया कि एजेंसी के पास करीब 1700 सिलेंडरों की एडवांस बुकिंग लंबित है। साथ ही सर्वर डाउन होने के कारण उपभोक्ता सीधे एजेंसी पर पहुंच रहे हैं, जिससे कतारें और लंबी हो रही हैं। स्थिति को देखते हुए उपभोक्ताओं ने जल्द से जल्द गैस आपूर्ति सुचारू करने और ऑनलाइन बुकिंग सिस्टम ठीक करने की मांग की है, ताकि उन्हें राहत मिल सके।

## महावीर नगर में निकाला गणगौर माता का साही बिंदोरा

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जिला मुख्यालय स्थित महावीर नगर में गणगौर पर्व को लेकर 16 दिवसीय गणगौर पूजन के तहत बुधवार शाम को नव विवाहिताओं व महिलाओं ने गणगौर माता का साही अंदाज में बिंदौरा निकाला। इस दौरान महिलाओं ने ईसर-गणगौर की पूजा-अर्चना कर पारंपरिक पकवान घुगरी का प्रसाद चढ़ाया। इस अवसर पर महिलाओं ने आकर्षक नृत्य की प्रस्तुति देकर माता गणगौर को रिझाया और लोक संस्कृति को साकार करने वाले गीतों की प्रस्तुति दी। इस दौरान महिलाओं ने अपने सिर पर दो बड़ी गणगौर लेकर कॉलोनी में बिंदौरा निकाला और गोर ए गणगौर माता खोल ए किंवाड़ी......सहित अनेक लोक गीतों की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर उषा सोनी, गरिमा सोनी, हेतल, नंदिता, योगिता, किरण, कंचन, वृंदा, दृष्टि, अंजू नेहरा सहित बड़ी संख्या में नव विवाहिताएं, महिलाएं व युवतियां उपस्थित रही।



### चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को राजस्थान स्थापना दिवस पर चूरू महोत्सव का आगाज

# समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, रेत के धोरों और लोक परंपराओं से हैं चूरू की पहचान : हरलाल सहारण

## विरासत कार्निवल यात्रा में ऊंट-घोड़ी नृत्य रहे आकर्षण का केन्द्र

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** चैत्र शुक्ल प्रतिपदा एवं राजस्थान स्थापना दिवस पर गुरुवार को चूरू महोत्सव 2026 का शुभारंभ हुआ। गढ़ परिसर स्थित गोपालजी मंदिर में चूरू विधायक हरलाल सहारण, जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा, एडीएम अर्पिता सोनी, बसंत शर्मा, नगरपरिषद आयुक्त अभिलाषा सिंह सहित अधिकारी, जनप्रतिनिधियों व शहरवासियों ने पूजा-अर्चना की और जिले में खुशहाली की कामना कर ढ़फ व नगाड़े की थाप से चूरू महोत्सव का शुभारंभ किया। इस अवसर पर स्वामी गोपालदास चौक में अतिथियों ने राजस्थानी लोकगीतों पर कदम थिरकाए और प्रतिभागियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी।





### *विरासत कार्निवल यात्रा में ऊंट-घोड़ी नृत्य रहे आकर्षण का केन्द्र:*

*शुभारंभ अवसर पर गढ़ परिसर से सफेद घंटाघर, सुभाष चौक होते हुए बागला स्कूल खेल मैदान तक विरासत कार्निवल यात्रा निकाली गई। यात्रा में ऊंट-घोड़ी ने शानदार करतब दिखाए। वहीं कच्छी घोड़ी व लोक नृत्य ने भी मन मोहा। पारंपरिक वेशभूषा में सजे कलाकारों और लोक वाद्यों की मधुर धुनों ने राजस्थान की लोक संस्कृति को साकार किया।*

### कला मंच पर शुभारंभ समारोह

इस अवसर पर बागला स्कूल खेल मैदान में आयोजित मुख्य समारोह में कला मंच पर शुभारंभ समारोह आयोजित किया गया। विधायक हरलाल सहारण ने फीता काटकर विधिवत घोषणा से चूरू महोत्सव का शुभारंभ किया। अतिथियों ने हस्ताक्षर कर चूरू की सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने व आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। इस दौरान प्रतिभागियों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। अतिथियों ने सर्वश्रेष्ठ ऊँट सजावट के लिए देबूराम को प्रशस्ति-पत्र व प्रतीक चिन्ह् प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि चूरू की पहचान उसकी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, रेत के धोरों और लोक परंपराओं से है। चूरू महोत्सव 2026 का एक सांस्कृतिक आयोजन के साथ क्षेत्र की परंपराओं, लोक कलाओं और सामाजिक एकता का उत्सव है। उन्होंने कहा कि चूरू की धरती वीरता, त्याग और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के लिए जानी जाती है। कलक्टर अभिषेक सुराणा ने कहा कि चूरू महोत्सव जिले की सांस्कृतिक विरासत, सद्भावना और परंपराओं का प्रतीक है तथा हमारी सांस्कृतिक जीवंतता का उत्सव है। हमें गर्व है कि चूरू अपनी सांस्कृतिक पहचान को इतनी खूबसूरती से जीवंत रखे हुए है। चूरू की सांस्कृतिक व सामाजिक एकता, सामूहिक जिम्मेदारी और सकारात्मक ऊर्जा तथा जिला प्रशासन और आमजन के सहयोग से चूरू महोत्सव सफल होगा। इस दौरान पूर्व प्रधान दीपचंद राहड़, जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा, कोतवाल सुखराम चोटिया, अभिषेक चोटिया, सुरेश सारस्वत, भास्कर शर्मा, सीपी शर्मा, मुकुल भाटी, धर्मेंद्र राकसिया, आकाश सैनी, रचना कोठारी, सूर्यकांत चोटिया, राकेश शर्मा, रजत सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन बजरंग हर्षवाल व शिवकुमार शर्मा ने किया।

## रामनवमी पर निकलेगी भगवा रैली, सती माता मंदिर में विहिप-बजरंग दल की बैठक

जयपुर टाइम्स



**बीदासर(निस)।** कस्बे के नोखा रोड स्थित सती माता मंदिर में बुधवार देर शाम विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल की ओर से आगामी रामनवमी पर्व को लेकर विहिप जिला उपाध्यक्ष प्रहलाद सिंह राजपुरोहित अध्यक्षता में आयोजित की गई। राजपुरोहित ने बताया कि 26 मार्च को रामनवमी के अवसर पर सती माता मंदिर से शाम 4 बजे गाजे-बाजे व ऊंट-घोड़ों के साथ भव्य भगवा रैली निकाली जाएगी। रैली कस्बे के मुख्य मार्गों से होती हुई बाल बाड़ी स्कूल तक पहुंचेगी। बैठक में बजरंग दल संयोजक शुभम जैन, कलम सिंह दुगड़, मंत्री सुजल सेन, धनराज नाई, कैलाश राठौड़, मोहित जाट, मुरली राजपुरोहित सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बीदासर में अवैध व्यवसायिक निर्माण पर पार्षदों ने किया हंगामा

जयपुर टाइम्स



**बीदासर(निस)।** कस्बे में नगर पालिका क्षेत्र में हो रहे अवैध व्यवसायिक निर्माणों को लेकर गुरुवार को पार्षदों ने अधिशासी अधिकारी द्वारका प्रसाद को जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पार्षदों ने आरोप लगाया कि पिछले चार वर्षों से बिना स्वीकृति के कई व्यवसायिक कॉम्पलेक्सों का निर्माण जारी है, लेकिन पालिका प्रशासन केवल नोटिस देकर खानापूर्ति कर रहा है। ज्ञापन में बताया गया कि पुराने बस स्टैंड, नए बस स्टैंड और मुख्य बाजार में अनेक कॉम्पलेक्स बिना निर्माण स्वीकृति के बन चुके हैं, जबकि कई अभी भी निर्माणाधीन हैं। इस संबंध में जागरूक नागरिकों और पार्षदों ने बार-बार सूचना देने के बावजूद प्रशासन ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया, जिससे पालिका प्रशासन पर मिलीभगत के आरोप लग रहे हैं। पार्षदों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो वे भ्रष्टाचार निरोधक इकाई में मामला दर्ज कराने को मजबूर होंगे। साथ ही, करणी माता मंदिर के सामने स्थित एक कॉम्पलेक्स के खिलाफ पहले से ही ध्वस्तीकरण या सीज करने की अनुशंसा होने के बावजूद कार्रवाई नहीं होना भी प्रशासन की लापरवाही को दर्शाता है।






स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।

## मेडतानी बावड़ी के जीर्णोद्धार के लिए 2.50 करोड़ का प्रस्ताव



जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** शहर की ऐतिहासिक धरोहर मेडतानी बावड़ी के जीर्णोद्धार के लिए 2.50 करोड़ रुपए का प्रस्ताव तैयार किया गया है। बुधवार को पुरातत्व व संग्रहालय विभाग, जयपुर के सहायक अभियंता अनिल मित्तल ने स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक कार्यों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान पर्यटन विभाग के उपनिदेशक देवेंद्र चौधरी ने बावड़ी के संरक्षण और विकास से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जीर्णोद्धार योजना में बावड़ी की सफाई, संरचनात्मक मजबूती, सौंदर्यीकरण, आकर्षक प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंध और पर्यटकों के लिए आवश्यक सुविधाओं का विकास शामिल किया जाएगा। गौरतलब है कि पीपली चौक के निकट स्थित यह बावड़ी लगभग 1780 ई. के आसपास निर्मित मानी जाती है और ऐतिहासिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है। प्रस्तावित योजना के तहत कुल ?2.50 करोड़ की लागत से कार्य कराया जाएगा, जिसमें ?1.25 करोड़ पर्यटन विभाग की ओर से और शेष ?1.25 करोड़ डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जिला उत्थान योजना के अंतर्गत अभिसरण के माध्यम से व्यय किए जाएंगे। देवेंद्र चौधरी ने बताया कि इस परियोजना से न केवल ऐतिहासिक धरोहर का संरक्षण होगा, बल्कि क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार और आर्थिक विकास को नई गति मिलेगी।

## भक्तों ने लिया भक्त ध्रुव की कहानी का आनंद



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** कस्बे के वार्ड 2 स्थित गोगामेड़ी ग्रीन पार्क में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान का आयोजन किया जा रहा है। गुरुवार को कथावाचक व्यास पीठधारी वृंदावन के पंडित श्रीकृष्णकांत उपाध्याय ने यज्ञ के तीसरे दिन बताया कि मानव जीवन 84 लाख योनियों के बाद में प्राप्त होता है। इस योनि में ही मनुष्य ईश्वर की भक्ति कर सकता है और मुक्ति को प्राप्त हो सकता है। जो भगवान का गुणगान करते हैं और नित्य सुबह उठकर भगवान रूपी अपने माता-पिता का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं उस मानव की आयु बढ़ती है और यश में वृद्धि होती है, ऐश्वर्य बढ़ता है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार मानव को अपने माता-पिता को भी ईश्वर रूपी ही मानना चाहिए। ज्ञान यज्ञ में सुनीता कुमावत, मधुशाय, संजू कुमावत सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## अग्रवाल महिला मण्डल ने मनाया गणगौर महोत्सव



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** अग्रवाल महिला मंडल की ओर से श्रीराणीसती मन्दिर प्रांगण में घूमर गणगौर महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कार्यक्रम संयोजिका पिंकी झुंझुनूंवाला, सुनीता देवड़ा, सीमा देवड़ा, आरती नाटाणी, सरोज मोदी, ललिता देवड़ा, स्नेहलता हेमलता, मंजू, इंदू ,अंजलि व रितु आदि ने महाराजा अग्रसेन के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करके व गणगौर के प्रतीक ईसर-पार्वती की पूजा करके की। इसके बाद कार्यक्रम में राजस्थानी लोक धुनों पर आधारित मारवाड़ी गीतों पर सिर पर जेलें लेकर राजस्थानी वेशभूषा में ईसर-गणगौर के साथ महिलाओं ने प्रवेश किया। कार्यक्रम में सीमा, किरण, जूली, अनीता, ममता व अंजलि के राजस्थानी घूमर पर किए गए लोक नृत्य ने सभी को झूमा दिया। समारोह में एकल नृत्य, युगल नृत्य व अलग- अलग सामूहिक नृत्य क प्रस्तुति दी। इस दौरान अनेक महिलाएं उपस्थित रही।

## प्रदेश महासमिति अधिवेशन में भाग लेने की अपील

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** राजस्थान शिक्षक संघ सियाराम का प्रदेश महासमिति अधिवेशन 22 मार्च रविवार को दौसा में आयोजित होगा। संगठन के प्रदेश मंत्री पूसाराम स्वामी ने बताया कि एक दिवसीय महासमिति अधिवेशन में प्रदेश भर से महासमिति के सदस्य भाग लेकर शिक्षा, शिक्षक, शिक्षार्थी एवं शिक्षा से जुड़े विभिन्न मुद्दों एवं समस्याओं पर चर्चा एवं मंथन करेंगे। अधिवेशन में विभिन्न शैक्षिक एवं प्रशासनिक और संगठनात्मक विषयों पर चर्चा के साथ संगठन की प्रदेश कार्यकारिणी का निर्वाचन संगठन के चुनाव प्रभारी के नेतृत्व में करवाया जाएगा। चूरू जिले से संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष अजय कुमार शर्मा, प्रदेश पदाधिकारी महावीर प्रसाद प्रजापत, जिलाध्यक्ष आनन्द कुमार डांगी के नेतृत्व में प्रदेश महासमिति के सदस्य भाग लेने दौसा जाएंगे।

# लाखनी में दो दिवसीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता शुरू

### महिला वर्ग में हरियाणा ने जीता उद्घाटन मैच

जयपुर टाइम्स



**जाजोद(निस)।** ग्राम पंचायत लाखनी के जोहड़ में स्थित माणा बाबा धाम पर बुधवार से दो दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन बॉलीबॉल प्रतियोगिता के साथ शुरू हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथ रामस्वरूप जाखड़ एवं अध्यक्षता माणा बाबा सेवा समिति अध्यक्ष बलदेव सिंह बाजिया ने की। विशिष्ट अतिथि राकेश कुल्हरी, भामाशाह राकेश लौरा, डॉ.एचएस धायल, बनवारी लाल बाजिया लाम्पुआ, राजू बाजिया, अंतर्राष्ट्रीय वॉलीबॉल कोच हरफूल गढ़वाल, चंदगी राम सामोता रहे। जिन्हें आयोजकों ने माला व साफा पहनाकर स्वागत किया। माणा बाबा सेवा समिति अध्यक्ष बलदेव सिंह बाजिया ने बताया कि माणा बाबा के दो दिवसीय वार्षिक मेले के पहले दिन महिला एवं पुरुष वॉलीबॉल प्रतियोगिता के उद्घाटन मैच के साथ मेले का शुभारंभ हुआ। महिला वर्ग में पहला मुकाबला चहड़ कला हरियाणा एवं चुरु राजस्थान के बीच हुआ जिसमें चहड़ कला हरियाणा विजेता रही।समिति अध्यक्ष बाजिया ने बताया कि वॉलीबॉल प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में 17 एवं महिला वर्ग में 09 कुल 26 टीमों ने भाग लिया। वॉलीबॉल में विजेता रहने वाली पुरुष टीम को 51 हजार रुपए व ट्रॉफी, उपविजेता टीम को 31 हजार व ट्रॉफी तथा तृतीय रहने वाली टीम को 21 हजार रुपए व ट्रॉफी दी जाएगी इसी तरह विजेता रहने वाली महिला टीम को 31 हजार व ट्रॉफी, उपविजेता टीम को 21 हजार व ट्रॉफी तथा तृतीय टीम को 11हजार रुपए व ट्रॉफी दी जाएगी। मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए श्री माणा बाबा सेवा समिति की ओर से छाया व पानी की व्यवस्था की गई। वहीं मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए मेले क्षेत्र व मंदिर परिसर के आसपास पुलिस जाप्ता तैनात रहा था। पूरे मेले परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाकर मेले पर नजर रखी गई। रात्रि को सुप्रसिद्ध गायक कलाकार बाबूलाल चौधरी, माया गुजरी, शिवपाल शर्मा एंड पार्टी के द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी गई। माणा बाबा सेवा समिति सदस्यों ने बताया कि कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय से माणा बाबा धाम तक जीवित झांकियां निकाली जाएगी। जो मेले का मुख्य आकर्षण रहेंगी। झांकियों में धार्मिक व सांस्कृतिक झलक देखने को मिलेगी। कार्यक्रम का संचालन संदीप शर्मा ने किया। इस मौके पर पंचायत प्रशासक महेश कुमार बाजिया, जगन सिंह बाजिया, पूर्व उप सरपंच बलबीर सिंह बिजारणियां, हितेश जाजोद सहित माणा बाबा सेवा समिति के सदस्य व ग्रामीण मौजूद रहे।

### बंधे का बालाजी में महाआरती आयोजित

## राजस्थान दिवस पर बंधे का बालाजी मंदिर में महाआरती, श्रद्धा और उत्साह का माहौल

जयपुर टाइम्स



**झुंझुनूं(निस)।** राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत बुधवार शाम बंधे का बालाजी मंदिर में भव्य महाआरती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर प्रदेश की खुशहाली, समृद्धि व सुख-शांति की कामना की। मंदिर परिसर को आकर्षक सजावट एवं रोशनी से सजाया गया, जिससे वातावरण भक्तिमय हो उठा। महाआरती में जिला स्तरीय अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों व आमजन ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। राज्य सरकार के निर्देशानुसार आयोजित इस कार्यक्रम में जिला प्रशासन की सक्रिय सहभागिता रही। महाआरती के दौरान पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ दीप प्रज्ज्वलन किया गया तथा सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ाया। इस अवसर पर जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग ने कहा कि राजस्थान दिवस प्रदेश की समृद्ध संस्कृति और गौरवशाली परंपराओं को स्मरण करने का अवसर है। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर झुंझुनू जिले व प्रदेश की खुशहाली, समृद्धि व सुख-शांति की कामना की। कार्यक्रम के अंत में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। वहीं बंधे का बालाजी मंदिर प्रबंधन द्वारा जिला स्तरीय अधिकारियों का दुपट्टा ओढ़ाकर सम्मान किया गया। महाआरती में पूर्व जिला प्रमुख हर्षिनी कुल्हरी, विशंभर पूनिया, मुरारी सैनी, बनवारी लाल सैनी, प्यारेलाल ढूकिया, राजेश बाबल, एडीएम अजय कुमार आर्य, मुख्य कार्यकारी अधिकारी कैलाश चंद्र यादव, झुंझुनू एसडीएम कौशल्या बिश्नोई, कोषाधिकारी डॉ सतीश खेदड़, पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियंता सतीश चंद्र गुप्ता, एवीवीएनएल के अधीक्षण अभियंता एम के टिबडा, सीएमएचओ डॉ छोटेलाल गुर्जर, पीएमओ डॉ जितेंद्र भांबू, नगर परिषद आयुक्त देवीलाल, सीओ स्काउट महेश कालावत, देवस्थान विभाग से सुनीला सैनी, सीसीबी एमडी संदीप शर्मा, एपीआरओ विकास चाहर, महिला व बाल विकास के उपनिदेशक बृजेंद्र राठौड़, समाज कल्याण विभाग के उपनिदेशक डॉ पवन पूनिया, जिला रसद अधिकारी डॉ निकिता राठौड़, डीईओ प्रारंभिक संतोष सोहू, पर्यटन विभाग के सहायक निदेशक देवेंद्र चौधरी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी नेहा झाझडिया, जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक अभिषेक चौपदार, जिला खेल अधिकारी राजेश ओला सहित जिला स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। वहीं मंदिर प्रबंधन की तरफ से नरेश गाड़िया, राजेश गुप्ता, प्रमोद खण्डेलिया , प्रदीप पाटोदिया, कमल केजरीवाल, सुरेंद्र राणासरिया, श्यामसुंदर गाडिया, विजय गाडिया, विनोद टीबड़ा, संपत गाडिया, संजय जगनानी, अतुल गाडिया, संदीप टीबड़ा, प्रमोद गाडिया, शशिकांत टीबड़ा, अनिल केडिया, मुकेश ढेढिया, सुधीर टीबड़ा, रामनिवास सोनी, मनोज व्यास, नीरज पुरोहित, अनिल गाड़िया, मातादीन, नेमी अग्रवाल, ताराचंद गुप्ता, सुमित, सहित सैकड़ो की संख्या में भक्त मौजूद रहे।

### सरकारी आवास खाली करवाकर कार्यवाही की मांग

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के अध्यक्ष अमित मौसूण ने बगड़िया अस्पताल के पूर्व पीएमओ डॉ. सुरेश कालानी का सरकारी क्वाटर खाली करवाने और उनके खिलाफ उचित विभागीय कार्यवाही करने की मांग की है। अतिरिक्त जिला कलक्टर के नाम सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया है कि जनवरी 2025 में सुजानगढ़ के बगड़िया अस्पताल से कार्यमुक्त कर दिए जाने के बावजूद भी इनकी ओर से सरकारी क्वाटर खाली नहीं किया गया है। जबकि हठधर्मिता पूर्वक इस सरकारी क्वाटर पर अवैध कब्जा कर रखा है और इसी क्वाटर में बैठकर मरीज देखकर मोटी कमाई की जाती है। अतः डॉ. कालानी से यह सरकारी आवास खाली करवाकर दूसरे डॉक्टर को आवंटित किया जाए और उचित विभागीय कार्यवाही भी की जाए।

### बारिश से तापमान गिराः हवा चलने से ठंड बढ़ी, गर्मी से राहत

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** अंचल में पिछले दो दिनों से मौसम बदला हुआ है। सुबह से ही आसमान में डेरा डाले काली घटाओं ने दोपहर होते-होते शहर को भिगो दिया। दोपहर में हुई झमाझम बारिश से न केवल सड़कों पर पानी बहने लगा, बल्कि पिछले कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी और उमस से भी शहरवासियों को राहत मिली है। गुरुवार दोपहर हुई बारिश के बाद चली ठंडी हवाओं ने फिजा में ठंडक घोल दी है, जिससे लोगों को अब गर्मी की तपिश के बीच हल्की ठंड का एहसास होने लगा है।

## पक्षियों के लिए बांधे परिंडे

जयपुर टाइम्स



**मण्डावा(निस)।** गांव में लुमास के मुक्ति धाम में गुरुवार को पक्षियों के लिए दाना पानी के लिए परिंडे बांधे गए पर्यावरण प्रेमी व पक्षी मित्र संजय शर्मा ने गांव के युवाओं को उसमें रोज पानी डालने के लिए जिम्मेदारी भी सौंपी गई। बेजुबान पक्षियों के लिए परिंडे लगाने के साथ साथ पर्यावरण संरक्षण को लेकर भी लोगो को जागरूक किया गया। बताया कि पक्षियों की सेवा करना ही व्यक्ति का पहला कर्तव्य होता है। सेवा करनें से मन को तो शांति मिलती ही है और सकारात्मक विचार आते है। ऐसे पवित्र कार्य करने से भगवान भी खुश होकर अच्छे कार्य करने की शक्ति देते है। इसलिए हमे पर्यावरण और पक्षी मित्र बनकर रोज उनकी सेवा करनी चाहिए। इस पवित्र कार्य में रुद्र प्रताप सिंह, अरविंद सिंह, पियूष झाझडिया, आयूष झाझडिया आदि युवाओं ने पक्षियों के परिंदे को भरने की जिम्मेदारी ली।

## गांधी चौक में घोंसला वितरण आज

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** विश्व गौरेया दिवस के अवसर पर शुक्रवार को स्थानीय गांधी चैक में निःशुल्क गौरेया घोंसलों का वितरण किया जाएगा। पर्यावरण प्रेमी नरेंद्र पारीक ने बताया कि गौरेया संरक्षण की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं और इसी के तहत लोगों को 201 घोंसले एक ही दिन में वितरण किए जाने का लक्ष्य रखा गया है।


**कार्यालय नगरपालिका तारानगर (चूरू) राज.**
Office Telephone No. 01561-240245, E-mail- eotrn2009@gmail.com

क्रमांक :/न.पा.ता./2025–26/8139–43 दिनांक :–05.03.2026

**ई–निविदा सूचना 11/2025–26**

सर्वसाधारण एवंपंजीकृत ठेकेदारो/फर्मो की जानकारी हेतु प्रसारित किया जाता है कि तारानगर नगरपालिका क्षेत्र में नगरपालिका तारानगर द्वारा स्वीकृत कार्य ऑनलाईन निविदाऐ आंमत्रित की जाती है। नगरपालिका तारानगर द्वारा नगरपालिका, राज्य व केन्द्र सरकार के सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारो को कार्य हेतु पंजीकृत संवेदको से टेण्डर के माध्यम से दिंनाक 16.03.2026 से दिंनाक 20.03.2026 को निविदा ऑनलाईन आमंत्रित की जायेगी। जिसकी निविदा से सम्बन्धित अन्य विवरण व शर्तें वेबसाईट https://eproc.rajasthan.gov.in & https://sppp.rajasthan.gov.in/ पर देखी जा सकती है।

| NIB CODE | UBN NO. |
|---|---|
| DLB2526B3056 | DLB2526WSOB38853 |

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका तारानगर
राज.संवाद/सी/25/22962



**Office of the Executive Engineer, Public Health Engineering Department, Division Ratangarh**

No.- EE/NIT/2025-26/ Date :-

**Notice Inviting Bid**

Bid of ARC for Various Fabrication Job work under Rural and city sub division, Maintenance of Header of various pump house, Regular maintenance of Centriufugal Monoblock Pump Set at various Pump House, Supply of various size submersible cable, Providing Household Service Connections including One Year Defect Liability Period and Repairing of CWR at Loha and Replacement of Header delivery pipe line at various pump Houses under division Ratangarh Dist. Churu, are invited from interested bidders up to 23.03.2026, for other particulars/details of the bids may visit on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state and P.H.E.D. department website:

UBN NIT No.: 63 PHE 2526 WSRC15482
UBN NIT No.: 64 PHE 2526 WSRC15483
UBN NIT No.: 65 PHE 2526 WSOB15484
UBN NIT No.: 66 PHE 2526 WSOB15486
UBN NIT No.: 67 PHE 2526 WSOB15489
UBN NIT No.: 68 PHE 2526 WSRC15490
UBN NIT No.: 69 PHE 2526 WSOB15491

(Mahendra Kantiwal)
Executive Engineer
PHED Division Ratangarh
DIPR/C/5477/2026



**कार्यालय ग्राम पंचायत भोजासर छोटा पंचायत समिति सरदारशहर**

क्रमांक :- 90 दिनांक :- 17.03.2026

**निविदा सूचना 2025-26**

ग्राम पंचायत द्वारा विभिन्न योजनान्तर्गत स्वीकृत कार्य के लिए इच्छुक विनिर्दिष्टत पंजीकृत बोलीदाता / संवेदक से निर्धारित प्रपत्र में ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा की सूचना https//sppp.rajaspthan.gov.in और https//eproc.rajasthan.gov.in पर देख एवं डाउनलोड़ कर प्राप्त की जा सकती है।

UBN- PDN2526WSOB00389, PDN2526WSOB00390

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत भोजासर छोटा
पं.स.- सरदारशहर

प्रशासक
ग्राम पंचायत भोजासर छोटा
पं.स.- सरदारशहर



**OFFICE OF PANCHAYAT SAMITI PATAN (SIKAR)**

S. No. 642 DATE: 19-03-2026

**Notice Inviting Bid**

Bid for Rate contract works undar Other Scheme are invited from intersted bidders upto Date 25.03.2026, 11:00 AM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.raj.nic.in&http://eproc.raj.nic.in) of the state. The approximate value of work is maximum RS: 800000

UBN No. PKP2526WSOB00397-0402

BDO
P.S. PATAN



**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड सरदारशहर**

क्रमांक : 4293-4301 दिनांक : 16/03/2026

**ई-निविदा सूचना सं. 22/2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से सरदारशहर खण्ड के अन्तर्गत पैच मरम्मत, सड़क सुरक्षा एवं पोर्टेबल रैम्प, दिव्यांगों के लिए टॉयलेट एवं साईनेज के कार्य हेतु कुल 03 कार्यों के लिए उपयुक्त श्रेणी के सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवं दूर संचार विभाग / रेलवे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हों, से निर्धारित प्रपत्र में ई- टेन्डिरिंग प्रक्रिया द्वारा ऑन-लाईन ई-निविदाऐं आमन्त्रित की जाती है। आर.पी.डब्ल्यू. ए. - 100 की शर्त लागू होगी। ई-निविदा से सम्बन्धित विवरण वेबसाईट dipr.rajasthan.gov.in एवं विभागीय वेबसाईट eproc.rajasthan.gov.in तथा sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है । SPPP पर अपलोड NIB No. PWD2526A6163 के UBN No. निम्न प्रकार है :-

| S.No. | UBN No. | S.No. | UBN No. |
|---|---|---|---|
| 1 | PWD2526WSOB25730 | 2 | PWD2526WSOB25731 |
| 3 | PWD2526WSOB25732 | | |

(राजेन्द्र कुमार सैनी)
अधिशाषी अभियन्ता,
सा.नि.वि. खण्ड सरदारशहर
DIPR/C/5713/2026



राजस्थान सरकार

**कार्यालय प्रमुख जनगणना अधिकारी एवं जिला कलक्टर, चूरू (राज.)**

कमांक- आसावि/जनगणना/निविदा/2025-26/187 दिनांक : 13.03-2026

**खुली निविदा सूचना 01/2025-26**

कार्यालय, जिला प्रमुख जनगणना अधिकारी एवं जिला कलक्टर, चूरू के अधीन जनगणना कार्य हेतु 2 तकीनीक सहायक व 1 एमटीएस का कार्य जॉब बेसिस (Outsource of work) पर करवाने हेतु इच्छुक पात्र संवेदकों से दिनांक 26.03.2026 तक निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसकी अनुमानित लागत राशि 12 लाख रूपये है। विस्तृत निविदा https//eproc.rajasthan.gov.in and https//sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है ।

NIB- ESD2526A0090
UBN-ESD2526SLOB00086

जिला जनगणना अधिकारी एवं
अतिरिक्त जिला कलक्टर, चूरू
DIPR/C/5608/2026

## सांस्कृतिक कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने दिखाया उत्साह



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** तहसील के गांव भादासर दिखनादा के महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में राजस्थान दिवस समारोह के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गये। विद्यालय के मीडिया प्रभारी रविन्द्र पूनियां ने बताया कि राजस्थान दिवस समारोह के तहत प्रधानाचार्य अभिषेक शर्मा की अध्यक्षता में विद्यालय में नृत्य व गायन कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें विद्यार्थियों ने घूमर, केसरिया बालम, गोरबंध आदि गानों पर नृत्य किया। विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक राजेश मीणा ने राजस्थान के गौरवशाली इतिहास व शौर्य के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर गिरधारी लाल सारण, प्रेमलता चौधरी, नीतीश बेनिवाल, विकाश पारीक, कुसुमलता शर्मा, प्रियंका कासनिया, सिलोचना, केसु राम स्वामी, दलीप जाखड़, पूनम राठौड़ संतोष मीणा, ममता स्वामी आदि उपस्थित रहे।

## गणगौर पर आयोजित होगा भव्य मेला, शहर में निकलेंगी गणगौर की शाही सवारी




जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर में आगामी गणगौर पर्व पर सेठ मूलचंद विकास कुमार विनीत कुमार मालू व नगरपरिषद के संयुक्त तत्वाधान में ताल मैदान स्थित जौहरी गणगौर घाट पर भव्य गणगौर मेले का आयोजन किया जायेगा। इस संदर्भ में जानकारी देते हुए कार्यक्रम संयोजक सम्पत राम जांगिड़ ने बताया कि 20 मार्च को गणगौर घाट पर सांय 4 बजे नगर बनौरे का आयोजन होगा। 21 मार्च को सांय 4 बजे नगरपरिषद की ओर से पूजा अर्चना के पश्चात शाही लवाजमे के साथ गणगौर सवारी निकाली जाएगी। गणगौर सवारी राजवाले कुंआ, बोड़िया कुंआ होते हुए गणगौर घाट ताल मैदान पहुंचेगी। गणगौर घाट पर गणगौर पूजा, अतिथियों का स्वागत सत्कार किया जाएगा। शहर की माताएं बहनें गणगौर घाट में अपनी गणगौर का विसर्जन करेंगी। सांय 4 बजे से गणगौर घाट पर भव्य मेले का आयोजन होगा। जिसमें अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम, ऊंट घोड़ी नृत्य, महिलाओं की अनेक रोचक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए तैयारी बैठक का आयोजन सपना लूनियां की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में शोभकांत स्वामी, महावीर प्रसाद माली, मुखराम नाथोलिया, राजेश पारीक, शांति माली, सरोज कंवर, जगदीश धन्नावशी, योगेंद्र राजवी से शंभुदयाल पारीक, बाबूलाल प्रजापत, राजू दर्जी, पवन सिंह, शिवकांत पारीक, ओमप्रकाश तिवाड़ी, विनोद जोशी, दिलीप सिसोदिया, शंकरलाल प्रेमानी, सुरेश कुमार शर्मा, रामप्रसाद सुथार, बाबूलाल स्वामी, ओमप्रकाश मेघवाल, जगमोहन गौड, भगवत सोनी आदि उपस्थित रहे।

## होम्योपैथी डेवलपमेंट एसोसिएशन का विस्तारः डॉ. सुशीला चौधरी बनीं सीकर जिला संयोजक

जयपुर टाइम्स



**सीकर(निस)।** होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति के विकास और चिकित्सकों के हितों की सुरक्षा के उद्देश्य से कार्यरत होम्योपैथी डेवलपमेंट एसोसिएशन ने संगठन विस्तार के तहत नई नियुक्तियां की हैं। एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. दीपक मीणा ने बताया कि संगठन को अधिक मजबूत और सक्रिय बनाने के लिए प्रदेश के विभिन्न जिलों में जिम्मेदार पदाधिकारियों की नियुक्ति की जा रही है। इसी क्रम में डॉ. सुशीला चौधरी को सीकर जिले का संयोजक नियुक्त किया गया है। डॉ. चौधरी की नियुक्ति पर संगठन के पदाधिकारियों और चिकित्सकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में जिले में होम्योपैथी चिकित्सा का प्रचार-प्रसार और अधिक प्रभावी होगा। नव नियुक्त संयोजक डॉ. सुशीला चौधरी ने संगठन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे होम्योपैथी के विकास, चिकित्सकों के अधिकारों की रक्षा तथा आमजन तक इस चिकित्सा पद्धति के लाभ पहुंचाने के लिए पूर्ण निष्ठा से कार्य करेंगी। एसोसिएशन ने प्रदेशभर के होम्योपैथिक चिकित्सकों से संगठन से जुड़कर इसे मजबूत बनाने और होम्योपैथी के व्यापक प्रचार-प्रसार में सहयोग देने की अपील की है।

## गणगौर व ईशर जी को लगाई हल्दी

**झुन्झनू/बड़ागांव(निस)।** कस्बे में गणगौर व ईशर जी को हल्दी लगाई गई व गीत व भजन गाए गए और गांव वासियों का कहना है कि बड़गांव में गणगौर का सबसे बड़ा मेला भरता है। घूमचक्कर बस स्टैंड पर शनिवार को भरने वाले गणगौर मेले की तैयारी जोर शोर से चल रही है। इस बार छह गणगौर व एक ईशरजी की सवारी निकलेगी। मदनसिंह के घर से तीन गणगौर एक ईशरजी, गंगासिंह के घर से दो व विक्रम सिंह के घर से एक गणगौर की सवारी निकाली जाएगी। सभी गणगौर की सवारी शनिवार को शाम चार बजे गोपीनाथजी मंदिर के सामने एकत्रित होगी। यहां से बैंड बाजे से सवारी निकाली जाएगी जो मुख्य मार्गों से होते हुए मेला स्थल पहुंचेगी। गणगौर वाले कुएं पर पहुंचकर परिक्रमा लगाई जाएगी। ग्रामीणों ने बताया कि शाही सवारी को भव्य और आकर्षक बनाने के लिए पूरे शोभायात्रा मार्ग पर विशेष सजावट की जा रही है। पूरा कस्बा सुसज्जित किया जा रहा है। साथ ही पानी, बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं को लेकर व्यापक इंतजाम किए जा रहे है। ताकि श्रद्धालुओं और आगंतुकों को किसी प्रकार की असुविधाओं का सामना ना करना पड़े। इसके साथ ही सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह सतर्क रहेगा और संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाएगी। शोभायात्रा मार्ग पर यातायात व्यवस्था को सुगम व व्यवस्थित बनाए रखने के लिए विशेष योजना तैयार की गई है।

# विप्र फाउंडेशन ने नव नियुक्त राष्ट्रीय पदाधिकारियों का किया अभिनंदन

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय अधिवेशन में वर्ष 2026/2028 के सम्पन्न चुनावों में चुरू जिले के प्रमुख भामाशाह ओमप्रकाश जोशी को राष्ट्रीय संरक्षक, मुकेश रामपुरा को राष्ट्रीय सचिव व रामावतार शर्मा को बाबु मोशाय पायलट प्रोजेक्ट राष्ट्रीय प्रभारी व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य बनाये जाने पर सरदारशहर विप्र फाउंडेशन की ओर से शानदार स्वागत व अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। अपने तीनों सम्मानित सदस्यों को ऑल इंडिया लेवल पर अहम जिम्मेदारी मिलने पर खुशी जाहिर की। स्वागत समारोह की अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष वैद्य महेंद्र शर्मा ने की। इस अवसर पर विप्र फाउंडेशन प्रदेश उपाध्यक्ष मधुसूदन राजपुरोहित के निज निवास पर आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय संरक्षक ओम प्रकाश जोशी, राष्ट्रीय सचिव मुकेश रामपुरा व राष्ट्रीय प्रभारी रामावतार शर्मा ने सरदारशहर विप्र फाउंडेशन की ओर से सबसे पहले आयोजित सम्मान समारोह के लिए सभी पदाधिकारियों का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय संरक्षक ओमप्रकाश जोशी ने कहा कि जब भी मेरी आवश्यकता हो तो मुझे आवाज लगा देना में संगठन के लिए तन मन धन से अग्रणी भूमिका निभाते हुए कार्य करता रहुंगा। इस अवसर पर विप्र फाउंडेशन राष्ट्रीय सचिव मुकेश रामपुरा ने कहा कि सम्पूर्ण जोन के अन्दर जिस जोश व उत्साह के साथ सरदारशहर विप्र फाउंडेशन कार्य कर रहा है वो निःसंदेह दुसरो के लिए प्रेरणा स्रोत भी हैं। यहां हर संगठन के कार्यकर्ता पुर्ण रूप से निष्ठावान कार्यकर्ता हैं। जिसकी गुंज सम्पूर्ण देश के संगठन में सुनाई पड़ती है। रामपुरा ने कहा कि विप्र फाउंडेशन ने केवल ब्राह्मण अपितु सम्पूर्ण सनातन संस्कृति उत्थान के लिए कार्य करता है। इस अवसर पर रामावतार शर्मा ने विप्र फाउंडेशन के विभिन्न प्रकल्पों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर विप्र फाउंडेशन महिला प्रकोष्ठ प्रदेश प्रतिनिधि डॉ प्रभा पारीक ने भारतीय नव वर्ष की शुभकामनाएं प्रदान करते हुए समाज, संगठन के सेवा कार्यों से जुट जाने का आह्वान किया गया। जिला महामंत्री प्रमेन्द्र कौशिक व जिला परिषद सदस्य गिरधारी लाल पारीक भी मंचस्थ अतिथि रहें। सम्मान समारोह में विप्र फाउंडेशन के प्रदेश उपाध्यक्ष मधुसूदन राजपुरोहित ने शीर्ष नेतृत्व को आने वाले समय में ओर शानदार कार्य करने का विश्वास दिलाया। तहसील अध्यक्ष वैद्य महेंद्र शर्मा ने सरदारशहर विप्र फाउंडेशन की ओर से किए गए सेवा कार्यों की सम्पूर्ण जानकारी दी। इस अवसर पर विप्र फाउंडेशन युवा प्रकोष्ठ प्रदेशाध्यक्ष सुनील मिश्र ने कहा कि संगठन में हर कार्यकर्ता आत्मीय भाव रखकर कार्य कर रहे हैं। जिसकी वजह से ही दिनों दिन सरदारशहर में नये नये आयाम स्थापित करते हुए विश्व पटल पर सरदारशहर विप्र फाउंडेशन का नाम रोशन हो रहा है। इस अवसर पर विप्र फाउंडेशन प्रदेश उपाध्यक्ष मधुसूदन राजपुरोहित व तहसील अध्यक्ष वैद्य महेंद्र शर्मा के नेतृत्व में नव नियुक्त राष्ट्रीय पदाधिकारियों को साफा, शॉल व संगठन का दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर विप्र फाउंडेशन युवा प्रकोष्ठ प्रदेश महामंत्री भरत शर्मा, प्रदेश सचिव कमलकांत शर्मा, जिला उपाध्यक्ष महेंद्र देरासरी, जिला सचिव राजीव भोजक, खण्ड महामंत्री राजकुमार गौड़, युवा प्रकोष्ठ जिला उपाध्यक्ष विद्याधर नाथोलिया, युवा प्रकोष्ठ जिला पदाधिकारी नरेन्द्र शर्मा, रामस्वरूप झिकनाडिया, युवा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह राजपुरोहित, देहात अध्यक्ष मांगीलाल सेवदा, वेद वेदांत श्रृषिकुल ब्रह्मचारीश्रम के अध्यक्ष हुल्लास मल व्यास, छः न्याति के खण्ड महामंत्री अभिषेक पारीक, गौड़ विप्र महासभा के उपाध्यक्ष रामनिरंजन महर्षि, मदनलाल बबेरवाल, परशुराम दल के सुभाष चंद्र शर्मा, अविनाश पारीक, शिक्षाविद नारायण लाटा, सामाजिक कार्यकर्ता राजेन्द्र तिवारी साहवा, प्रवीण भोजक, विप्र फाउंडेशन राजगढ़ से जिला कार्यकारिणी सदस्य सुशील पारीक, राजगढ़ युवा अध्यक्ष नीरज रामपुरा ने राष्ट्रीय पदाधिकारियों का स्वागत अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम का संचालन विप्र फाउंडेशन युवा प्रदेशाध्यक्ष सुनील मिश्र ने किया। उपरोक्त जानकारी विप्र फाउंडेशन मीडिया प्रभारी पवन शर्मा ने दी।

## भोमियाजी मंदिर में रात्रि जागरण, श्रोता भाव विभोर

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** ग्राम आबसर में डुंगरास सड़क मार्ग स्थित भोमियाजी मंदिर परिसर में बुधवार रात्रि को विशाल भजन संध्या का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। भजन संध्या में प्रसिद्ध भजन गायक महावीर सांखला ने अपने सुरों की प्रस्तुति से श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत गायक महेश चौहान ने गणेश वंदना प्रस्तुत कर की। इसके बाद महावीर सांखला ने 'हँसला रे...', 'लीलण म्हारी तेजल सिंगारे...' तथा 'रण संग्राम...' जैसे लोकप्रिय भजनों की प्रस्तुति दी, जिन पर श्रोता झूम उठे और पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। भजनों के दौरान श्रद्धालुओं ने तालियों और जयकारों से कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। इससे पूर्व कार्यक्रम में राष्ट्रीय जाट महासभा के प्रदेशाध्यक्ष धर्मेन्द्र किलक का आयोजन समिति ने साफा व माला पहनाकर अभिनंदन किया। उन्होंने अपने संबोधन में ऐसे धार्मिक आयोजनों को समाज में एकता और सांस्कृतिक परंपराओं को सुदृढ़ करने वाला बताया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि रामनिवास कुकणा, समाज सेवी पुटीया राजा रहे। आयोजन समिति के राकेश किलका ने सभी आगंतुकों, कलाकारों एवं सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में भाईचारा और धार्मिक भावना को बढ़ावा देते हैं। इस अवसर पर केशवदास स्वामी, सूर्यकांत सेन, विक्रम पूनियां, भगवान किलका, मनोज किलका टेगौर, प्रभुदयाल प्रजापत, अशोक किलका, राजवीर सिंह भानिसरिया, हड़मान सिंह, राकेश किलका, सुनील टेलर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## झुंझुनूं में अधिवक्ताओं का सम्मान, लोक अदालत में उत्कृष्ट कार्य पर सराहना

जयपुर टाइम्स



**झुंझुनूं(निस)।** जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग झुंझुनूं व जिला अभिभाषक संस्था के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को सूचना केंद्र सभागार में लोक अदालत में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिवक्ताओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्री काउंसलिंग के दौरान मामलों के निपटारे में बेहतरीन योगदान देने पर अधिवक्ता रजत आबूसरिया एवं अधिवक्ता नवीन सैनी को सम्मानित किया गया। आयोग अध्यक्ष मनोज कुमार मील ने अपने उद्बोधन में कहा कि अधिवक्ताओं के सहयोग से ही झुंझुनूं जिला लोक अदालत प्रकरणों के निस्तारण में प्रदेशभर में शीर्ष स्थान पर रहा है। उन्होंने कहा कि न्याय व्यवस्था को प्रभावी बनाने में अधिवक्ताओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में शिक्षाविद व समाजसेवी डॉ. घासीराम वर्मा ने कहा कि अधिवक्ता अपने उत्कृष्ट कार्य के माध्यम से समाज के सर्वांगीण विकास में निरंतर योगदान देते रहें। जिला अभिभाषक संस्था अध्यक्ष रतन मोरवाल ने आयोग के कार्यों की सराहना करते हुए अधिवक्ताओं की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में जिला जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु सिंह व समाजसेवी विजय गोपाल मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता योगेंद्र शर्मा ने किया। इस अवसर पर अधिवक्ता डीपी वर्मा, कमल शर्मा, फूलचंद सैनी, बजरंग लाल, मुकेश कुमार सिंह, लक्ष्मी चौधरी, लक्ष्मीकांत, मंजू, सुनील सेवदा, ओमप्रकाश सैनी, तेजवीर, विजेन्द्र बिश्शू, करण, मौहम्मद आमिर, अमजत अली, आरती कुमावत, मुकुल, स्वीटी चौहान सहित अनेक अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## किसानों को कम लागत में अधिक पैदावार के बताएं टिप्स

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** शहर के जाट विकास संस्थान में सरकारी संस्था नेशनल फर्टिलाइजर लिमिटेड की ओर से एक दिवसीय किसान जागरूकता प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को आधुनिक खेती के तरीके अपनाने और कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त करने के गुर सिखाएं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ कैलाश चौधरी ने चूरू जिले के किसानों को महत्वपूर्ण सलाह दी। उन्होंने कहा कि कॉटन की बुआई मई माह से पहले न करें। क्योंकि समय से पहले बुआई करने पर फसल में रोगों का खतरा बढ़ जाता है। जिससे उत्पादन प्रभावित हो सकता है। सहायक निदेशक कुलदीप शर्मा ने किसानों को वर्तमान में खराब मौसम को देखते हुए अपनी फसलों की जल्द कटाई करने की सलाह दी। ताकि ओलावृष्टि से होने वाले नुकसान से बचा जा सके। एनएफएल के मैनेजर श्योजीराम शर्मा, नीरज बैदी, लखवीर सोलंकी, कृषि विज्ञान केंद्र के डॉ वीके सैनी और मंजीत चौधरी सहित अन्य वक्ताओं ने भी किसानों को संतुलित उर्वरक उपयोग और वैज्ञानिक पद्धतियों से खेती करने के लिए प्रोत्साहित किया। एनएफएल के मैनेजर श्योजीराम शर्मा ने बताया कि चूरू जिले में यूरिया और डीएपी जैसे उर्वरकों की कोई कमी नहीं है। उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि वह एक साथ अधिक मात्रा में खाद खरीदने के बजाय अपनी आवश्यकतानुसार ही उर्वरक खरीदें और उपयोग करें। ताकि किसी भी प्रकार की समस्या से बचा जा सके। इस अवसर पर ताराचंद सारण, रेवंतराम बेनीवाल, हीरालाल बेनीवाल, मांगीलाल, प्रकाश कड़वासरा, सुभाष विश्नोई, पवन पांडिया, दलजीत बामल, राजकुमार श्योरान, मोहनलाल बाना सहित अनेक किसान उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन महावीर सहू ने किया।

## भगवद प्राप्ति पर सांसारिक वस्तुओं की जरूरत नहीं

जयपुर टाइम्स



**रतनगढ़(निस)।** तहसील के गांव छोटड़िया की श्रीकरणी गोरख गौशाला संस्थान प्रांगण में चल रही सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के चौथे दिन गुरुवार को कथा वाचक भोले बाबा ने देवहूति व ध्रुव चरित्र के प्रसंगों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यदि हम किसी के प्रति आशक्त होते हैं, तो हमारी भगवान की भक्ति से दूरी होने लग जाती है। लेकिन जब हम भगवान को प्राप्त कर लेते हैं, तो फिर अन्य किसी सांसारिक वस्तु की आवश्यकता नहीं होती। ध्रुव प्रसंग पर बोलते हुए कहा कि भगवान भक्त की पुकार पर दौड़े चले आते हैं और उनके सभी कष्टों को हर लेते हैं। इस दौरान भक्त ध्रुव की झांकी भी सजाई गई। कथा के प्रारंभ में मुख्य यजमान पैपादेवी पूर्णाराम नाई ने व्यासपीठ की पूजा अर्चना की। आयोजन समिति की ओर से राजस्थान ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष केसरीचंद शर्मा सहित उपस्थित अतिथियों का स्वागत भी किया गया। कथा में जयचंदलाल शर्मा, कल्याणसिंह शेखावत, प्रहलाददान चारण, रामस्वरूप शर्मा, छगनलाल सुथार, मोलकचंद सुथार, राजकुमार जांगिड़, गोपालदान, धर्मचंद सुथार, मेघाराम मेघवाल, कमल नागौरी, जेठाराम सुथार, झाबरमल जोशी सहित काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। इससे पहले सुबह नित्य स्तुति व प्रार्थना का आयोजन हुआ और प्रभात फेरी निकाली गई। वहीं बुधवार की रात आयोजित नानी बाई का मायरा की कथा में संत विद्यासागर महाराज ने भक्त नरसी के प्रसंगों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जब हम सब कुछ भगवान को अर्पण कर देते हैं, तो भगवान भी भक्त की पुकार पर चले आते हैं। लेकिन भगवान के प्रति अटूट विश्वास श्रद्धा होना जरूरी है। वर्तमान में भक्ति में आडंबर ज्यादा हो रहा है और यही कारण है कि हम भगवान से दूर होते जा रहे हैं। इस अवसर पर काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## चूरू में 22 से 23 मार्च को लगेगा निशुल्क दिव्यांग सहायता शिविर

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला मुख्यालय पर 22 मार्च से 23 मार्च को दो दिवसीय निशुल्क दिव्यांग सहायता शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर अग्रसेन नगर स्थित सामुदायिक केंद्र में लगाया जायेगा। कार्यक्रम को लेकर गुरुवार को बाबोसा होटल में प्रेस वार्ता आयोजित की गई। शिविर को लेकर श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति जयपुर के भूपेंद्र राज मेहता ने जानकारी देते हुए बताया कि यह शिविर चूरू के सेवा समर्पण फाउंडेशन की ओर से लगाया जा रहा है। फाउंडेशन के जिलाध्यक्ष नरेंद्र सैनी ने बताया कि शिविर में दिव्यांगजनों को उनकी आवश्यकता अनुसार कृत्रिम पैर, हाथ, कैलिपर, ट्राई साइकिल, व्हीलचेयर, बैसाखी, कान की मशीन सहित अन्य सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे। शिविर के दौरान विशेषज्ञों की टीम की ओर से दिव्यांगजनों की जांच कर उन्हें उपयुक्त उपकरण प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि शिविर में आने वाले लाभार्थियों को अपने साथ आधार कार्ड, यूडीआईडी कार्ड तथा अन्य आवश्यक पहचान-पत्र साथ लाना अनिवार्य है। शिविर के सफल संचालन के लिए आयोजन स्थल पर अस्थायी वर्कशॉप की व्यवस्था भी की जाएगी, जहां उपकरणों की फिटिंग और अन्य आवश्यक कार्य किए जाएंगे। आयोजन समिति ने क्षेत्र के दिव्यांगजनों से आग्रह किया कि वे इस निशुल्क शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। सैनी ने बताया कि 100 से अधिक दिव्यांगों का रजिस्ट्रेशन हो चुका है। इस अवसर पर शिविर के पोस्टर का विमोचन किया गया। इस अवसर पर भंवरलाल गौड, महावीर सिंह खारिया, कमल काछवाल, विमल काछवाल, किशोर न्याय बोर्ड सदस्य ताराचंद जमालपुरिया, राजेश सैनी, विमल भटनाकर, कैप्टन किशन शर्मा, अग्रसेन नगर समग्र विकास समिति के अध्यक्ष वैद्य बनवारीलाल शर्मा सहित फाउंडेशन के अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## टीम हारे का सहारा को मिला जिला स्तरीय सम्मान

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** पीड़ित मानवता की सेवा के लिए कार्य करने वाली टीम हारे का सहारा को सरदारशहर में बुधवार को आयोजित मायड़ भूमि गौरव सम्मान समारोह 2026 में जिला स्तरीय सम्मान प्रदान किया गया। दुर्घटना ग्रस्त लोगो की हर संभव सहायता, रक्तदान, अज्ञात शवों का अंतिम संस्कार तथा स्वास्थ्य क्षेत्र मे बेहतरीन निस्वार्थ कार्य करने के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि भामाशाह विकास मालू, सरदारशहर विधायक अनिल शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी संतोष महर्षि, पालिका अध्यक्ष राजकरण चैधरी ने टीम संयोजक श्याम स्वर्णकार, दामोदर शर्मा लोढ़सर, भागीरथ जाट कोलासर, सुरेंद्र सिंह राठौड़ को सम्मानित किया।

# युवतियों ने घर- घर जाकर निकाली गणगौर की बिंदोरी

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** राजस्थानी गणगौर उत्सव से सरदारशहर में धार्मिक माहौल बना हुआ है। गणगौर पूजन करने वाली नवविवाहिताओं ने गणगौर स्वरूप शिव-पार्वती की पूजा की एवं घर पर बने पवित्र प्रसाद का भोग लगाया। राजस्थानी गीतों की मधुर आवाज के साथ गणगौर के बिंदोरे निकाले। दोपहर के बाद महिला व कन्याओं ने एकत्रित होकर पहले गणगौर के पूजा की एवं बाद में लोक नृत्य करके खुशियां मनाई। महिलाओं ने गौरी पूजन के बाद ईसर-गौर का भेष धारण करके घूमर किया। गणगौर प्रतिमाओं को पानी पिलाने, भोग अर्पित कर बासा देने की परम्परा का निर्वहन किया गया। सरदारशहर के वार्ड 14 स्थित गणगौर पूजन करने वाली नव विवाहिता प्रियंका जांगिड़ ने काजल, बिंदी, दूब, मोली, काजल, मेहंदी से गणगौर प्रतिमाओं का भव्य श्रृंगार किया। पूजो ए पुजारन माता कायर लागु, गौर रे गणगौर माता खोल ए किंवाड़ी, ओडो छै खोडो छै घुघराएं, रानियारे माथे मोर आदि तरह तरह के राजस्थानी गीत गाएं। शाम को ईसर-गौर प्रतिमाएं सिर पर रखकर समूह में गीत गाती हुई बिन्दौळे निकाले। एक घर पर बिन्दौळे के बाद दूसरे रोज प्रतिमाएं अन्य घर जाती हैं। यह सिलसिला 21 मार्च तक चलेगा। पूजा करने वाली पूनम राजपूत ने बताया कि गणगौर की पूजा में गाएं जाने वाले लोकगीत इस अनूठे पर्व की आत्मा है। इस पर्व में गणगौर और ईसर की बड़ी बहन और जीजाजी के रूप में गीतों के माध्यम से पूजा होती है तथा उन गीतों के बाद अपने परिजनों के नाम लिए जाते हैं। राजस्थान में गणगौर पूजन एक आवश्यक वैवाहिक रस्म के रूप में भी प्रचलित है। 21 मार्च को अंतिम दिन शाम को गणगौर की भव्य सवारी निकाली जाएगी। इस अवसर पर प्रियंका जांगिड़, आशा जांगिड़, कुमकुम जांगिड़, खुशबू प्रजापत, परी प्रजापत, मीनू राजपूत, संतोष राजपूत, पूनम राजपूत, आरती राजपूत, कोमल प्रजापत, पिंटू जांगिड़, ममता प्रजापत आदि उपस्थित रही।